सुप्रभात
रांची, सोमवार
15.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 271

12 मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब : राहुल

## न्यूज डायरी

### मनोज तिवारी के खिलाफ कांग्रेस से कन्हैया कुमार

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 10 उम्मीदवारों की एक और सूची रविवार को जारी की। कन्हैया कुमार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उतारा है। वह भाजपा के मनोज तिवारी को चुनौती देंगे।

### ईरान ने इजरायल पर दागी 146 मिसाइलें

**यरूशलम।** ईरान ने इजरायल पर 185 ड्रोन, 36 क्रूज मिसाइलें और 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी हैं। ईरान ने दमिश्क में अपने दूतावास से सटे कांसुलर एनेक्सी भवन पर इजरायल के हमले के जवाब में यह हमला किया। इजरायल ने दावा किया कि उसने सभी ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया। वह भी निर्णायक प्रतिक्रिया की तैयारी में है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90000 रु./प्रति किलो |




## युवा, महिला, गरीब और किसानों को सशक्त बनाने का भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

# जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको हमने पूजा : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए रविवार को अपना संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 को जारी किया । देश में गरीब कल्याण योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के रोडमैप को विस्तार दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा, जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जायेगी। पीएम मोदी ने आगामी पांच साल में विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों - युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाने के संकल्प व्यक्त किया। पार्टी देश को विकसित भारत बनाने के लिए कृत संकल्प है। घोषणापत्र मोदी की गारंटी संकल्प पत्र कहा कि अगले पांच वर्षों में सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए, हम और भी तेजी से प्रगति करेंगे। पार्टी ने वादा किया है कि वह पूरे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। 'संकल्प पत्र' विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों - युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)




### बिरसा मुंडा का जिक्र

श्री मोदी ने कहा, आदिवासी समाज के योगदान को पहचानते हुए हमने देश में जातीय गौरव दिवस मनाने का फैसला किया। अगले वर्ष 2025 में हम राष्ट्रीय स्तर पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनायेंगे, जिससे जनजातीय गौरव अभियान को और गति मिलेगी। सात सौ से अधिक एकलव्य विद्यालयों के निर्माण के लक्ष्य को भी तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा।

### संकल्प पत्र की प्रमुख बातें

युवाओं को रोजगार की गारंटी। 2036 में ओलंपिक की मेजबानी। 3 करोड़ लखपति दीदी। महिला आरक्षण लागू होगा। कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा। मछुआरों के लिए विशेष योजना। ओबीसी, एससी-एसटी को हर क्षेत्र में सम्मान। अयोध्या का और विकास करेंगे। विश्वभर में रामायण उत्सव मनाया जायेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई होगी। भारतीय न्याय संहिता लागू होगी। वन नेशन, वन इलेक्शन लागू होगा। यूनिफॉर्म सिविल कोड प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। गरीबों के लिए तीन करोड़ और घर बनायेंगे। पाइप से सस्ती रसोई गैस की आपूर्ति होगी। 50 हजार कर्ज की लिमिट को बढ़ाया जायेगा। साथ ही 70 वर्ष से ज्यादा आयु वाले बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जायेगा, उन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगा। अगले पांच वर्षों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन देना जारी रखा जायेगा। करोड़ों परिवारों के बिजली बिल जीरो करने के लिए काम करने का भी वादा किया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर तेजी से काम किया जायेगा। ट्रांसजेंडर को भी आयुष्मान योजना से जोड़ा जायेगा। मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए कम दर में आवास, सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं, अच्छी शिक्षा और रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के मौके देंगे। बुलेट ट्रेन की सौगात देंगे। 6जी टेक्नोलॉजी को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का वादा किया है। श्री अन्न पैदा करने वाले 2 करोड़ से ज्यादा छोटे किसानों को विशेष लाभ देंगे।

## पहले चरण की सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा व पलामू में चुनाव 13 मई को

# झारखंड की चार सीटों पर नामांकन 18 से

### उम्मीदवारों का जनसंपर्क तेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों के लिए चार चरणों में होनेवाले चुनाव के लिए पहले चरण में चार सीटों के लिए नामांकन 18 से शुरू होगा। ये चार सीटें हैं सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू। इन सीटों पर 13 मई को वोट डालें जायेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल तक और वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में लगातार प्रचार अभियान में जुट गये हैं। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। एनडीए ने सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में कब-कब चुनाव

**13 मई पहला चरण :** सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू। **20 मई दूसरा चरण :** चतरा, कोडरमा और हजारीबाग। **25 मई तीसरा चरण :** गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर। **एक जून चौथा चरण :** राजमहल, दुमका और गोड्डा। मतगणना 4 जून को होगी।

## सरबजीत के हत्यारे की लाहौर में गोली मार कर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में हमला किया। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। अफजल गुरु को फांसी की सजा दिए जाने के बाद तांबा ने जेल में सरबजीत पर हमला कर दिया था, जिसके कुछ दिन बाद उनकी मौत हो गयी थी।।

## झारखंड में बनेगा भाड़ा नियंत्रण ट्रिब्यूनल

### मकान मालिक और किरायेदारों के विवादों का निपटारा होगा आसान

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में मकान मालिक और किरायेदारों के बीच के विवादों का निष्पादन अब काफी आसान होगा। सरकारी कार्यालयों का वर्षों चक्कर लगाने के लिए अब जूते-चप्पल नहीं घीसने होंगे। झारखंड में मकान मालिक और किरायेदारों के बीच उत्पन्न विवादों का निपटारा अब ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) करेगा।

इसके लिए भाड़ा नियंत्रण अधिकरण का गठन किया जायेगा। हाईकोर्ट की सलाह पर जिला न्यायाधीश को इस अधिकरण का अध्यक्ष बनाया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार झारखंड भवन पट्टा, किराया और बेदखली विधेयक का जल्द ही ड्राफ्ट तैयार करेगी। हालांकि इस विधेयक पर बीते दो सालों से काम चल रहा था। इस विधेयक को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूबे में आचार संहिता के खत्म होने के साथ ही इस विधेयक को विभागों ने गुजरते हुए कैबिनेट में जायेगा और सरकार की मुहर लगेगी।

#### उच्चस्तरीय कमेटी गठित

विधेयक का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

## राजधानी में स्कूटी से 11.06 लाख बरामद

**रांची।** लालपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान प्लाजा चौक के समीप से रविवार को एक स्कूटी से 11.06 लाख रुपया बरामद किया है। स्कूटी सवार को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। युवक ने बताया कि यह पैसा पंडरा के दाल व्यवसायी एस अग्रवाल का है। श्री अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उक्त राशि खूंटी से वसूल कर लाया गया था, जिसे बैंक में जमा नहीं कर पाया है। उसका कर्मचारी उक्त राशि लेकर घर आ रहा था। राशि का पूरा ब्योरा उनके पास है। आयकर विभाग की टीम भी पूरे मामले की पड़ताल में जुट गयी है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## सिंहभूम सीट से झामुमो प्रत्याशी बदले जाने की राजनीतिक महकमों में चर्चा गरम

# हॉट सीट सिंहभूम में दो महिला दिग्गज का लगा है दावं, हो जाति के प्रत्याशियों की हो रही है मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो के प्रत्याशी बदलने की भी चर्चा गर्म हो रही है। वर्तमान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन तक झामुमो प्रत्याशी के बदले की बात पहुंच गयी है। हालांकि, जेएमएम कोटे से जोबा मांझी को उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व में वह क्षेत्र कांग्रेस का रहा था। कोल्हान सीट को लेकर इंडी गठबंधन में शुरू से ही रार चल रहा है। ऐसे में प्रत्याशी बदलने की भी चर्चा हो रही है। पार्टी के विधायकों का मानना है कि सभी विधायक पार्टी उम्मीदवार के लिए काम करेंगे लेकिन, झामुमो कार्यकर्ताओं का मानना है कि चुनाव में किसी भी **हो** समुदाय के प्रत्याशी को पार्टी चुनाव में उतारती, तो सीट आसानी से निकाला जा सकता था। पार्टी के विधायकों की मानें, तो प्रत्याशी बदलने के मामले में अगले एक-दो दिनों में फैसला हो सकता है।





### प. सिंहभूम में 13 मई को डाले जायेंगे वोट

कोल्हान की दो लोकसभा सीटों में से एक सिंहभूम लोकसभा हॉट सीट इसलिए हो गया है, क्योंकि यहां दो महिला दिग्गजों के बीच महामुकाबला है। सिंहभूम लोकसभा के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनावी अखाड़े में दो महिला उम्मीदवार खड़ी हैं। भाजपा ने निवर्तमान सांसद गीता कोड़ा को चुनाव में उतारा है, वहीं इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो ने हेमंत सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं जोबा मांझी पर दांव खेला है। दो महिला उम्मीदवारों के बीच महामुकाबला की वजह से सिंहभूम सीट राज्य भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों महिला उम्मीदवार अपने पति की राजनीतिक विरासत बचाने में जुटी हैं। दोनों उम्मीदवार अपनी-अपनी विधानसभा सीटों पर भी मजबूत पकड़ रखती हैं। सियासी-सामाजिक पकड़ की बात करें, तो झामुमो की जमीनी पकड़ भाजपा से बेहतर नजर आती है। इसका कारण है चाईबासा की सभी छह विधानसभा सीटों पर झामुमो-कांग्रेस का एकतरफा कब्जा है।

**हो बहुल लोकसभा क्षेत्र में झामुमो ने खड़ा किया संथाल प्रत्याशी :** सिंहभूम लोकसभा सीट पर 2019 की मोदी लहर में भी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गीता कोड़ा ने जीत का परचम लहराया था। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने इस बार कांग्रेस छोड़ कमल का दामन थाम लिया है। भाजपा ने गीता कोड़ा को ही सिंहभूम से टिकट देकर चुनाव में उतारा है। गीता हो जनजाति से आती हैं, सिंहभूम लोकसभा सीट **हो** बहुल है। राजनीतिक विशेषज्ञ का दावा है कि जगन्नाथपुर विधानसभा में मधु कोड़ा की पकड़ मजबूत है, लेकिन उनके सामने इस संभावित लीड को सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा में बनाये रखने की चुनौती होगी।

**जोबा मांझी को है संगठन पर भरोसा :** सिंहभूम लोकसभा सीट से 1991 में झामुमो के कृष्णा मार्डी ने संथाल होते हुए भी हो बहुल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। इसके बाद हुए चुनाव में झामुमो लोकसभा सीट नहीं जीत सकी। वहीं पिछले दो दशकों से चुनाव में गठबंधन की राजनीति में सिंहभूम सीट सहयोगी दलों के खाते में चले जाने की वजह से झामुमो लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं कर पाता था। 2019 के विधानसभा चुनाव में सिंहभूम लोकसभा की सभी 6 विधानसभा सीटें इंडिया गठबंधन ने जीत ली थी। झामुमो के कब्जे में पांच सीटें सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर है। वहीं जगन्नाथपुर सीट कांग्रेस के कब्जे में है। भाजपा गठबंधन के पास विधानसभा की सीटें नहीं है। ऐसे में जोबा मांझी की सिंहभूम लोकसभा सीट पर संथाल होते हुए दावेदारी को कमजोर नहीं आंका जा सकता। संयुक्त बिहार और झारखंड सरकार में कई बार मंत्री रह चुकीं जोबा मांझी वर्ष 1995 से लेकर 2019 तक के विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक बार 2009 में ही हारी हैं। 1995, 2000, 2005, 2014 और 2019 में वह मनोहरपुर विधानसभा से लगातार चुनाव जीतती रही हैं।

# महिला जनप्रतिनिधि पर हमला कर रहे झामुमो के गुंडे : बाबूलाल मरांडी

### गीता कोड़ा पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गीता कोड़ा पर हुए हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अपनी हार की निश्चितता देख कर झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गीता कोड़ा और उनकी सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान जो कायराना हमला किया है, उसकी जितनी निंदा की जाय कम हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे हैं और इसी कुंठा में भाजपा नेताओं पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा का दावा करने वाली झामुमो की सरकार के गुंडे जब महिला जनप्रतिनिधि पर हमला करते हुये नहीं डर रहे हैं तो सोचिये कि राज्य में जनता की क्या हालत होगी। उन्होंने कहा कि ये हमला सिर्फ गीता कोड़ा पर ही नहीं बल्कि सिंहभूम की जनता पर भी है। जो गीता कोड़ा जी को अपना नेता मान चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस भी इन उपद्रवियों को रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से आग्रह करूंगा कि इस हमले पर संज्ञान ले और तुरंत करवाई करें।

## विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगा भाजपा का संकल्प पत्र : सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र भारत की आकांक्षाओं, सपनों और जरूरत को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर तैयार हुए इस संकल्प पत्र में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें कई ऐसी बातें हैं, जिससे सीधा झारखंड का कनेक्शन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पर्यटन और होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके अलावे पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कड़ा कानून बनाने से उन युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा, जो अपने भविष्य के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। यह संकल्प पत्र युवाओं के मनोबल को भी बढ़ायेगी।

## कल्पना सोरेन ने बाबा साहेब को किया याद



**रांची।** झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने और उसके लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## खबर एक नजर में

### जगुआर एसॉल्ट ग्रुप करायेगा लोस चुनाव

**रांची।** लोकसभा 2024 के मद्देनजर झारखंड पुलिस एक्टिव हो गयी है। झारखंड पुलिस ने चुनाव में जवानों की प्रतिनियुक्ति की कवायद भी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में रविवार को आइजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने झारखंड जगुआर परिसर में अधिकारियों और जवानों को ब्रीफिंग की। अमोल वेणुकांत होमकर ने जगुआर के सभी एसॉल्ट ग्रुपों, पदाधिकारियों एवं बम निरोधक दस्ते के साथ बैठक कर जवानों को लोकसभा चुनाव भयमुक्त, निष्पक्ष, बिना जान माल की क्षति के सुचारू रूप से मतदान कराने का दिशा-निर्देश जारी किया। बैठक में जगुआर के डीआइजी इंद्रजीत महथा भी मौजूद थे।

### लोकतंत्र को किया जा रहा कमजोर : मिथिलेश

**रांची।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जयंती पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रांची के डोरंडा स्थित पुराने हाईकोर्ट के समीप उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भारत का संविधान पूरी दुनिया में अनूठा है। इस संविधान में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित अन्य धर्म के लोगों को एक समान अधिकार दिया गया है। ठाकुर ने कहा कि हम सभी को इस संविधान को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेना चाहिए। हमें समतामूलक समाज की ओर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र को कमजोर करने में कुछ ताकतें दिन रात लगी हुई हैं, उन्हें हमें जवाब देना है। मौके पर समनूर मंसूरी, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, डा. हेमलाल कु मेहता, अफरोज अंसारी, संजय राय, फरीद खान, परवेज आलम, सोनू मुंडा, संगठन सचिव रमजान रजा, पुष्पा वर्धवा, सुषमा वर्धवा, प्रदीप मिर्धा, असद टिंकू, राकेश वर्मा, अतिकुर रहमान, फिरोज, मो नौसाद आलम, परवेज अख़्तर, अमन खान, राजेश, सोनू, प्रिंस सहित अन्य उपस्थित थे।

### शोषितों, वंचितों को उनका हक और अधिकार मिले यह हमारी प्राथमिकता : सुदेश महतो



**रांची।** बाबा साहब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहब ने समाज में वर्ग के विभाजन को तोड़ सबको संविधान में समान अधिकार दिया है। आज पुनः उनके कथन और मार्गदर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। शोषितों, वंचितों को उनका हक व अधिकार मिले यह हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अंबेडकर पार्क, सिल्ली स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कही। इसके बाद अंबेडकर ग्राम विकास समिति, सिल्ली द्वारा आयोजित जयंती महोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि आज देश के लिए बाबा साहब के सपनों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है। संविधान निर्माण व समाज सुधार में उनके द्वारा किए गए प्रयासों को कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से डॉ. अंबेडकर के आदर्शों से सीख लेकर आगे बढ़ने का आहवाान किया।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले जायेंगे जेल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रामनवमी को लेकर झारखंड पुलिस ने मुकम्मल व्यवस्था कर ली है। रामनवमी के दौरान सोशल मीडिया पर यदि किसी प्रकार की अफवाह या उस व्यक्ति के द्वारा सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न होता है तो उसे सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। झारखंड पुलिस ने इस मामले में एक गाइडलाइन तैयार किया है। जारी गाइडलाइन में सोशल मीडिया पर पोस्ट की जांच करें और फिर उन पर विश्वास करें।

**जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल :** रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा, इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है।

क्या है गाइडलाइंस

- कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। आपत्तिजनक मैसेज आने पर पुलिस को सूचित करें
- मैसेज को बिना सत्यापन के फॉरवर्ड न करें। सावधानी बरतें

**हाईटेक है सोशल मीडिया सेल :** सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाईटेक है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिए साइबर टीम को दे दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है। इसके लिये एसपी, डीएसपी, इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**सत्यापन के लिए पुलिस को करें कॉल :** झारखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर जिलों के डीसी और एसपी को एक दर्जन से अधिक निर्देश जारी किये गये हैं। उनसे शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए गये हैं।

**अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें :** आईजी अमोल होमकर के मुताबिक, समाज में अफवाह फैलाने के लिए कई तरह के मैसेज फैलाए जाते हैं। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अपने स्थानीय थाने में फोन कर इसकी जानकारी दें, सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें और पुलिस से पूछें कि क्या यह जानकारी सही है।

## 360 डिग्री की तरह पूरा गोल है बीजेपी का घोषणा पत्र : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो पार्टी कार्यालय में रविवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता कर कहा कि अब पॉलिटिकल पार्टी की अवधारणा को समाप्त किया जा रहा है। अब पार्टी के संकल्प पत्र को बीजेपी के द्वारा मोदी की गारंटी बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का घोषणा पत्र नहीं है। इसमें 24 इनटू 7 की बात कही गयी है, जबकि 360 डिग्री की तरह भाजपा का घोषणा पत्र गोल है। जिसका मतलब है तुम हमसे कुछ मत पूछो जो करना है हम करेंगे। फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर का मालिक अंबानी और अडानी, देश और प्रकृति की सुरक्षा नारी सम्मान सब है, लेकिन कहां गया मणिपुर, किसान मरते हैं और मोदी बोलते हैं। मेरे लिए मरा है क्या। उन्होंने आगे कहा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर कैसे किया जाएगा आदिवासियों का सम्मान, जहां राष्ट्रपति का ही अपमान हो रहा हो। सुप्रियो ने कहा भाजपा के लोग प्रधानमंत्री के आगे नतमस्तक हैं, क्यूंकि उनका स्पाइनल कोड ही नहीं है। लेकिन जनता अब नतमस्तक नहीं होगी, क्योंकि इनके घोषणा पत्र में मणिपुर, शिक्षा और रोजगार की बात कहीं नहीं की गयी है।

## संविधान बदलने का दस्तावेज है बीजेपी का संकल्प पत्र : राजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के संकल्प पत्र को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संविधान बदलो पत्र, का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र एक छलावे के समान है। यह जनता के हितों के लिए संकल्प पत्र नहीं बल्कि देश के संविधान को बदलने के लिए भाजपा द्वारा लिया गये संकल्प का दस्तावेज है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रपंच और प्रोपेगेंडा भाजपा की चुनावी रणनीति का एक हिस्सा है जो वह पिछले 10 सालों से जनता के साथ करते आ रही हैं परंतु जनता इस बार उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेकर प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर से आदिवासी समुदाय को ठगने की कोशिश की है। सबसे पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि विधानसभा से पारित सरना धर्म कोड की मांगों के बारे में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। आदिवासी मुख्यमंत्री का जेल भेजकर पीएम के मुंह से आदिवासी हित की बात करना शोभा नहीं देता। राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की जनता के हितों के लिए भाजपा कितनी सजग है। यह इससे पता चलता है कि उनके इस पूरे घोषणा पत्र मे जुमलेबाजी के सभी शब्द शामिल है सिवाय मंहगाई एवं बेरोजगारी को छोड़कर। उन्होंने कहा कि जनहित में भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा है।

# केंद्र सरकार ने झारखंड के एनएच से दिया अतिक्रमण हटाने का निर्देश

खबर मन्त्र यूरो

**रांची।** झारखंड समेत देश के सभी राज्यों को केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे में किए गये अतिक्रमणों को हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय की ओर से यह कहा गया है कि एनएच पर अवैध तरीके से किए गये अतिक्रमण को हटाने के लिए उचित कार्रवाई करें। केंद्र ने इसके लिए कंट्रोल ऑफ नेशनल हाईवे लैंड एंड ट्रैफिक एक्ट 2002 के धाराओं का प्रयोग करते हुए कार्रवाई करने को कहा है।

इसे लेकर झारखंड के एनएच के आरओ, परियोजना निदेशक, चीफ इंजीनियर एनएच सहित सभी इंजीनियरों को पत्र लिखा है। इसमें लिखा गया है कि केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे पर लगातार निरीक्षण करने को कहा है। इस दौरान किए गये अतिक्रमण सहित सड़क निर्माण कार्य और रख-रखाव का भी नियमित अनुश्रवण करने को कहा है। इसके लिए मुख्यालय के अधिकारियों सहित सभी फील्ड के अफसर-इंजीनियरों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गये हैं। मंत्रालय ने सड़कों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने का निर्देश दिया है।

**बना देते हैं अस्थायी दुकान :** बताते चलें कि नेशनल हाईवे में अक्सर यह देखा जाता है कि अतिक्रमणकारी सड़कों का अतिक्रमण कर अस्थायी रूप से दुकान का निर्माण कर लेते हैं। कई जगहों पर तो लोग सड़क किनारे बस भी जाते हैं, जबकि यह हाईवे की जमीन होती है। सड़क किनारे अतिक्रमण होने से वाहनों क आवागमन में भी परेशानी होती है। खास-तौर से शहरों से सटे एनएच में अधिक दिक्कत होती है।

### दांव पर लगी लोकसभा की तीन सीटों पर इंडिया और एनडीए की प्रतिष्ठा

**रांची।** राज्य की तीन लोकसभा सीटों पर इंडिया और एनडीए की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। राजनीति के खिलाड़ियों का मानना है कि खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम एसटी रिजर्व सीट के अंतर्गत पड़ने वाले सभी एसटी विधानसभा सीटों पर महागठबंधन का पलड़ा भारी है। 2019 में लोहरदगा और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले एसटी आरक्षित विधानसभा सीटों पर भाजपा का खाता भी नहीं खुल पाया था। वहीं खूंटी लोकसभा क्षेत्र की दो विधानसभा सीट तोरपा और खूंटी में ही भाजपा की जीत हो पाई थी। तब झामुमो और कांग्रेस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 16 एसटी विधानसभा सीट में से क्रमशः 9 और 5 सीटें जीती थी। एसटी रिजर्व लोकसभा सीट सिंहभूम में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, कोड़ा दंपती के साथ साथ झामुमो के सिंहभूम सीट से आनेवाले विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 में मामूली वोट से जीत पाए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के ऊपर भी खूंटी लोकसभा सीट से जीत दर्ज करने का दवाब है। इसी तरह का दवाब नीलकंठ सिंह मुंडा के ऊपर है।लोहरदगा लोकसभा सीट पर इंडी की जीत हो, इसका दवाब रामेश्वर उरांव पर भी होगा, जो लोहरदगा से विधायक होकर राज्य के वित्तमंत्री हैं।

## अंबेडकर के सपनों का देश गढ़ने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं पीएम मोदी : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर देश के लिये सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सबों के लिये सदा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

वहीं, प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने बाबा साहब डॉ डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं, महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनायें झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होंने बाबा साहब की ऊंचाई को समझते हुये आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपनों का देश गढ़ने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं एवं उनके कार्यकाल आज दलित समाज जो कभी शोषित पीड़ित हुआ करता था।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। प्रदेश मुख्यालय में पुष्पांजलि करने वालों में बालमुकुंद सहाय, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, हेमंत दास, अशोक बड़ाइक, रामचंद्र नायक, राकेश भास्कर, पंकज सिन्हा, योगेंद्र लाल, राजीव लाल, मुकेश सिंह, मृत्युंजय कुमार, नवीन झा, अमिताभ धीरज, पुरुषत्तम राय, प्रिंस कुमार आदि शामिल थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में सियासी संग्राम चरम पर

# झारखंड के चुनावी महासमर में नरेंद्र मोदी बनाम हेमंत सोरेन के बीच है '10 का दांव'

### चुनावी रण में बिछी टक्कर की बिसात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में सियासी संग्राम चरम पर है। भाजपा जहां पिछले दो चुनावों के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की हैट्रिक लगाने को आतुर है, वहीं इंडिया गठबंधन इस चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। जहां भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य तय किया है, वहीं गठबंधन के दल एकजुट होकर भाजपा की महत्वाकांक्षाओं को विफल करने के लिए गोलबंदी में जुटे हैं। चुनावी रण में आमने-सामने की टक्कर की बिसात बिछ गई है। अभी के राजनीतिक परिदृश्य में पार्टियां 10 मुद्दों पर सवार होकर वार-पलटवार कर रही हैं। ये मुद्दे आगामी चुनावों के नतीजे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### सियासी दलों के विभिन्न मुद्दों पर आधारित 10 का दांव...

1 झारखंड में भाजपा प्रधानमंत्री मोदी की छवि और उनकी नीतियों, खासकर उन कल्याणकारी योजनाओं को भुनाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिनसे देश और झारखंड के लोगों को फायदा हुआ है।

2. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी महत्वपूर्ण मुद्दा बनने की ओर अग्रसर है। झामुमो गिरफ्तारी के पीछे राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए भाजपा पर हमलावार है। मुंबई और दिल्ली के बाद हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में अब रांची में उलगुलान न्याय महारैली 21 अप्रैल को झामुमो की मेजबानी में होने वाली है।

3. **बेरोजगारी :** बेरोजगारी युवाओं के लिए एक बड़ा मुद्दा रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने। कहा कि राज्य नौकरी के अवसरों के मामले में पिछड़ा हुआ है। कई प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर हुआ विवाद भी युवाओं के समक्ष पेश करने के लिए बड़ा मुद्दा है।

4. **भ्रष्टाचार :** हाल में भ्रष्टाचार की वजह से झारखंड पर देशभर की नजर रही। हेमंत सोरेन समेत राजनेताओं से पूछताछ, पूजा सिंघल और छवि रंजन जैसे आईएएस अधिकारी ईडी जांच के दायरे में आए। भाजपा मुख्य रूप से अवैध खनन और भूमि सौदों से संबंधित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गठबंधन पर जोरदार हमला करती दिख रही है। वहीं, इंडिया गठबंधन पलटवार कर रहा है कि भाजपा तथ्यहीन आरोपों से लोगों में भ्रम फैला रही है। भाजपा हेमंत सरकार बनने के दिन से इसे गिराने का षड्यंत्र रच रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि हेमंत को भाजपा ने गिरफ्तार कराया है

5. **ओबीसी आरक्षण :** झारखंड विधानसभा से पारित पदों और सेवाओं में रिक्तियों में झारखंड आरक्षण (संशोधन) अधिनियम- 2022 को भी राजभवन ने वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने सरकार को कानून की समीक्षा करने का सुझाव दिया है। बिल में ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27%, एसटी आरक्षण 26 से बढ़ाकर 28%, एससी के लिए 10 से बढ़ाकर 12% करने का प्रस्ताव था।। ईडब्ल्यूएस के लिए भी 10% आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। सरकारी नौकरियों में कुल आरक्षण 77% किया गया था। सत्ताधारी दल इस विधेयक को भी मुद्दा बनाएंगे।

6. **कानून-व्यवस्था :** झारखंड में विपक्षी दल सामूहिक बलात्कार, हत्या, लूट और जबरन वसूली के मामलों को महत्वपूर्ण मुद्दा बनाकर उभार रहा है। हाल में एक विदेशी पर्यटक से सामूहिक दुष्कर्म और पूर्व में सीपीएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या को लेकर राज्य में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार त्वरित कार्रवाई, निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों की गिरफ्तारी की बात लगातार कहती आ रही है।

7. **सरना धार्मिक कोड :** इंडिया गठबंधन कई मुद्दों को उजागर करने को तैयार है। आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड के रूप में जनगणना में 'सरना को शामिल करने की मांग है। झामुमो की नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने नवंबर 2020 में जनगणना में सरना धर्म कोड शामिल करने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा था। झामुमो ने राष्ट्रपति को पत्र भी लिखकर अलग सरना धर्म बनाने में हस्तक्षेप की मांग की है।

8. **पलायन :** झारखंड में पलायन का मुद्दा लंबे समय से चुनौती रहा है। सरकारों के लगातार प्रयास के पलायन- प्रवासन बड़े स्तर पर जारी है। लाखों मजदूर दूसरे राज्यों में आजीविका तलाशने के लिए मजबूर हैं। देश के हर कोने में झारखंड के मजदूर देखे जा सकते हैं। कई जगहों पर श्रमिकों का शोषण भी देखा जा रहा है।

9. **1932 खतियान :** 1932-खतियान आधारित स्थानीयता झारखंड के एक लिए प्रमुख मुद्दा है। विधानसभा से दो बार पारित इस विधेयक को राजभवन से अब तक मंजूरी नहीं मिलने के कारण महागठबंधन में शामिल दल राजभवन पर निशाना साधते हैं। इस चुनाव में इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन और मुखर होगा। इसके आधार पर भी वोट मांगा जाएगा।

10. **मानव तस्करी :** राज्य मानव तस्करी का शिकारगाह रहा है। हर साल यहां से हजारों नाबालिग लड़कियों की बड़े शहरों में तस्करी की जाती है। उनमें से कई को यौन शोषण व घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कई बार रिश्तेदारों की भूमिका भी देखने को मिलती है। कहीं न कहीं यह भी रोजगार से जुड़ा विषय है।

**मनोज कुमार सिन्हा, लेखक साहित्यकार और समाजसेवी हैं।**

## गुरदास चटर्जी के 24 वें शहादत दिवस पर उमड़ा जन सैलाब

# दलितों व पीड़ितों की बुलंद आवाज थे गुरदास : अरूप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन/कुमारधुबी।** मासस नेता और पूर्व विधायक गुरदास चटर्जी के 24 वें शहादत दिवस पर रविवार को निरसा से कार्यकताओं ने विशाल रैली निकाली जो जीटी रोड के किनारे देवली में जाकर श्राद्धाजंलि सभा में तब्दील हो गयी। सुबह से ही उनके पार्टी के समर्थकों तथा नेताओं का जगह-जगह पर शहीद कामरेड गुरदास चटर्जी के फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम चला। विगत 24 वर्ष पूर्व आज ही के दिन धनबाद से निरसा आने के क्रम में उनकी हत्या कर दी गई थी जो उस समय का एक बहुत बड़ा राजनीतिक हत्या माना जा रहा था। हर वर्ष मासस परिवार अपने समर्थकों के साथ शहादत स्थल देवली पहुंचकर उनका श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करता है । इस वर्ष भी हजारों की संख्या में उनके समर्थक पूरे जिले से शहादत स्थल देवली में जमा हुए।

इससे पूर्व मासस नेता शहीद गुरदास चटर्जी के 24 वां बलिदान दिवस पर देवली में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में निरसा से हजारों की संख्या में लोग पूर्व विधायक अरूप चटर्जी एवं उनकी धर्मपत्नी आनंदिता चटर्जी के नेतृत्व में बाइक जुलूस एवं चारपहिया वाहन से देवली पहुंचे। निरसा के विभिन्न क्षेत्रों से पार्टी के कार्यकर्ता एवं गुरदास चटर्जी के समर्थक पहले निरसा स्थित पार्टी कार्यालय के समक्ष पहुंचे तथा वहां से मोटरसाइकिल, चारपहिया वाहन से जुलूस के रूप में देवली के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर कार्यकताओं द्वारा गुरदास चटर्जी हम तुम्हें नहीं भूलें है और ना भूलेंगे, गुरदास चटर्जी अमर रहे आदि का नारा लगाया जा रहा था। इस अवसर पर मासस केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि मासस अपने स्थापना काल से ही गरीब गुरुवों, दलित, पीड़ित, शोषित, मजदूर, किसान की आवाज को बुलंद करते आ रही है। साथ ही माफिया तत्वों एवं सूदखोरों भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार आंदोलन करती आ रही है। जिसके कारण हमारे पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं ने अपना बलिदान दिया है। गुरदास चटर्जी भी मजदूरों के बड़ी लड़ाई की रणनीति बनाकर लौट रहे थे कि देवली के समीप माफिया तत्वों ने उन पर हमला कर उनकी जान ले ली। भले ही गुरदास चटर्जी हमारे बीच नहीं है। परंतु उनकी लड़ाई को पार्टी आज भी लड़ रही है और लड़ती रहेगी। शोषण, जुल्म, अत्याचार एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। चाहे इसके लिए हम लोगों को कोई भी कीमत चुकानी पड़े। हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। वर्तमान केंद्र सरकार सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण कर मजदूर के शोषण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। चार कोड कानून लाकर मजदूरों के हक एवं अधिकार को छिनने का काम कर रही है। लोकतंत्र एवं संविधान को बदलने की साजिश रची जा रही है। इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन की जरूरत है। केंद्र सरकार के खिलाफ लोग गोलबंद भी होने लगे हैं। मौके पर आगम राम, जगदीश रवानी, संतोष मिश्रा, रामजी यादव, रोशन मिश्रा, अमरदीप यादव, मुखिया मनोज राउत, बबलू चौधरी, आशा कुंभकार, राजू राय, मुन्ना यादव, दिनेश हाड़ी, शांतनु, रियाज खान, प्रभु सिंह, सहित हजारों की संख्या में मासस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बालू लदा 7 हाइवा ट्रक जब्त, 11 गिरफ्तार



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग हलकट्टा चौक के नजदीक से बीती रात सात हाइवा ट्रक जिसमें अवैध रूप से बालू लदे हुए थे।जिसे पकड़ा गया।सीओ देवराज गुप्ता ने बताया कि एसओजी की टीम द्वारा यह बड़ी कार्रवाई की गई। मौके से चालक और खलासी मिलाकर 11 लोगों की गिरफ्तार की गई है। साथ में स्थानीय थाना प्रभारी मदन चौधरी के साथ पुलिस दलबल द्वारा ट्रक को पड़कर थाना पहुंचाया गया है।

### मूर्ति को माला और विचारों में ताला लगाना ठीक नहीं : सुरेश प्रसाद

**सिंदरी।** बुद्धिजीवी जनकल्याण मंच के द्वारा रविवार को रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक पर भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती के पावन दिवस को याद किया। मंच के महासचिव सुरेश प्रसाद ने कहा कि एक तरफ हमलोग मूर्ति को माला पहनाते हैं और दूसरी तरफ विचारों पर ताला लगाते हैं। ऐसे में अंबेडकर जयंती मनाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भंते करुणाकर का संदेश शतप्रतिशत ठीक है। धनबाद नगर निगम के सुपरवाइजर सत्येंद्र मरांडी ने कहा कि अंबेडकर जयंती कोई गंडा और तावीज नहीं है। जिसे पहनकर अंबेडकरवादी बन सकते हैं।

### सिंदरी नगर काँग्रेस सेवादल ने मनायी अंबेडकर जयंती

**सिंदरी।** सिंदरी के आर एम फोर अंबेडकर कालोनी स्थित भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सिंदरी नगर काँग्रेस सेवादल ने उनकी जयंती मनाई। संविधान निमार्ता के रुप में उन्हें याद कर काँग्रेसियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर कांग्रेस सेवा दल के झारखंड प्रदेश सचिव पुरनेन्दु सिंह, जिलाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नकुल वर्मा, चंद्रशेखर झा, विजय सोरेन, ओम कुमार, मासूम कुमार, नारद यादव, बुचून कुमार चौधरी उपस्थित थे।

### दो वर्षों से फरार वारंटी को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

**मैथन।** जीआरपी धनबाद की पुलिस टीम ने रविवार के सुबह शिवली बाड़ी मुण्डाधौड़ा में छापेमारी कर वारंटी बिट्ठू को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। जीआरपी की नजर में वह दो साल से फरार था। बिट्ठू ने साथी सूरज के साथ वर्ष 2022 में ट्रेन में यात्रियों से मोबाइल छिनतई की थी। जिसमें दोनों को धनबाद जेल जाना पड़ा था। जमानत के बाद दोनों फरार चल रहे थे। सूरज अब भी फरार है।

### रेलवे के गार्डवाल से लोहा चुराने का प्रयास

**मैथन।** शनिवार की देर रात चोरों ने रेलवे लाइन का गार्ड वाल से लौह सामग्री चोरी करने का प्रयास किया। लोगों के शोरगुल करने पर चोरों का दल फरार हो गया। लोगों ने कुमारधुबी पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लौह सामग्री को जप्त कर ओपी ले आयी। रविवार के सुबह पुलिस ने गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र स्थित एक कबाड़ी दुकान में छापेमारी की। लेकिन चोरी का कोई भी लौह सामग्री नहीं मिली। ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि जप्त लौह सामग्री का सत्यापन नहीं हुआ है। सनहा दर्ज कर लिया गया है। चोरों की तलाश की जा रही है।

## चड़क पूजा में तोपचांची के भक्तों ने दिखाये अजीबो-गरीब करतब

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**तोपचांची।** रविवार को तोपचांची प्रखंड के रामाकुण्डा पंचायत अन्तर्गत शिव मंदिर प्रांगण में चडक पूजा काफी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर में आस्था के पर्व को लेकर काफी गहमागहमी रही। भोक्तागण अपने शरीर में कील चुभा कर भोक्ता खूटा में घूमें। मंदिर परिसर में चारों और मेला का माहौल बना रहा। आस्था के पर्व में श्रद्धालु गाजे बाजे में झूमते नजर आए। आसपास के सभी गांव वाले आस्था के पर्व को देखने के लिए शिव मंदिर पहुंचे थे। सबसे पहले भोक्ताजनों को पास के तालाब ले जाया गया तथा वहां पर शिव भक्तों के इच्छानुसार पीठ, बॉह, पैर, जीभ, गर्दन, आदि शरीर के अंगो में किल घुसाया जाता है। उसके पश्चात गाजे बाजे के साथ उसे मन्दिर परिसर लाया जाता है। मन्दिर में पुजा अर्चना करने के पश्चात उसे एक एक करके खम्भे के ऊपर चढ़ाया गया। फिर उसे भक्तगणों के द्वारा उसे खम्भे में बांधकर उसे परिक्रमा करवाया जाता है। खम्भे के पास जमीन में भोक्तागणों के परिवार के महिला सदस्य उपवास करके खड़ी रहती है। भोक्तागण अपने शरीर में कील चुभाकर गाड़ी खींचते हुए नजर आए।

## बांग्ला नव वर्ष पर धनबाद में निकाली प्रभात फेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** बंगाली कल्याण समिति द्वारा बांग्ला नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम पर प्रभात फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष का पहला दिन यानी पोईला वैशाख में समिति के सदस्य द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ जेसी मल्लिक रोड से दुर्गा मंदिर, पार्क मार्केट, हीरापुर कोर्ट क्वार्टर, होते हुए हरी मंदिर में प्रभात फेरी का समापन हुआ। इस प्रभात फेरी को बड़े ही खूबसूरती से बंगला गीत और नृत्य से सजाया गया था। प्रभात फेरी के दौरान प्रत्येक चौराहे पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बंगाली कल्याण समिति के सभी पुरुष और महिला सदस्यों के योगदान से यह अनुष्ठान सफल हुआ। महिलाएं पारंपरिक लाल पाड सफेद साड़ी और पुरुष कुर्ता पजामा में दिखे। समिति के सचिव कंचन दे ने बताया इसमें बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बांग्ला साल का यह हमारा पहला कार्यक्रम है इसके बाद समिति सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम करते रहेगा। समिति के सांस्कृतिक समिति सचिव विकास क्रांति ने बताया प्रभात फेरी जे सी मलिक रोड से प्रारंभ कर माधव अपार्टमेंट पार्क मार्केट हीरापुर होते हुए हरि मंदिर पहुंचा एवं यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। उसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया। अतिथि के रूप में आए मेयर शेखर अग्रवाल की धर्मपत्नी वीना अग्रवाल ने कहा की बांग्ला नव वर्ष के प्रभात फेरी में शामिल होने का मेरा पहला अनुभव है मुझे बहुत अच्छा लगा इसमें सभी बच्चे, महिला, पुरुष एक साथ शामिल होकर नए साल का स्वागत कर रहे हैं।

### एकल अभियान गोविंदपुर और निरसा का प्रशिक्षण शिविर सिंदरी में संपन्न

**सिंदरी।** चित्रगुप्त मंदिर सिंदरी में एकल अभियान सिन्द्री संच के द्वारा आयोजित दस दिवसीय एकल विद्यालय गोविन्दपुर और निरसा संच के अभ्यास प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में संच के बौद्धिक प्रमुख सह वॉलीबॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी इंद्रमोहन सिंह ने भारत के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर आचार्य दीदीओं को प्रशिक्षण शिविर के ज्ञान को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर सिंदरी संच के संयुक्त सचिव अंगद सिंह ने सभी आचार्य दीदी को कहा कि आपके द्वारा दस दिनों के प्रशिक्षण का लाभ अपने विद्यालय के बच्चों मे बाँटे तथा भारत को विश्वगुरू बनाने में मदद करें। धन्यवाद ज्ञापन संच के सहसचिव आनन्दी प्रसाद ने किए। समापन समारोह में संच के उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, संच के सहसचिव आनन्दी प्रसाद, सम्भाग प्रशिक्षण प्रमुख धनंजय दास, भाग प्रशिक्षण प्रमुख दिनेश महतो, अंचल अभियान प्रमुख खेदन महतो, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख देवनाथ महतो उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने मनायी अंबेडकर जयंती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा देश के संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में मनाई गई। मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी सहित कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे। मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि डॉ अंबेडकर के संघर्ष का महत्व विश्वसनीय है, उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि संविधान रचयिता अंबेडकर जी भारतीय संविधान निमार्ता और भारतीय सामाजिक सुधारक थे। मौके पर रवि रंजन सिंह योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्वर सिंह यादव, नवनीत नीरज, मंटू दास, राजू दास, सीता राणा, कुमार गौरव सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## स्पंदन ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया बांग्ला नव वर्ष



**धनबाद।** बांग्ला नव वर्ष के अवसर पर समाजसेवी संस्था स्पंदन की ओर से रविवार को हीरापुर स्थित अनाथ आश्रम में बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, रबर, सोपनर, चॉकलेट और केक वितरित किया गया। बच्चों को बेहतर जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। संस्था के अध्यक्ष मनोज मजूमदार ने बताया कि बांग्ला समुदाय में अपना नववर्ष पोएला वैशाख का बहुत ही महत्व है। इस अवसर पर समाज की ओर से पूजा पाठ के साथ नाच, गान, रंगोली, पेंटिंग आदि का आयोजन कर यह उत्सव मनाया जाता है। आज हमलोग इन बच्चों के साथ खुशी साझा किये है। बच्चें उपहार पाकर खाफी खुश है। मौके पर बोरनाली सेनगुप्ता, देवदास सेनगुप्ता, नीलकमल खवास, प्रसेनजीत पोद्दार, सैकत मल्लिक, राहुल हालदार, बबलु गांगुली, अरबिंदो बैनर्जी, मीता पाल, सुपर्णा पोद्दार आदि उपस्थित थे।

# चुनाव में आचार संहिता का सख्ती से पालन हो : लकड़ा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोकसभा व गांडेय विधानसभा उप चुनाव केओ लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सभी राजनैतिक दलों के साथ आदर्श आचार संहिता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा मतदान प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर, उन सभी से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियां साझा की जानी चाहिए। वहीं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भी चुनाव के दौरान आयोग से कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कदम उठाए जाने के सुझाव दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने सभाओं, जुलूस, मतदान दिवस, मतदान बूथ के संबंध में आयोग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निदेर्शों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग भाग लें तथा एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें और मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा कैंडिडेट पोर्टल और ऐप से जुड़ी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सुविधा एक ऑनलाइन पोर्टल और ऐप है, जो मिटिंग, रैलियों, वाहनों, लाउडस्पीकरों और अन्य सभी प्रकार की अनुमतियों के लिए वन-स्टॉप समाधान है। इस ऐप का उपयोग करने के लिए, उम्मीदवारों को एक अकाउंट बनाना होगा और अपनी क्रैडेंशियल के साथ लॉग इन करना होगा। लॉग इन करने के बाद उम्मीदवार अपने नामांकन और अनुमति की स्थिति देख सकते हैं। इस ऐप के साथ आप प्रचार के लिए आवश्यक अनुमतियों की सूची देख सकते हैं। अपने अनुमति आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। परमिशन फॉम को डाउनलोड करने और उसे ऑनलाइन जमा करने के लिए भी इस ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चुनाव के दिनों में आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन न हो इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा सि-विजिल एप्प बनाया गया है. इस ऐप की मदद से चुनाव से जुड़ी कोई भी शिकायत को चुनाव आयोग तक पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा ऐप में चुनाव सीमा के भीतर एप्लीकेशन के जरिए साइन-इन कर मोबाइल फोन से फोटो/ऑडियो/वीडियो लेकर आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट करने की सुविधा भी मिलती है। इस ऐप में आपको जियो टैगिंग की सुविधा भी जोड़ी गई है। इससे आयोग को घटना की सही लोकेशन मिल जाती है।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह उप नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, आईएएस प्रशिक्षु, उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग प्रभारी पदाधिकारी अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी/ सहयोगी पदाधिकारी समेत सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### केन्द्र सरकार बाबासाहेब के सपनों को साकार कर रही : तारा देवी

**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी नगर कमेटी द्वारा रोहड़ाबाँध चौक स्थित भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर रविवार को माल्यार्पण कर उनकी 133 वीं जयंती मनाई गई। मौके पर मौजूद सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने कहा कि बाबासाहेब के जीवनी से प्रेरणा लेने की जरुरत है। केन्द्र की मोदी सरकार बाबासाहेब के सपनों को साकार कर रही है। तीसरे टर्म की सरकार बनने के बाद उनके अधूरे सपनों को भाजपा तीव्रगति से पूरा करेगी। धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि बाबासाहेब के बताए मार्गों पर चलकर ही विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं। इस मौके पर भाजपा के नगर कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बैंक मोड़ में गुरु नानक कॉलेज की एक सांस्कृतिक संध्या

**धनबाद।** रविवार को बैसाखी पर्व के अवसर पर बड़ा गुरुद्वारा परिसर बैंक मोड़ में गुरु नानक कॉलेज द्वारा सांस्कृतिक संध्या 'बैसाखी दी शाम' का आयोजन किया गया।यह रंगारंग और ऊजार्वान कार्यक्रम कॉलेज के कल्चरल टीम के सदस्यों के द्वारा आयोजित की गई। कॉलेज के विद्यार्थियों ने गीतों और नृत्यों के अपने असाधारण प्रदर्शन से पंजाब की विविध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया। कुल 20 लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियाँ हुईं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ वर्षा सिंह ने किया और कल्चरल सत्र का संचालन मिसेज निष्ठा सूद ने किया। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की संकायध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो0 डा पुष्पा कुमारी थीं। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल ने ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने और उससे जुड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रासंगिकता के बारे में अपने विचार साझा किए। उक्त उत्सव के सुअवसर पर गुरु नानक कॉलेज की प्रतिष्ठित वार्षिक पत्रिका का तीसरा संस्करण बैसाखी – 2024 का विमोचन किया गया।कॉलेज के सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया और कॉलेज के छात्रों और उनके उपदेशकों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना की। कार्यक्रम में गुरु नानक कॉलेज के एन एस एस इकाई एक एवं दो के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

### संविधान की रक्षा के लिए भाजपा के विरुद्ध वोट जरूरी : रामू मंडल

**सिंदरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सिंदरी रोहड़ाबाँध स्थित अंबेडकर चौक पर भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए भाजपा के विरुद्ध वोट करना ही बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। भाजपा को संविधान विरोधी दल बताते हुए कहा कि इसे सत्ता से बेदखल कर देंगे। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी महानगर उपाध्यक्ष परशुराम सिंह, नवमनोनित सिंदरी नगर अध्यक्ष अशोक महतो, नगर सचिव फागु प्रमाणिक, उपाध्यक्ष दिवास बेहरा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रोहित मंडल, शुभंकर मंडल, वाजु मरांडी, बलराम मंडल, सुनील महतो, राजेन्द्र हेम्ब्रम, विकास गोराई, अजय सोरेन, विकास मरांडी आदि उपस्थित थे।

### सिंदरी में वामपंथी नेताओं ने बाबा साहेब को जयंती पर किया याद

**सिंदरी।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर रविवार को सिंदरी के रोहड़ाबाँध चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर सिंदरी के वामपंथी नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर सीपीआई (एम), जनवादी महिला समिति सिंदरी नगर कमेटी, सीटू से संबद्ध ठेका मजदूर यूनियन के नेताओं ने संविधान बचाओ देश बचाओ का नारा बुलंद किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबासाहेब संविधान निमार्ता और समतामूलक समाज के सृजनकर्ता थे। केन्द्र सरकार संविधान पर लगातार हमला कर रही है। डॉ अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट करने वालों के खिलाफ गोलबंद होकर आंदोलन करने की जरूरत है। कार्यक्रम में सीपीआई(एम) सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, जनवादी महिला समिति सिंदरी नगर कमेटी अध्यक्ष रानी मिश्रा, सीपीआई(एम) सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद, सूर्य कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिन्हा, रजनीकांत मिश्रा, सुबल चंद्र दास, राम लायक राम, आनंद मंगल, प्रफुल्ल कुमार स्वैन उपस्थित थे।

### ऑक्सीजन प्लांट के सिलेंडर में आग में एक कर्मी झूलसा

**मैथन।** मैथन क्षेत्र में स्थित दीपू साव के ऑक्सीजन प्लांट में शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे एक सिलेंडर में अचानक आग लग गई। जिससे वहां अफरातफरी मच गया, वहां काम कर रहे मजदूरों ने इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाई लेकिन वहां काम कर रहे मलय कर्मकार (25) आग की चपेट में आ गया और वह बुरी तरह झुलस गया। आग इतनी तेजी से फैली कि उससे मलय कर्मकार के गर्दन, हाथ एवं एक आंख जल गया है। इस घटना के बाद प्लांट मालिक दीपू साव द्वारा मलय कर्मकार को अस्पताल ले जाने के बजाए उसे मात्र 15 सौ रुपये देकर घर भेज दिया। कहा कि यह मामूली घटना है, कहीं इलाज करा लेना। प्लांट मालिक के इस रवैये से सभी मजदूर आहत व आक्रोशित हैं। मजदूरों ने बताया कि प्लांट में सेफ्टी का कोई इंतजाम नहीं है। वर्षों से फायरसेफ्टी के नाम पर मात्र दो छोटा सिलेंडर दिखाया जाता है। आग रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं आग से घायल मलय कर्मकार जो मैथन रांगाबाद निवासी है, उसके परिजन काफी चिंतित हैं। कहा कि हमलोग गरीब लोग हैं, कहां और कैसे मलय का इलाज करवाएं, कुछ समझ में नहीं आ रहा है। कहा कि प्लांट मालिक वर्षों से काम ले रहा है और आज दुर्घटना हुआ तो घर भेज दिया। यह घोर अन्याय है। हालांकि प्लांट मालिक दीपू साव ने कहा कि घायल मजदूर मलय का इलाज के लिए वे हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं।

### महुदा में अंबेडकर जयंती

**महुदा।** अंबेडकर विचार मंच महुदा के तत्वाधान में रविवार को अंबेडकर चौक मुरलीडीह 20 /21 में संविधान रचिता भारत रत्न की 133 वी जयती मनाई गई डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष हाजी समद अंसारी ने किया। समद अंसारी ने बाबा साहब की जीवनी पर चर्चा की एवं मुख्य अतिथि भटडीह ओपी प्रभारी बालमुकुंद सिंह ने कहा कि शिक्षा ऐसी शेरनी का दूध है जो पीता है वह दहाड़ता है इसलिए सभी को शिक्षा ग्रहण करना चाहिए और सभी को बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। वक्ता के रूप में प्रोफेसर सुरेश कुमार रजक रघु राय ज्ञान प्रकाश पप्पू ललन राम ने अपनी बाते रखी। और कहा कि बाबा साहब के सपनों का भारत हमें बनाने की जरूरत है आज देश की परिस्थितियों को देखते हुए हम सबों को बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और एक शानदार भारत का निर्माण की ओर अग्रसर होना चाहिए। सभा में अरुण दास एन भारती संजय माली एनुअल अंसारी आदि उपस्थित रहे। सभा का संचालन मंच के सचिव उमेश कुमार तुरी ने किया

### बैशाख पर शहर में बिखरी बंगाली संस्कृति की छटा

धनबाद। पोइला बैसाख यानी बांग्ला कैलेंडर के नए साल का पहला दिन। बंगाली समुदाय ने रविवार को उत्साह व उमंग के साथ नए साल का स्वागत किया। पूजा अर्चना के साथ नए साल की शुरूआत हुई। शहर भर में विशेषकर महिलाओं ने प्रभात फेरी निकाली। सफेद-लाल पाड़ की साड़ी पहनकर और जुड़े में सुंगधित फूल डालकर पारंपरिक गीतों पर नृत्य करती हुई महिलाओं ने नगर भर में शोभा यात्रा निकाली। नगर की सड़कों पर अल्पना बनाकर नए साल के आगमन की खुशियां प्रकट की और पूरे शहर को नए साल की शुभकांनाए दी। इस अवसर पर पूरा शहर बांग्ला नव वर्ष का स्वागत नई उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ किया।

# धनबाद कोयलांचल में भीमराव अंबेडकर की जयंती

▸▸ बाबा साहेब के बताये मार्गों पर चलने का संकल्प





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को धनबाद कोयलांचल के विभिन्न भागों में विविध आयोजन हुए। कहीं सार्वजनिक शौचालय का उपयोग कर स्वच्छता का संदेश दिया गया तो कहीं समतामूलक समाज की जड़ को मजबूत कर बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प किया गया। कतरास में अखिल भारतीय धोबी महासंघ बाघमारा प्रखंड की ओर से बाबा साहब अंबेडकर जी का जन्म उत्सव केसरगढ़ प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया. इस शुभ अवसर पर केसरगढ़ पंचायत समिति सदस्य सुरेश रजक ने केसरगढ़ बस्ती के ग्रामीणों को सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करने के बारे में बताया. इस मौके पर ग्रामीणों को सार्वजनिक शौचालय का उपयोग कर स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों को दिया गया। सिजुआ में शिक्षित रहो, संगठित रहो, संघर्ष करो के नारे के साथ कोल इंडिया एससी एसटी एम्पलाईज एसोशियशन सिस्टा कतरास क्षेत्र के मोदीडीह कोलियरी के हाजरी घर के प्रांगण में भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत कुमार पासवान एवं मंच संचालन बिनोद सिंह तथा स्वागत भाषण भोला कुमार भुईयां के द्वारा किया गया।

मौके पर सिस्टा के महासचिव अर्जुन पासवान ने कहा की शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा, वही दहाड़ेगा. उन्होंने अंबेडकर जी के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर सिजुआ साइडिंग के मैनेजर प्रकाश दास ने कहा कि अंबेडकर जी ने सभी जाति धर्म को एक समान अधिकार में रखने का कार्य किया। रामकनाली कोलियरी अम्बेडकर की जयंती के मौके पर वृक्षारोपण कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। पूर्वी टुंडी में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय दास की अध्यक्षता में बलारडीह गांव में मनाई गई। डॉ अंबेडकर की तस्वीर पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा पुष्प माला अर्पित कर जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय दास एवं धन्यवाद ज्ञापन जानकी रजक ने किया। कुमारधुबी में भाकपा माले निरसा लोकल कमिटि की ओर से सेन्ट्रलपुल कार्यालय में बाबासाहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती और शहीद कॉमरेड गुरूदास चटर्जी की शहादत दिवस मनाई गयी। उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया गया और दोनो महान नेताओ को याद किए गए।

मौके पर माले के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र सिंह ने कहा कि बाबासाहब अम्बेडकर ने कई बडे देशो के संविधानों के अध्ययन के बाद दुनिया के सबसे बेहतर संविधान देश को दिये थे। जिसमे देश के सभी समुदाय, सभी नागरिको को सामान्य अधिकार प्रस्तुत है। लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार ने संविधान व लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी हुई है। इसलिए आने वाले लोक सभा चुनाव में एकजुट होकर इंडिया गठबंधन को जिताने का संकल्प लेना है, और भाजपा को सवक सिखाने का काम करना है।माले की राज्य कमिटि सदस्य कृष्णा सिंह ने कहा कि शहीद कॉमरेड गुरूदास चटर्जी विधायक के साथ साथ यहा के मजदूर नेता थे और आजीवन मजदूर-किसान के संघर्षो के साथ संघर्षरत रहे। आज उनके रास्ते को मजबूत करने का संकल्प लेने का दिन है। लोक सभा चुनाव में माले के सभी साथियो को सामूहिक पहलकदमी से धनबाद से लेकर कोडरमा तक अपनी जिम्मेवारी पूरा करने का निर्णय लिए गए। इस अवसर पर माले नेता उपेन्द्र सिंह, कृष्णा सिंह,जगदीश शर्मा, हरेन्द्र सिंह, गणेश महतो, रंजीत मोदी, सुनील गिरि, शमीमा खातून, राजनारायण महतो, प्रदीप सिंह, नरेश माजी, राजेश सिन्हा, सत्येन्द्र बिन्द, संजीत राउत, नटवरलाल रवानी, विशेश्वर रजक आदी लोग शामिल थे।

चिरकुंडा में अंबेडकर चौक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की134 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। नगर परिषद के न्यूवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुरली तूरी, चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष बापी सेनगुप्ता, डुमुरकुंडा उत्तर पंचायत के मुखिया रंजीत पासवान, बुलन बाउरी, सुनीता देवी, संजय ठाकुर, कल्याण राय, सहित अन्य लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

## खबर एक नजर में

### विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य



धनबाद। धनबाद के नावाडीह स्थित कोयलांचल सिटी में चैती छठ पर अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य दिया। वहीं सोमवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चैती छठ महापर्व की समाप्ति हो जाएगी। कोयलांचल सिटी के मंदिर परिसर में बने तालाब को पानी से भर दिया गया था। जहां व्रतियों ने पूजा-अर्चना करने के बाद शाम को अर्घ्य दिया। विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ और सहयोग फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतू तिवारी ने भी व्रत किया है। उन्होंने भी कोयलाचंल सिटी में भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस दौरान छठ मइया की जय, भगवान भास्कर की जय के जयकारे लगते रहे। अर्घ्य के दौरान सोसायटी के गणमान्य लोगों के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### 7 एमएम पिस्टल व दो जिन्दा गोली के साथ एक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले के खुखरा थाना पुलिस ने एक 7 एमएम पिस्टल व दो जिन्दा गोली के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि खुखरा थाना क्षेत्र के बरियारपुर में एक अपराधी किसी बड़े घटना को अंजाम देने की फिराक में है और अपने घर पर हथियार एवं गोली रखे हुआ है। इसी सूचना के सत्यापन हेतु वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया गया। इस टीम में पुलिस अवर निरीक्षक सह खुखरा थाना प्रभारी निरंजन कच्छप, सैट-91 के सहायक अवर निरीक्षक नीलमचन्द्र एक्का, हवलदार राजेन्द्र उपाध्याय, सुनील सरदार, आरक्षी दयानन्द राय, जितेन्द्र यादव, अजीत कुमार नायक, जितेन्द्र कुमार राणा, राजकुमार राणा, महेश कुमार, रविशंकर पाण्डेय, संजय विश्वकर्मा, विरेन्द्र कुमार वर्मा, सतनाम सिंह, कृष्ण कुमार राय को शामिल करते हुए छापामारी की गई। इसके बाद कार्रवाई करने के लिए बरियारपुर में पुलिस बल जैसे ही प्रवेश किया तभी वहाँ पर बैठे एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखते ही तेजी से भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पीछा कर पकड़ लिया। जो खुखरा थाना क्षेत्र के बरियारपुर का रहने वाला इसरायल अंसारी उर्फ इसराईल अंसारी है। बाद में पुलिस ने उक्त व्यक्ति से गहराई से पूछताछ किया। तो उसने बताया कि ईद पर्व को लेकर अपने घर आया हुआ था। अपने घर में एक पिस्टल को छिपाकर रखा हुआ है। जिसके बाद पुलिस द्वारा उसके घर पर विधिवत तलाशी ली तो उसके घर के स्टोर रूम से एक 7 एमएम का पिस्टल एवं KF 7.65 लिखा हुआ दो जिन्दा गोली बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को अवैध हथियार रखने के अपराध में गिरफ्तार कर लिया गया। वही गिरफ्तार आरोपी पर सरिया थाना में पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### सिंदरी में रामनवमी में डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध

**सिंदरी।** रामनवमी को लेकर सिंदरी एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत के नेतृत्व में पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के अखाड़ा दलों के साथ एसडीपीओ कार्यालय सिंदरी में रविवार की शाम शांति समिति की बैठक की गई। इसमें अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहे। एसडीपीओ सिंदरी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता का पालन जरूरी है। उन्होंने अखाड़ा दलों को बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर रामनवमी पर्व में शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस निकाले जाने की अनुमति मिली है। जुलूस में किसी भी प्रकार के डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा अखाड़ा कमेटी और डीजे संचालकों के लिए जारी फोरमेट को भरकर अंडरटेकिंग देना जरूरी है। जुलूस में राजनीतिक दलों के चिन्हों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। दूसरों को दिक्कतें नहीं होनी चाहिए। सिर्फ लाइसेंसी अखाड़ा दल ही जुलूस निकाल सकेंगे। टोली में वालेंटियर की सूची स्थानीय थाना को देना अखाड़ा दलों के लिए जरुरी है। जुलूस में नशापान किए लोगों पर विशेष नजर रखें। फर्स्ट एड की मेडिकल सुविधा अखाड़ा दलों को अपने साथ रखना है। अखाड़ों के रास्ते पर बने घरों व जुलूस की ड्रोन से जाँच की जाएगी। असामाजिक तत्वों और आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।
शांति समिति की बैठक में अखाड़ा दलों में शिव शंकर साव, जितेंद्र पंडित, गणेश विश्वकर्मा, दिलीप भारती, अजय रवानी, बसंत ठाकुर, सुरेश कुमार गुप्ता, उमेश प्रसाद वर्मा, अजीत कुमार, आनंद कुमार, लक्ष्मण दास, शंभू नाथ पाण्डेय, नंदलाल पासवान, सोनू सिंह, अजय सिंह, अनुभव शर्मा, अनिल साव मौजूद थे।

### जयराम महतो के सपनों का झारखण्ड बनाएंगे : एखलाक

**गोविंदपुर।** धनबाद संसदीय क्षेत्र से झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के प्रत्याशी घोषित होने के बाद इकलाख अंसारी ने शनिवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो के सपनों का झारखंड बनाएंगे। सत्र 2013 में रांची यूनिवर्सिटी से एम.ए. करने वाले गोविंदपुर प्रखंड के परासी गांव निवासी इकलाख अपने गांव में ही प्ले स्कूल चलाते हैं। मध्यम परिवार से ताल्लुक रखने वाले इखलाख के पिता अब्दुल वाहिद अंसारी ट्रक चलाते थे। बाद में उन्होंने खुद अपना ट्रक खरीद लिया। उसका छोटा भाई भी गाड़ी चालक है। इकलाख किसी राजनीतिक दल से जुड़े हुए नहीं हैं। खतियानी आंदोलन से प्रभावित होकर वह जयराम महतो उर्फ टाईगर से जुड़े तथा पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता बन गए। संघर्ष समिति के प्रति निष्ठा एवं उनकी कर्मठता के कारण ही जयराम ने लोकसभा का टिकट देकर उन पर विश्वास जताया है। कार्यक्रम के दौरान धनबाद शहर से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मंजीत सिंह, कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो0 पी0 शेखर, आईएसएम से रिटायर्ड प्रोफेसर प्रमोद पाठक सहित गुरु नानक कॉलेज धनबाद के समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी, एन एस एस वॉलिंटियर्स, एन सी सी वॉलिंटियर्स, शक्ति मंदिर के मेंबर्स, बड़ा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिष्ठित मेम्बर्स सरदार गुरजीत सिंह, सरदार तीरथ सिंह, सरदार गुरपाल सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह, सरदार मंजीत सिंह एवं धनबाद शहर के सिख संप्रदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### जयंती पर भूली में जागरूकता रैली

**भूली।** श्रमिक कॉलोनी भूली में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के 133वी जयंती विभिन्न संगठनों ने धूमधाम से मनाया। नागरिक संघर्ष मोर्चा ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के जयंती के अवसर पर लेखा महतो स्मृति भवन से जागरूकता रैली निकाली। मोर्चा के भूली नगर अध्यक्ष प्रमोद पासवान के नेतृत्व में रैली निकाली गई और शिवपुरी, सी ब्लॉक, ई ब्लॉक होते हुए अम्बेडकर चौक पहुंचा। अंबेडकर चौक में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस दौरान जय भीम जय संविधान का नारा लगाया गया।डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। देश के हर नागरिक को संविधान का सम्मान करना चाहिए और बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। नागरिक संघर्ष मोर्चा के जागरूकता रैली में केंद्रीय अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा, जगदीश प्रसाद राय, पी बी सिंह, उमेश ठाकुर, प्रमोद पासवान, मनोज सिंह, राजेंद्र महतो, अशोक गुप्ता, नगीना पासवान, पुष्पा देवी, रीना देवी, बहादुर महतो, उषा मेहता, रघुवीर, गुरुचरण सिंह, आनंद सिंह, रिंकू देवी, बी सी सरकार आदि शामिल थे। अम्बेडकर विचार मंच की ओर से भूली अम्बेडकर चौक बी ब्लॉक में प्रतिमा पर मुख्य रूप से निरसा डीएसपी अक्षय राम व मंच के पदाधिकारीयो द्वारा माल्यार्पण किया गया। मंच के पदाधिकारी व अंबेडकरवादी साथियों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर नगर में किया गया ।
कार्यकर्म की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष राहुल कुमार पासवान व संचालन मोहन राम तथा धन्यवाद ज्ञापन मंच के महासचिव बिजेन्द्र भारती ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक एवम सलाहकार छोटू राम, नरेश पासवान,कार्यकारी अध्यक्ष शिवचंद पासवान उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मैथन डैम छठघाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया

**मैथन।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैथन डैम के गोगना छठघाट पर रविवार को हजारों छठ व्रतधारियों ने चैती छठ पूजा के पहला अर्घ्य डूबते हुए सूर्य को दिया और अपने अपने परिवार में सुख-शांति व मंगल कामना की। इस दौरान घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मैथन छठ पूजा सेवा समिति ने घाट पर विशेष व्यवस्था किया है, ताकि छठ व्रतधारियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने पुलिस बलों की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया है।

### मैथन के सीआईएसएफ फायर स्टेशन में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**मैथन।** डीवीसी मैथन परियोजना के सीआईएसएफ फायर स्टेशन में रविवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में डीवीसी के कार्यकारी निदेशक सह मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर श्री दुबे ने मुम्बई बंदरगाह पर वर्ष 1944 को आज के ही दिन एक मालवाहक जहाज में लगी आग को बुझाने में शहीद हुए 66 अग्निशमन जवानों को याद किया। उन्होंने मैथन में पदास्थापित फायर स्टेशन के जवानों के कार्यों की सराहना की। कहा कि आज भी कई स्थानों पर लोग अग्निकांड और इनसे होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति सजग नहीं होते है। कई स्थानों पर अचानक आग लग जाने की स्थिति में बचाव के संसाधन नहीं जुट पाता, तो कहीं फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले अग्निकांड से काफी नुकसान हो चुका होता है। ऐसे में यदि अग्निशामक दिवस की तर्ज पर समय-समय पर व्यवस्थित तरीके से जागरुकता अभियान चलाए जाएं, तो कई जानों को बचाया जा सकता है और आर्थिक नुकसान होने से भी बचाया जा सकता है। इससे पहले श्री दुबे ने सीआईएसएफ जवानों को राष्ट्र निर्माण की शपथ दिलाई। सीआईएसएफ के उप कमांडेंट एवं सहायक कमांडेंट ने पुष्प गुच्छ देकर श्री दुबे का स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि श्री दुबे ने अमर शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। फिर शहीद जवानों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया।

### उपायुक्त ने अंबेडकर को किया याद, माल्यार्पण कर किया नमन

**गिरिडीह।** गिरिडीह समाहरणालय के सभाकक्ष में रविवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित अन्य अधिकारियों ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने जिलावासियों को अंबेडकर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि भारत रत्न सह संविधान निमार्ता बाबा साहेब एक महान क्रांतिकारी, विधि विशेषज्ञ एवं समाज सुधारक थे जिन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोये रखने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जिसमें समाज के सभी जाति एवं पिछड़े वर्गों को विकास के समान अवसर दिए गए हैं। कहा कि इस साल हमसभी बाबा साहेब अंबेडकर के दिखाए पथ पर चलते हुए महिलाओं के उत्थान और शिक्षा का सामान अवसर बेटियों को मिले इस दिशा में मिल जुलकर कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर उप नगर आयुक्त विशालदीप खलखो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गिरिडीह में याद किये गये भीमराव अंबेडकर

**गिरिडीह।** संविधान निमार्ता सह भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती रविवार को गिरिडीह में समारोहपूर्वक मनाई गई। इस मौके पर कई संगठनों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पीत किया गया। इस क्रम में अफ्सर कॉलोनी स्थित अम्बेडकर भवन डॉ भीमराव अंबेडकर सह पुस्तकालय संचालन समिति के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जनार्दन पासवान, संरक्षक लक्ष्मी नारायण महथा, शिवनारायण दास, जीवी राम, महासचिव विनोद पासवान, कमलदास सहित अन्य अतिथियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा माल्यार्पण कर व दीप जलाकर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष जर्नादन पासवान सहित अन्य अतिथियों ने कहा कि बाबा साहेब कारवां को आगे बढ़ाने में दलित वंचित समाज के पढ़े लिखे लोगों ने ही धोखा देने का काम किया है। पढ़े लिखे लोगों में सुधार नहीं होगा तो वह दिन दूर नहीं है जब पुनः इतिहास दुहराया जायेगा। कहा कि देश में सबसे बड़ा ग्रन्थ बाबा साहब का दिया हुआ भारतीय संविधान है, जो समाज के हर वर्ग के लोगों को न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुता बनाये रखने व हक अधिकार देती है।

## इस बार आम का मिठास में आयेगी कमी, दिखने लगा है असर

▸▸ सतुआन पर 80 से 160 किलो तक बिका कच्चा आम
▸▸ कम पैदावार की वजह कीमतों में भी दिखेगा उछाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** गर्मी में मिठास का बहुत महत्व है और यह पूरा करता है फलों का राजा आम, जो अब बाजार में नजर आने लगा है। रविवार को सतुआन के मौके पर लोगों ने इसे खास तौर पर याद किया। लेकिन शुरूआती मौजूदगी बहुत कम रही। साथ ही उंची किमत भी दिखी। छोटे छोटे टिकारे 80 रुपया प्रति किलो के भाव से बिका और बड़े आम की कीमत 160 रुपया प्रति किलो तक बरही। इस संबंध में एक महिला किसान ने बताया कि इस बार धनबाद में आम के मंजर कम लगे थे। जिसके कारण टिकोरे अधिक कीमत में बिक रहे है। आंधी-पानी से टिकारे पेड़ से गिर रहे है। इस बार आम की पैदावार कम रहेगी। आने वाले दिनों में पके आम भी पिछले साल की तुलना में उंची कीमत में बिकेंगे। बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश आदि जगहों से आवक बढ़ने के बाद ही आम की कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है।

**धनबाद में 1115 हेक्टेयर में होती है आम की फसल**

धनबाद जिला अब सिर्फ कोयला उत्पादन तक हीं सीमित नहीं है। स्थानीय किसान, नई कृषि तकनीक का उपयोग कर कृषि कार्य को आगे बढ़ा रहे है। जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा ने बताया कि धनबाद में 1115 हेक्टेयर जमीन में आम की फसल होती है। अभी यहां के किसान मालदा लंगड़ा, आम्रपाली, दशहरी औ भारत सुंदरी प्रजाति के आम के पेड़ ज्यादा लगा रहे है। पिछले साल किसानों के बीच दो हजार आम के पौधे वितरित किए गए थे। यहां 8000 टन से अधिक औसतन उपज होती है। लेकिन इस बार पेड़ों पर आम कम है। कम आम होंने के साथ आंधी पानी से नुकसान भी संभव है। इसलिए इस साल दो हजार टन आम की उपज घट सकती है।

**लगभग 70 करोड़ का होता है आम का कारोबार**

धनबाद में अभी स्थानीय किसानें से मिलने वाले टिकारे के साथ दक्षिण भारत का बैंगनफुली आम नजर आ रहा है। कुछ दिनों में गुलाब खास भी नजर आने लगेगा। इसके बाद मई में बिहार और बंगाल से आम आना शुरू हो जायेगा। अंत में उत्तर प्रदेश से आम, लोगों की मिठास बढ़ायेंगे। स्थानीय कारोबारियों की माने तो धनबाद में हर साल करीब 70 करोड़ का आम का कारोबार होता है। लेकिन इस बार इसमें कमी आने के दो कारण है। धनबाद सहित अन्य स्थानों पर इस बार आम की फसल कम है। दूसरा कारण लोकसभा चुनाव है। चुनाव के कारण ट्रांसपोटिंग प्रभावित रहेगी।

## लोदना में बाबा साहब की जयंती

**जोड़ापोखर।** लोदना एरिया के अतिथि गृह सभागार में रविवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।कोयलांचल बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रोग्राम संचालित हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के लोकसभा प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने बाबा साहब के तस्वीर पर मालार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मोर्चा के अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता ने कहा कि गरीब का बेटा आपके साथ खड़ा है मौका दीजिए। इस अवसर पर ऊचीत महतो, योगेंद्र यादव, राजकुमार अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, गणेश पासवान, अंजना प्रकाश, नम्रता गुप्ता, रीता देवी, सुरेश कुमार, मुन्ना वर्मा, अनोज कुमार, सुनील साव, राजकुमार साव, ध्रुब कुमार, अविनाश कुमार, रामसेवक साव, योगेंद प्रसाद, अनिल गुप्ता, आदि थे।

## धनबाद से चुनाव लड़ेंगे सरयू राय

▸▸ बिल्ली के गले में अकेले घंटी बाँधूँगा
▸▸ मुनीडीह के कार्यक्रम में की घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के खिलाफ मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं। झामुमो, मासस, राजद समर्थन के लिए तैयार है। लेकिन उनके घटक दल कांग्रेस अभी कुछ नहीं बोल रही है। यदि कांग्रेस ने मेरा समर्थन नहीं किया तो मैं बिल्ली के गले में अकेले ही घंटी बांधूगा। उक्त बातें मुनीडीह में चल रहे सात दिवसीय महायज्ञ में शामिल होंने आए जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने कही। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस के पास कोई योग्य उम्मीदवार है तो उसका नाम अब सामने लाना चाहिए, मैं उनका समर्थन करूंगा। नोमिनेशन का दिन करीब आ रहा है, कांग्रेस को अपनी स्थिति स्पष्ट कर देनी चाहिए। भाजपा प्रत्याशी के बारे में कहा कि उनका जो चाल चरित्र है, वो सबको पता है, मैंने भाजपा के शीर्ष नेताओं को प्रत्याशी बदलने की बात भी कही थी, लेकिन वे अपने फैसले पर अडिग है। यह सबकुछ आश्चर्यचकित करने जैसा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने यदि अपना उम्मीदवार उतारा तो भी वे धनबाद लोक सभा का चुनाव लडेंगे और जीतेंगे भले ही जीत का अंतर कम होगा। यदि कांग्रेस ने उम्मीदवार नही दिया तो अधिक मतों से हम जीतेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि निर्दलीय चुनाव नही लड़ेंगे। भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा मेरी पार्टी है, इसके बैनर तले की चुनाव मैदान में उतरेंगे।

## स्वस्थ दांत जागरूकता शिविर का आयोजन

**धनबाद।** नावाडीह प्रखंड के बगुला बस्ती, उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रविवार को स्वस्थ दांत जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें मध्य विद्यालय के बच्चों के दांतों का निःशुल्क जांच किया गया। स्कूल के लगभग 70 बच्चों के दांतों की जांच डॉक्टर चित्रांगदा सिंह ने किया। डॉक्टर ने बताया कि भारत में बच्चों में ओरल हेल्थ को लेकर जागरूकता की कमी है जिसके कारण बच्चों के दांतों में होने वाली दिक्कत का पता देर से चलता है और उनका इलाज करने में दिक्कत होती है। ऐसे बच्चों को दांतों की साफ सफाई एवं उनका रेगुलर जांच जरूरी है। आज कई बच्चों के दांतों की जांच कराई गई है।

## भास्कर को अर्घ्य के साथ चैत्र महापर्व छठ आज सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** चार दिनी चैत्र नवरात्र महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ महापर्व में रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। सिंदरी के शिव मंदिर छठ तालाब, आइएमटाइप छठ तालाब, सेवन लेक तालाब व बीआईटी सिंदरी के छठ तालाब पर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। खरना से आरंभ 36 घंटे के निर्जला व्रत के दूसरे दिन रविवार को तालाबों पर भीषण गर्मी के बाद भी भारी भीड़ देखने को मिली। स्थानीय लोग सिर पर व्रती डाला लेकर तालाबों के नजदीक पहुँचे।

## जलसा में भाईचारा प्यार और इंसानियत का दिया संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड के दुम्मा गांव में शनिवार देर रात्रि में जलसा का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड बंगाल सहित विभिन्न राज्यों से उलेमाओं शिरकत किया। धनबाद से मौलाना इनायत कलीम, कोलकाता से मौलाना शोहराब, बोकारो से इमरान नजीर, धनबाद से मौलाना इसहाक सहित क्षेत्र के अन्य उलेमाओं ने शिरकत कर जलसा को कामयाब बनाया। इस दौरान जलसा की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत व नाते रसूल से की गई। जलसे में लगातार एक से बढ़कर एक तकरीर और नाते रसूल पेश कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर जलसे को खिताब करते हुए उलेमाओं ने कहा कि इस्लाम अमन का पैगाम देता है। दुनिया में कोई ऐसा मजहब नहीं है जो इंसानों को बांटने का हुक्म देता है। दुनिया के सभी मजहब अमन व सुकून का ही पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि इंसानियत और मानवता का पाठ इस्लाम मजहब सीखना है। आज के परिवेश में इंसानियत को गले लगाना चाहिए। इससे आपसी भाईचारा और प्रेम की भावना को बढ़ावा मिलता है। वहीं मौलाना इनायत कलीम, मौलाना शोहराब, इमरान नजीर, मौलाना इसहाक ने लोगों को भाईचारा प्यार और इंसानियत का संदेश दिया। उलेमाओं ने कहा कि अगर देश के सारे हिंदू और मुसलमान एक हो जाए तो भारत दुनिया का सबसे महान मुल्क बन सकता है। हमारे नबी ने एकता का संदेश दिया है। इसी एकता के बिना पर हम आपस में प्रेम और भाईचारे से रह सकते हैं। हमें अल्लाह ताला से नियामत मांगनी चाहिए कि हमारी जिंदगी में प्यार भाईचारा और मोहब्बत की बरसात होती रहे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिपीन बिहारी दां, कमेटी के सदस्य महबूब आलम, इंतखाब अंसारी, रियाज अंसारी, इस्तेखार अंसारी, इकबाल अंसारी, असरफ अंसारी, नियामत अंसारी, एजाज अंसारी, इस्लाम अंसारी, सहूद अंसारी, अबुतालिब अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**तालझारी।** जिला पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए लगातार पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खासकर दोपहिया, चारपहिया वाहनों के कागजातों, डिक्की, हेलमेट आदि की जांच की गई। इसी क्रम में तालझारी थाना क्षेत्र के शहिद चौक पर रविवार को एस आई मनोज मालविय के नेतृत्व में जवानों के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत सभी गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया वाहनों के कागजात, डिक्की, हेलमेट आदि की भी जांच की गई। इस अभियान में दर्जनों दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के आवश्यक कागजातों की बारीकी से जांच की गई। इस वाहन चेकिंग अभियान से दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप देखा गया। वो रास्ता बदल कर जाते दिखे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**बेरमो /कथारा।** कथारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती कथारा चार नम्बर अम्बेडकर पार्क स्थित आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। नागरिक मंच कथारा द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। यहां पर नागरिक मंच द्वारा बाबा साहब प्रतिमा स्थल को विद्युत सज्जा तथा पुष्प मालाओं से सजाया गया। इस अवसर पर नागरिक मंच के सदस्य के द्वारा बताया गया कि मंच के द्वारा आगामी 15 अगस्त को बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा लगाया जाएगा मौके पर मंच के अजय कुमार सिंह,एम एन सिंह,विजय यादव,तपेश्वर चौहान,दयाल यादव,देवेंद्र यादव काशी गोप, दिनेश यादव,सुरेश महतो,प्रमोद यादव,बी एन तिवारी,लकी संतोष राम गोड, विजय नायक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### शांति समिति का बैठक आयोजित

**बरहेट।** बरहेट थाना प्रांगण में शनिवार को रामनवमी को लेकर बीडीओ अंशु कुमार पांडेय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से रामनवमी को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने व उसके उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली जुलूस व अखाड़ा को शांति पूर्ण तरीके से मनाने पर विचार मंथन किया गया, वहीं थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की गलत अफवाह यदि किसी के द्वारा फैलाई जाती है तो इसकी त्वरित सूचना बरहेट थाना पुलिस को दें। बताया गया कि इन दोनों आदर्श आचार संहिता लागू है इसको ध्यान में रखते हुए उत्सव और कार्यक्रम किए जाएं, राम नवमी का जुलूस निकालने के दौरान मध्यम ध्वनि में डीजे व संगीत का इस्तेमाल करें तथा किसी भी प्रकार आहत पहुंचाने वाले गाना को ना बजाने व सोशल साइट्स पर अभद्र टिप्पणी पोस्ट से बचने का अपील किया ताकि किसी भी प्रकार की विधि व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न नहीं हो। बैठक में मुख्य रूप से झामुमों के प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान, उप प्रमुख रूपक साह, समाजसेवी एजाज अली, मजीतुल्लाह अंसारी , जाकिर मोमिन, संजय ठाकुर सहित बहुत सारे समाज के गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी, बुद्धिजीवी तथा राजनीतिक हस्ती उपस्थित रहे।

### जयंती पर याद किये गये डॉ भीमराव अंबेडकर

**साहिबगंज।** शहर के जेएल राय रोड़ स्थित आजसू के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडेय के नेतृत्व में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।आजसू कायकताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए।साथ ही जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कार्यकताओं ने बाबा साहेब के बनाए गए संविधान एवं उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडेय ने बताया कि डॉक्टर अंबेडकर ने अपने ज्ञान के माध्यम से विश्व को नई दिशा दिखाई है।

साहिबगंज जिले में चल रहे शहरी जलापूर्ति योजना का डीडीसी, एसडीओ एवं अन्य पदाधिकारी ने लिया जायजा

# एक सप्ताह के अंदर काम पूरा करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में चल रहे शहरी जलापूर्ति योजना के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे डीसीसी, एसडीओ एवं अन्य पदाधिकारी। चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया सर्वप्रथम निरीक्षण करने कमल टोला स्थित पहुंचे जहां की चल रहे कार्यों को देख नाराजगी जताते हुए कंपनी के कर्मियों को जमकर फटकार लगाई एवं सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का काम एक सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है। वही उसके बाद जयप्रकाश चौक वार्ड नंबर 22 में चल रहे कार्यों का जायजा लेने जब पहुंचे तो वहां के ग्रामीणों ने पदाधिकारी के सामने अपनी अपनी आपबीती सुनाई कहा कि पिछले एक सप्ताह से इन मजदूरों के द्वारा लगभग 20 घरों का नाली का पानी जो की में रोड में नाली में मिला हुआ है उस गली के पाइप को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे कि लगभग 15 से 20 घरों का पानी बाधित हो गया सभी लोगों को नहाने से लेकर अन्य कार्यों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार कंपनी के कर्मियों के द्वारा बताया जा रहा है की अगले दिन यह कार्य पूरा हो जाएगा लेकिन अब तक नहीं हुआ है यह सब सुन डीडीसी ने पीएचडी एसडीओ एवं कंपनी के ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई कहां की



लोगों को योजना का लाभ देने के लिए सरकार की ओर से यह कार्य करना है ना कि आम जनता को परेशानी हो जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं डीडीसी ने कंपनी के ठेकेदार से पूछा की वार्ड नंबर 22 के गली का काम कब तक पूरा होगा। तो उन्होंने बताया कि 1 घंटे में मजदूर लगाकर इस गली में जल आपूर्ति योजना के कार्यों को पूरा कर दिया जाएगा इससे पूर्व पीएचडी के कई पदाधिकारी ठेकेदार को कहकर गए लेकिन कार्य पूरा नहीं हुआ आज भी डीडीसी के कहने के बाद भी कार्य को पूरा नहीं किया गया अब सवाल यह उठता है कि क्या कंपनी के ठेकेदारों को पदाधिकारी का डर नहीं है। जो अब तक कार्य में हाथ भी नहीं लगाया गया वहीं पूरे शहर में एक सप्ताह के अंदर जल आपूर्ति योजना के कार्यों को पूर्ण कर हर घर जल देने का निर्देश दिया है। नहीं तो उचित कार्रवाई की जाएगी। बता दे की इन योजनाओं को पूरा करने में अब तक कितना समय लगा। साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना 15 मई 2021 तक चालू होनेवाली थी, मगर अगस्त के पहले सप्ताह तक भी चालू नहीं हो पाई। जिसके बाद पिछले पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता विजय एडमिन का तबादला कर दिया गया। इस वजह से काम की रफ्तार और धीमी हो गई। मई 2021 में ही जलापूर्ति शुरू होने की बात थी लेकिन के पंप के लिए बोरियो अंचल के गोपालचौकी में भूमि अधिग्रहण करने में जिला प्रशासन को करीब चार माह लग गए। अप्रैल में भूमि का अधिग्रहण कार्य पूर्ण हुआ जिसमें बाद काम शुरू हुआ। इसी बीच कोरोना की दूसरी लहर आ गई और उद्योगों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बंद कर दी गई। इस वजह से जेट्टी के निर्माण में बिलंब हो गया। वैसे विभाग ने सितंबर तक की अवधि विस्तार कंपनी को दे दिया है लेकिन उस समय तक भी पूरा होगा इस पर संशय है। जिला मुख्यालय के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2001 में योजना बनी। 2002 में 2.29 करोड़ रुपये का आवंटन आया। यह राशि लंबे समय तक कोषागार में पड़ी रही। काम शुरू नहीं हुआ। हाईकोर्ट के निर्देश पर 50.64 करोड़ का प्राक्कलन बना। गुजरात की कंपनी डोशियन को इसका ठेका मिला। कंपनी ने हाथीपार्क में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा एसडीओ आफिस के पीछे व अंजुमननगर में एक-एक पानी टंकी का निर्माण कराया। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी टंकी तक पाइप लाइन बिछाया गया। 31 जुलाई 2014 तक काम पूरा करना था लेकिन बार-बार इसे बढ़ाया जाता रहा।

## कांग्रेस नगर बूथ कमेटी बनाने को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** कांग्रेस भवन में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक वार्ड अध्यक्ष एवं वार्ड कमेटियों की हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मो अलीमाम उर्फ टिंकू ने किया। बैठक में जिस वार्ड में बूथ कमेटी का गठन नहीं हुआ है। उसे इसी महीना में पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी नलीन सोरेन को नगर से बहुमत दिलाने का संकल्प लिया। जिस वार्ड में बूथ कमेटी गठन करने की तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें वार्ड नंबर 01 में 18 अप्रैल, वार्ड नंबर 10 में 15 अप्रैल, वार्ड नंबर-17 में 19 अप्रैल एवं वार्ड 12 में 23 अप्रैल को बूथ कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मो अलीमाम ने कहा की विगत 5 वर्षों से भाजपा प्रत्याशी का दुमका नगर में किसी भी तरह का नगर वासियों को कोई भी सुविधा नहीं दिया गया। नगर वासियों को जिस तरह से होल्डिंग टैक्स में बढ़ोतरी का मार झेल रहें है। पानी सप्लाई कनेक्शन में बढ़ोतरी में काफी वृद्धि की गई है। बिजली के बिल में अब पहले के अनुपात कई गुना ज्यादा बिजली बिल भी आने लगा है। लोगों की जमा पूंजी को केंद्र सरकार जबरन लुटने का प्रयास कर रही है। भाजपा सांसद ने आजतक नगर वासियों की जमा पूंजी को बचाने को लेकर सरकार से कोई आग्रह नहीं किया गया है। भाजपा ने दुमका से प्रत्याशी को बदल दिया है। भाजपा जानती हैं कि दुमका लोकसभा में सांसद के द्वारा जनहित में कोई भी कार्य नहीं किया गया है और नहीं लोकसभा में झारखंड के आवाज को बुलंद किया है। इस बार भाजपा ने प्रत्याशी बदल दिया है। उनका बोतल वही रहता है स्टीकर बदल दिया जाता है। इस बार स्टीकर के रूप में सीता सोरेन को लाया गया है। पिछले कुछ महीनो तक भाजपा के नेता कार्यकर्ता जिस विधायक को पानी पी पीकर कोसते थे और निकम्मी विधायिका कहते थे। आज उसी को सिर पर बैठाकर विकास करने की बात कर रहे हैं। जनता भाजपाइयों की करनी और कथनी के अंतर को जान चुकी है। बैठक में जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष अरविंद यादव, आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष सुनील हेम्ब्रम, विधायक प्रतिनिधि सत्यनारायण यादव, कुंदन यादव, दशरथ मंडल, रवि वर्मा, मो सरफराज, मुकेश यादव, अमित शर्मा, मिठू यादव, रुपेश सिंह, सुभास राउत, असगर आदि मौजूद रहे।

## व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के करगली और फुसरो दामोदर तट से लेकर विभिन्न जलाशयों के किनारे तीसरे दिन रविवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अस्त होने वाले भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना की। चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार को व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पर्व के चौथे और अंतिम दिन यानी सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालुओं का व्रत संपन्न हो जाएगा। इसके बाद व्रती अन्न-जल ग्रहण कर 'पारण' करेंगे. हिंदू परंपरा के अनुसार, कार्तिक और चैत्र माह में छठ व्रत का आयोजन होता है। इस दौरान व्रती भगवान भास्कर की अराधना करते हैं।

### अग्नि प्रवेश के साथ श्री श्री मारूती नंदन महायज्ञ सह हनूमत प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक अनुष्ठान व यज्ञ परिक्रमा शुरू

**बेरमो /फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के आंबेडकर कॉलोनी, (भोला नगर) के हनुमान मंदिर में पाँच दिवसीय श्री श्री मारूती नंदन महायज्ञ सह हनूमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को वेदी पूजन, जलाधिवास, फलाधिवास यज्ञ कुंड में अग्नि प्रवेश के साथ परिक्रमा शुरू हुई। जहां यज्ञाचार्य हरिशरणम् कुटीर बी देवधर से आये पंडित हीरा लाल शास्त्री एवं बतौर सहयोगी विकास कुमार शास्त्री, रविंद्र कुमार शास्त्री, सुरज कुमार पांडेय व अरविंद शास्त्री के द्वारा पूरे विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे है। मुख्य यजमान संतोष बाउरी एवं उनकी पत्नी अनिता देवी, अर्जुन रविदास एवं उनकी पत्नी कमला देवी, शिबू मुणडा एवं उनकी पत्नी तुलसी देवी, कुमार हरिष एवं उनकी पत्नी ममता देवी, गौतम भुईया एवं उनकी पत्नी बरखा देवी शामिल है। कमेटी के अध्यक्ष उमेश रवि ने बताया कि 15 अप्रैल को वेदी पूजन, पुष्पाधिवास, एवं 17 अप्रैल को वेदी पूजन, हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा की पूणार्हुति एवं दरिद्र नारायण भोज होगी. बताया कि महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष उमेश कुमार रबि, उपाध्यक्ष राजेश राम, सचिव अशोक रविदास, उपसचिव चन्दन बाउरी , दिपक भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रंजीत खुराना, उप कोषाध्यक्ष तुलसी कुमार, संगठन मंत्री विजय कुमार, सहायक संगठन मंत्री संदीप भारती, उप संगठन मंत्री राकेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम बाउरी, अजय कुमार, सोनू कुमार, सोनू बाउरी, राहुल रजवार, करण कुमार, रोहित बाउरी, साहिल कुमार, महेंद्र मुंडा, रवि कुमार, राजु गोप बादल, मुरली रविदास आदि लोग है।

### दो दिवसीय प्रशांत मुखर्जी मेमोरियल कैरम टूनार्मेंट का हुआ समापन

**दुमका।** बंगला नववर्ष के अवसर पर पोपुलर क्लाब दुमका द्वारा दो दिवसीय प्रशांत मुखर्जी मेंमोरियल कैरम टूनार्मेंट का समापन रविवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में करीब 10 प्रतियोगी ने भाग लिया। बालिका वर्ग में बिजेता प्रियंका हांसदा एवं उप बिजेता दीक्षा सोरेन दोनो सिधो कान्हु हाई स्कूल के छात्रा है। बालक वर्ग में बिजेता में अरहन आयुबि और उप बिजेता आदित्य राज रहे। महिला वर्ग में बिजेता शिप्रा झा और उपविजेता सुधा मिश्रा रहे। पुरुष वर्ग में बिजेता नितिश कुमार और उपविजेता राशिद ईकवाल रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला कैरम संघ, दुमका के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी जिला कैरम संघ के सचिव चन्दन झा ने दी। यह प्रतियोगिता को सफल बनाने में कैरम संघ के अध्यक्ष बिकास झा, उपाध्यक्ष गौतम लायक, दिनेश मंडल, पपुलार क्लाब के अध्यक्ष सपन दे, उपाध्यक्ष मुस्ताक अली, सचिव राखी सेनगुप्ता , शुभेन्दु चक्रवर्ती, बादल चटर्जी, तिलक चक्रवर्ती, अशोक साह, पल्लव चक्रवर्ती, शेखर दासगुप्ता, पुलक दास, पार्थ मुखर्जी और सभी क्लाब के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बंगला नववर्ष के अवसर पर पोपुलर क्लाब में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पोपुलर क्लब के सदस्य शामिल थे।

## श्री श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर निकाली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** जारीडीह बाजार स्थित आइडिया टावर के समीप नव निर्मित श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें आसपास के सैकड़ो बच्चियों और महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा में दामोदर नदी से कलश में जल भरकर वापस पंचमुखी मंदिर पहुंची दिनांक 15 तारिक से यज्ञ एवं बेदी पूजन आरंभ होगी तथा 17 तारीख को भंडारा किया जाएगा इस अनुष्ठान के पुजारी गोवर्धन शास्त्री शिवकुमार शास्त्री धनंजय शास्त्री गोलू शास्त्री के द्वारा विधि विधान से पूजन कराया जा



रहा है वही जजमान राजकुमार साहू सुरेश साहू दिनेश जयसवाल गुलशन साव है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी अनिल अग्रवाल विनोद चौरसिया मुकेश सिन्हा कन्नू यादव राज वर्मा करण कुमार सनी चाहत छोटू सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## धूमधाम के साथ मनाया गया बांगला नववर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड बागांली समिति के सदस्यों द्वारा रविवार को पारम्परिक तरीके से किया बांगला नववर्ष डा. बाणी सेनगुप्ता के अगुवाई में मनाया। सर्वप्रथम नवोदित सुर्य को अर्घ तथा मंगलदीप जलाकर समुह, समाज और राष्ट्र की लिए मंगलकामना किया। बड़ा बांध तलाब में मंगलदीप प्रवाहित कर तथा उगते हुए सुर्य को अर्ध्य देकर दुमका के



बंगभाषी समुदाय बांगला नववर्ष 1431 को भव्य तरीके से मनाया। शहर में जुलूस निकालकर समुदाय के लोग पारम्परिक परिधानों में सज-धजकर सुर्योदय के समय बड़ा बांध तलाब के किनारे जमा होकर शंखनाद,उलुध्वनी और एसो हे बैशाख एसो रवीन्द्र संगीत गाकर नये साल को स्वागत किया। सदस्यों ने शहर के महापुरुषों की प्रतिमाओं को नमन कर धर्मस्थान में पूजा कर मंगल कामना कर एक दुसरे से गले मिलकर कुशल विनिमय किया। पहेला बैशाख सिंगारी समुदाय के एक महत्वपूर्ण त्योहार के रुप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में इस पर्व के प्रमुख तीन परम्पराओं को आसानी से देखा जा सकता है। प्रथम परम्परा है धार्मिक दूसरा पारिवारिक और बाजारवादी तथा तीसरे परम्परा है धर्म-वर्ण-जाति से ईतर शूद्ध सांस्कृतिक। व्यवसायी समुदाय कांसा के कलसी से जल भरकर अपने प्रतिष्ठान में गणेश और लक्ष्मीजी की पूजा पाठ कर व्यवसायिक लेन-देन के नए वहीं खाता खोलकर उत्सव मनाते हैं, ग्राहकों को मिष्टान्न भोजन कराते हैं। आज के कार्यक्रम में बिमलभूषण गुहा, डा. बाणी सेनगुप्ता, दयामय माजि, सुव्रत सिंह, गौतम सिन्हा, देव मुखर्जी, श्यामल गराय सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

एक नजर में

### बोकारो बियाडा फेज 3 की एक कंपनी में शार्ट सर्किट से लगी आग

**बोकारो।** बोकारो औद्योगिक क्षेत्र में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब फेज 3 स्थित ईश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में अचानक भीषण आग लग गई। घटना सुबह 5 बजे की बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अग्निकांड में फैक्ट्री में लगे 33 केवी के तीन ट्रांसफर सहित इलेक्ट्रिक सबस्टेशन पूरी तरह जल गये। घटना की सूचना पर लगभग 15-20 मिनट में अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फैक्ट्री मालिक संजय राय ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना घटी है। फिलहाल आगलगी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इस घटना में करीब एक-डेढ़ करोड़ के आसपास नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है। हालांकि राहत वाली बात ये है कि इस घटना में किसी मजदूर के साथ कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि आग लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

### बीजीएच में अत्याधुनिक सी टी स्कैन का उद्घाटन

**बोकारो।** बोकारो जेनरल अस्पताल में 128 स्लाइस स्टेट ऑफ दि आर्ट अत्याधुनिक सी टी स्कैन मशीन का उद्घाटन निदेशक प्रभारी आरएसपी अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बीएसएल अतानु भौमिक ने बीएसएल के अधिशासी निदेशक एवं बीजीएच के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सहित अन्य वरीय अधिकारियों एवं चिकित्सकों की उपस्थिति में किया। इस अत्याधुनिक सी टी स्कैन मशीन से मरीजों की जाँच में और बेहतरी आएगी। इस सीटी स्कैन में लो रेडिएशन डोज स्कैनिंग टाइम में कमी हाई रेसोलूशन 3 डी इमेज एआई आधारित कंट्रोल सिस्टम सहित कई और सुविधाएँ हैं। साथ ही इससे कार्डिएक स्कैनिंग एवं कोरोनरी एंजियोग्राफी भी अधिक दक्षता एवं सटीक रीति से की जा सकेगी जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा।

### जीजीएस एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस में कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज बोकारो में मेजर रिफॉर्म्स इन एक्रिडिटेशन ऑफ हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स विषय पर राष्ट्रस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कॉलेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने स्वागत भाषण करते हुए बताया कि एन.ए.ए.सी. द्वारा एक्रिडिटेशन के नियमों में किये गये बदलावों की अद्यतन जानकारियों से अवगत कराने हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। अतिथि वक्ता डॉ. देवयानी सिंह सहायक प्रो तथा आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक बोकारो सिटी कालेज ने अपने संबोधन में किसी भी संस्थान के सर्वांगीण विकास में उसके हेड हार्ट हैंड की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। अतिथि वक्ता डॉ. कुमार नाथ झा अंग्रेजी विभाग प्रमुख चास कॉलेज ने एन.ए.ए.सी. की आवेदन प्रक्रिया तथा उसके विभिन्न चरणों के बारे में सविस्तार चर्चा की। दूसरे दिन ऑनलाइन सत्र में डॉ मंदार देशमुख ने अपने वक्तव्य में कंप्यूटर लैबोरेट्रीज के उपयुक्त रखरखाव के विषय में जानकारियां साझा कीं। इस प्रकार कार्यशाला में टेक्निकल सत्र प्रश्नोत्तरी सत्र एवं आनलाइन सत्र तीनों आयोजित हुए। इस कार्यशाला का समन्वयन व संचालन एमबीए विभाग प्रमुख प्रो विकास जैन तथा आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक प्रो सिमरन भीमजियानी ने किया।

### धर्म के मार्ग पर चलकर ही भारत बनेगा विश्व गुरु: धर्मवीर

**बोकारो।** सेक्टर 6 टीवी टावर सांगजोरी बस्ती में अवस्थित श्री श्री कल्याणेश्वर नाथ शिव मंदिर एवं दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और राम जी लक्ष्मण जी एवं सीता माता के भव्य मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हेतु विधिवत पूजन कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी निमित्त कलश जलयात्रा का नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर से चलकर सेक्टर 6 गरगा नदी से विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल लेकर सैकड़ों महिलाएं पुनः मंदिर में पहुंचीं। इस अवसर पर बोकारो के सामाजिक कार्यकर्ता एवं नेता धर्मवीर सिंह उपस्थित ने कहा कि धर्म की सदैव जय होता है और अधर्म का नाश। धर्म के मार्ग पर चलकर ही भारत विश्व विजेता बन सकता है। पूजा अर्चना का काम आचार्य संजय शास्त्री एवं पुजारी बिनोद शास्त्री के द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य यजमान शर्मा जी अविनाश कुमार विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### बोकारो के जिला जज का देवघर तबादला

बोकारो। बोकारो के जिला जज तृतीय राजीव रंजन का देवघर तबादला कर दिया गया वहीं जिला जज चतुर्थ योगेश कुमार सिंह को रांची स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार तेनुघाट के जिला जज राजेश सिन्हा का दुमका तबादला हुआ तो देवेश कुमार त्रिपाठी को जमताड़ा से बोकारो में स्थानांतरित किया गया है। जबकि जिला जज दीपक बरनवाल को राजमहल से बोकारो तबादला किया गया है। बोकारो के वरिष्ठ युवा अधिवक्ता रणजीत गिरि ने चारों न्यायिक अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### कई न्यायिक पदाधिकारियों का बोकारो स्थानांतरण

**बोकारो।** बोकारो के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मीनाक्षी वर्मा को पदोन्नति देते हुए गिरिडीह का एसडीजेएम बनाया गया है। वहीं बोकारो की एसडीजेएम सुश्री रश्मि चंदेल को डाल्टनगंज भेजा गया है। मुंसिफ समीरा खान को बोकारो से डाल्टनगंज भेजा गया है। बोकारो की डीएलएसए के सचिव निभा रंजन लकड़ा को बोकारो में सीनियर डिवीजन सिविल जज के रूप में पदस्थापित किया गया है। गिरिडीह के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अभिनंदन पांडेय को बोकारो पदस्थापित किया गया है। गोड्डा से किशोर कुमार को बोकारो लाया गया है। मोहित को हजारीबाग से बोकारो पदस्थापित किया गया है। सृष्टि कुमारी को हजारीबाग से बोकारो लाया गया है। अभिनंदन पांडेय को मुंसिफ सह जेजे बोर्ड बोकारो का प्रधान दंडाधिकारी सह जज इंचार्ज बोकारो के रूप में पदस्थापित किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### बरकाकाना में जनसंघर्ष मोर्चा ने बाबा साहेब की जयंती मनाया



**बरकाकाना।** अंबेडकर जनसंघर्ष मोर्चा और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने रविवार को घुटुवा में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया। जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रंजीत राम ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं थे, हर पीड़ित व शोषित की प्रखर आवाज थे। मानवाधिकार के अमीत कुमार ने कहा कि बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए समाज के अंतिम पायदान के लोगों को पूर्ण रूप से शिक्षित कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ना होगा। मौके पर रंजीत राम,अमित कुमार,शंकर मिस्त्री, सुरेन्द्र पाण्डेय,शंकर कालिंदी, रामबीर कुमार, सोनू कुमार, शम्भु कुमार, धर्मनाथ कुमार, प्रमोद राम, रतन कुमार, चंदन बेदीया, धनेश्वर महतो, शाखा राम, आशिष राम, मनोज राम, बिक्रम राम,सुभाष कालिंदी,केदार राम, विक्की राम, रिक्की कुमार, कुण्दन कुमार, ईश्वर दयाल महतो, शिव कुमार, आदित्य कुमार आदि उपस्थित थे।

### सूर्य षष्ठी महायज्ञ में भंडारा कल



भुरकुंडा (रामगढ़)। नदी तट स्थित छठ मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ के छठे दिन रविवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों व बच्चों की भारी भीड़ अहले सुबह से उमड़ी रही। देर रात तक श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि व हरियाली खुशहाली की कामना की। सोमवार को पूर्णाहुति व हवण के साथ महायज्ञ का समापन होगा।16 अप्रैल को भव्य भंडारा होगा।

### सौंदा डी में मनी अंबेडकर जयंती



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी में रविवार को संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा ने बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सपनो को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। पीओ ने कहा कि समाज का संपूर्ण विकास के लिए शिक्षित होना जरूरी है। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, संजय यादव, एचएन यादव, रुदल कुमार, दशरथ कुर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

### छठव्रतियों ने सूर्य को दिया अर्घ्य



**रामगढ़।** शहर और आसपास रविवार को छठव्रतियों ने नदियों व सरोवरों में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर खुशहाली की कामना की। शहर के बिजुलिया तालाब छठ घाट और दामोदर नदी छठ घाट पर खूब चहल पहल रही। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती अपने परिजनों के साथ पहुंचे थे। सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न हो जाएगा।

### झारखंड की संस्कृति है सरहुल : अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड स्थित सरना स्थल में शनिवार को सरहुल पूजा समिति के तत्वावधान में मिलन समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया व संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। महोत्सव में विधायक अंबा प्रसाद, विधायक जेपी पटेल, भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व मुखिया अजय पासवान, पूर्व पार्षद दर्शन गंझू शामिल हुए। अंबा प्रसाद ने कहा कि सरहुल झारखंड की संस्कृति की पहचान है। विशिष्ट अतिथि निशि पांडेय ने लोगों को पेड़ों की कटाई नहीं करने सहित अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों की सुरक्षा हमसबों को दायित्व है। निशि पांडेय ने कहा कि सरहुल जल, जंगल, जमीन व संस्कृति की रक्षा का भी संदेश देता है।

# दिगवार में रामनवमी तोरणद्वार में लगायी आग

## दोनों समुदाय ने की घटना की निंदा, कहा-दोषियों पर हो कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़/(कुजू)।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिगवार चौक पर रामनवमी को लेकर लगाए गए तोरणद्वार में शनिवार रात करीब डेढ़ बजे असमाजिक तत्वों ने आग लगाकर क्षेत्र के सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का असफल प्रयास किया। असामाजिक तत्वों ने बड़ी चालाकी से तोरण द्वार के बगल गली से छिपकर मशाल के माध्यम से तोरणद्वार में आग लगाई है। घटना की खबर पाकर क्षेत्र के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। माहौल धीरे-धीरे गर्म होने लगा। लेकिन दोनों समुदाय के प्रबुद्ध जनों ने आगे बढ़कर मामले को नियंत्रित किया। खबर पाकर रामगढ़ एसडीएम आशीष गंगवार, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार, मांडू बीडीओ संजय कोंगाड़ी, अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी, मांडू पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय,अनिल सदानंद कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला। घटनास्थल के निकट पड़े मशाल को जब्त किया। एसडीएम सहित उक्त सभी अधिकारियों ने दिगवार चौक स्थित पंचायत भवन में क्षेत्र के दोनों समुदाय के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियों सहित आम लोगों के साथ की बैठक।

एसडीएम ने शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्र के दोनों समुदाय के लोगों व जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिसने भी इस प्रकार के कृत्य को करके क्षेत्र के सांप्रदायिक सौहार्द वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास किया है, उसे हर हाल में चिन्हित कर दंडित किया जाएगा। पूरा जिला प्रशासन गंभीर है। उन्होंने कहा कि हम पर आप सभी विश्वास करें। हमारे ऊपर जिले के एसपी और डीसी भी हैं। जहां आप जाने को स्वतंत्र हैं। लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि ऊपर के पदाधिकारी के पास जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सीसीटीवी फुटेज में मोटरसाइकिल तथा उस पर सवार दो लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया जाएगा। आप चाहें तो अपनी ओर से आवेदन दे सकते हैं। एसडीएम ने बैठक में मौजूद लोगों से अपनी बातों को रखने की बात कही। लोगों ने प्रशासन को कहा कि इस तरह की घटना करने वाले की हर हाल में पहचान होनी चाहिए। कुकृत्य करने वाले का कोई धर्म संप्रदाय नहीं होता। दोषी की पहचान और सजा अवश्य मिलनी चाहिए।

बैठक में जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों के अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों में मनोज गिरी, शमीम अंसारी,हरि नारायण कुशवाहा, द्वारिका प्रसाद भंडारी, अरूण कुमार कुशवाहा, खेमलाल महतो, डाक्टर रोहण लाल, वार्ड पार्षद कुलदीप प्रसाद कुशवाहा, अर्जुन यादव, दिलेश्वर कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, विनोद कुशवाहा आदि मौजूद थे।



क्षतिग्रस्त तोरणद्वार।



घटना की जांच करते एसडीएम आशीष गंगवार।

### दिगवार चौक पर भारी पुलिस बल हुये तैनात

घटना के बाद क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिले से वज्र वाहन, पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस को दिगवार चौक पर तैनात कर दिया गया है। एसडीएम, एसडीपीओ, बीडीओ,सीओ,सहित मांडू पुलिस इंस्पेक्टर, मांडू,कुजू थाना प्रभारी कैंप किए हुए हैं। स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# हजारीबाग जिले में तोड़ी जा रही है नशे के सौदागरों की कमर

## जल्द हीं गिरफ्त में होगा सरगनाः अरविंद कुमार सिंह

अभय सिंह

**हजारीबाग।** नशे के खिलाफ जिला प्रशासन ने अभियान छेड़ रखा है। ये पहली बार हो रहा है कि बड़े पैमाने पर नशे की खेप पकड़ी जा रही है जो काबिलेतारीफ है। जब से हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कमान संभाला है तब से नशे के खिलाफ इनकी कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। पहले भी कार्रवाई होती थी मगर कुछ दिनों के बाद ये शिथिल पड़ जाती थी और फिर से नशे के विषबेल पनपने लगते थे। इस बार ऐसा नहीं हो रहा। नशे के सौदागारों का कमर योजनाबद्ध तरीके से लगातार तोड़ा जा रहा है। इस क्रम में चौपारण के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के भी योगदान का चर्चा करना जरूरी है। चौपारण के चोरदाहा चेकपोस्ट नशा व अन्य अनैतिक कार्यो के लिए हमेशा से बदनाम रहा है। बिहार और झारखंड का बार्डर होने के कारण एक राज्य से दूसरे राज्य में नशें के कारोबारी पुलिस की मिलीभगत से अपने कारोबार को इस कदर फैला चूके थे कि उनसे निपटना मुश्किल हो रहा था। लेकिन अरविंद सिंह के हजारीबाग एसपी के रूप में चार्ज लेते हीं सारा खेल बदल गया। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। ऐसी नकेल कसी है कि माफिआ सकते में हैं। ज्ञात हो कि एसपी ने अपने पहले प्रेस वार्ता में ही नशे के सौदागरों को इस कारोबार को बंद करने अन्यथा सजा भूगतने को तैयार रहने को कहा था। उनकी यह बात अब सच साबित हो रही है। हालांकि अभी भी इस क्षेत्र में प्रशासन को बहूत काम करने हैं। जिस तरह से ब्राऊन शूगर हजारीबाग के गली-



मोहल्ले में प्रवेश कर गया है। उसे हर हाल में रोकना होगा। नशे के बड़े कारोबारियों को सलाखों के पीछे भेजना होगा। बहरहाल एसपी ने जो एक रास्ता रूख अख्तियार किया है उसकी सराहना होनी चाहिए।

### एक करोड़ की मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

एसपी अरविंद कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता में कहा कि चौपारण में लगातार अफीम और डोडा के खिलाफ हजारीबाग पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस मामले में उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दो लोग बाइक के माध्यम से अफीम और डोडा लेकर बिहार की ओर चौपारण बॉर्डर होते हुए जाने वाले हैं। इसके बाद एसपी अरविंद कुमार सिंह ने टीम का गठन किया। टीम ने जांच अभियान चलाया जिसमें दो मोटरसाइकिल को पकड़ा गया। उनके पास से 40 किलो डोडा और 3 किलो अफीम बरामद हुआ। पूछताछ के क्रम में एक व्यक्ति के निशानदेही पर एक और जगह छापामारी की गई। वहां भी डोडा और अफीम पुलिस ने बरामद किया है। एसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ हमारी अभियान जारी रहेगी। जल्द ही सरगना को पकड़ भंडाफोड़ कर दिया जाएगा।

## रामनवमी में पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराये गये हैं : आइजी



**हजारीबाग।** हजारीबाग के प्रसिद्ध रामनवमी उत्सव को लेकर हजारीबाग में बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज के नेतृत्व में उच्च स्तरीय बैठक हुयी। बैठक में एसपी अरविंद कुमार सिंह ,डीआईजी सुनील भास्कर समेत जिले भर के डीएसपी और एसडीपीओ शामिल हुए। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी संपन्न कराने का लेकर चर्चा हुयी। कई दिशा निर्देश दिये गये। आईजी एस माइकल राज ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा बल रामनवमी के दौरान उपलब्ध कराए गए हैं। इस वर्ष चुनाव को लेकर विशेष सावधानी भी बरती जा रही है। जूलूस के दौरान ड्रोन से नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में जितने लोग सांप्रदायिक मामले में जेल गए और बेल पर है उन सभी को नोटिस निर्गत किया है। शराब के गोरख धंधे करने वालों पर नजर रखी गई है। आर्म्स एक्ट को लेकर 10 सालों में जो जेल गए हैं उन सभी को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान जनता का भरपूर सहयोग भी मिलता है। यह उम्मीद की जा रही है कि इस बार हजारीबाग की जनता प्रशासन को भरपूर सहयोग करेगी। जिला प्रशासन ने रामनवमी जूलूस में डीजे पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने इस पर कहा कि जिला प्रशासन सभी बिंदुओं पर चर्चा विमर्श करने के बाद फैसला लेती है। स्थानीय कारण को देखते हुए डीजे प्रतिबंधित किया गया है।

## आशीर्वाद दें, रोजगार सृजन करेंगे : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने रविवार को शहर के अंबेडकर चौक पर समता, मूलक के परिचायक भारत के संविधान निमार्ता बोधित्व बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने विष्णुगढ़ प्रखंड के 13 पंचायतों के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उनके साथ आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी तिवारी महतो भी साथ रहे। जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेलवारा से किया। भिलवारा आठ माइल, विष्णुगढ़ सात माइल, बेड़ा हरियारा, खरना, महादेव बर, भंडेरी, बारा सहित कई जगहों का दौरा कर कमल निशान पर बटन दबाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में गरीबी हटाओ का नारा देकर जनता को सिर्फ ठगने का काम किया गया। लेकिन असल रूप में देश का विकास और गरीबों का उत्थान पिछले 10 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने कर दिखाया है। राष्ट्र के विकास और गरीबों के संपूर्ण उत्थान एवं कल्याण हेतु फिर एक बार भाजपा का साथ दें। उन्होंने कहा कि आपका आशीर्वाद रहा तो देश के विभिन्न महानगरों और सात समंदर पार काम करने वाले इस क्षेत्र के प्रवासी मजदूर की आवाज बनूंगा और स्थानीय स्तर पर उनके रोजगार सृजन की दिशा में सकारात्मक प्रयास करूंगा। मौके पर विशेषरूप से आजसू नेता सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष किशोर मंडल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, आजसू केंद्रीय सदस्य रंजीत गुप्ता, आजसू जिला उपाध्यक्ष लिलो महतो, रूपेन्द्र महतो, दिपु अकेला ,निर्मल कुमार, भाजपा कार्यकर्ता टेकलाल यादव, राजेश सोनी, सन्तोष कुमार महतो, मधुसूदन प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।



# रामगढ़ में मतदान को लेकर युवतियों में उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिससे लोग मतदान के प्रति जागरूक हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा लोगों को मतदान करने की पहल पर दैनिक खबर मन्त्र की ओर से भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसका परिणाम सामने आ रहा है और लोग चुनाव में मतदान के लिए उत्सुक दिख रहे हैं। जो युवा पहली बार मतदान करेंगे उनमें अधिक उत्साह है।

इस बार लोकसभा चुनाव में रामगढ़ गोला रोड निवासी सुकृति सिन्हा पहली बार मतदान करेंगी। मतदान को लेकर उन्होंने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव में मतदान करूंगी। क्योंकि मतदान करने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा इसलिए सभी को मतदान करना चाहिए। जबकि पोचरा निवासी श्रेयसी कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोट डालेंगी। उन्होंने कहा कि 20 मई को मैं मतदान करूंगी, हमारा लोकतंत्र मजबूत हो और देश आगे बढ़े। पहली बार मतदान करने को लेकर थाना चौक गणक नगर निवासी श्रुति कुमारी ने कहा कि इसको लेकर मैं उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को मतदान करना चाहिए। कहा कि मतदान करने से जहां लोकतंत्र मजबूत होता है वहीं, देश को आगे बढ़ाने में भी इससे मदद मिलती है। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि किसी व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में किसी कारण से नही जुड़ पाया है वे 25 अप्रैल तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 ऑनलाइन तरीके से भरना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से यह प्रयास किया जा रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोग मतदान करें। इसको लेकर प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**खबर मन्त्र की पहल**

### सुकृति,श्रेयसी और श्रुति पहली बार करेंगी मतदान

**नए मतदाता 25 अप्रैल तक सूची में दर्ज करवा सकते हैं नाम : उपायुक्त**



सुकृति सिन्हा, श्रेयसी कुमारी और श्रुति कुमारी

## एक नजर में

### इचाक में मतदाता जागरूकता को ले मैराथन दौड़



इचाक। प्रखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लक्ष्य नवयुवक संघ के पहल पर कैरियर स्टडी प्वाइंट के सहभागिता से मैराथन दौड़ हुआ, बीडीओ संतोष कुमार, सीआई लवकेश सिंह, बीपीओ राजीव आनंद, अंचल बडा बाबू ओम प्रकाश, बीपीएम जेएसएलपीएस समेत कई पदाधिकारी, पत्रकार, युवक -युवतियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया।संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदान के प्रति शपथ दिलाया। मैराथन दौड़ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय से प्रारंभ होकर खत्री मोहल्ला, कुंजारा मुहल्ला, थाना रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। इस दौरान बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बीडीओ संतोष कुमार ने लोगों से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का अपील की। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता आगे आएं और 18 वर्ष से अधिक उम्र के जिन युवाओं का मतदाता सूची में नाम नहीं है वे आंगनबाड़ी सेविका व बीएलओ से संपर्क कर 23 अप्रैल तक फॉर्म-6 भर कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करायें। मौके पर पत्रकार अरुण खुशबू, रामावतार स्वर्णकार, जीआरएस अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, गिरधारी प्रसाद, जेएसएलपीएस के कॉर्डिनेटर अवनीश कुमार,लीलावती कुमारी, राम कुमार, धीरज सोनी, बादल कुमार, करन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाएं रामोत्सवः वरुण कुमार

**विष्णुगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल , मातृशक्ति प्रखंड इकाई विभिन्न पंचायतों में रामोत्स्व मानने को लेकर प्रभु श्री राम नाम की जय घोस के साथ विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किया। जिला विशेष संपर्क प्रमुख नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रभु श्री राम अयोध्या मन्दिर में विराजमान के पश्चात पहली बार रामनवमी पर्व मनाने का सौभाग्य मिला है। श्री रामोत्स्व सभी सनातनी हिन्दू अपने घर, गांव मोहल्लों में हर्षोल्लास के साथ भगवा ध्वज, दीपक जलाकर,रंगोली बनाकर श्री रामोत्सव मनाएं।जिला सह संयोजक वरुण कुमार ने रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं देकर कहा कि मंगला जुलूस, शोभा यात्रा शांतिपूर्वक निकालें,श्री रामोत्स्व उत्साह के साथ स परिवार धूमधाम से मनाएं। रामोत्सव नगर भ्रमण कार्यक्रम में जिला सह संयोजक वरुण कुमार,गौ प्रखंड संयोजक प्रकाश राणा, अविनाश पांडेय, सुरेश कुमार,शंकर वर्णवाल, हेमलाल साव, शंभू साव,अनील कुमार,पवन कुमार, संजय महतो,श्याम सुंदर विश्वकर्मा,सुनील मंडल मनोज शर्मा समेत कई विहिप एवं बजरंगदल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सनराइज पब्लिक+2 उच्च विद्यालय ने मनायी वर्षगांठ



**दारु।** पेटो में सनराइज पब्लिक+2 उच्च विद्यालय में चौथी वार्षिक दिवस मनाया गया। विद्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंधक आशीष राउत, निर्देशक सीमा सिंह, प्रधानाध्यापिका सीता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। प्रबंधक आशीष राउत न पत्रकार, अतिथियों को मोमेंटो देकर और उनका स्वागत किया। अभिभावकों ने विद्यालय की वार्षिक स्थापना दिवस पर विद्यालय प्रबंधन और स्कूली बच्चों . को बधाई देते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। शिक्षक मनोज कुमार, आशीष कुमार, सौरभ साहा, रिंकू रजक, रामविलाश राउत, सुबोध कुमार, निशांत सिन्हा, कौशल कुमार, निधि स्नेहा, कविता देवी, खुशी सिन्हा, दिव्या कुमारी के साथ बच्चों के अभिभावक और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

### विजैया चौक पर मनी अंबेडकर की जयंती



**बरही।** गुड़ियो विजैया चौक पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मनाई। कार्यक्रम में पूर्व जीप प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो क्यूम शामिल हुए। सभी लोगों ने डॉ बीआर अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के रूप में देश को सुरक्षा कवच दिया, हम सभी को इस संविधान को बचाने की जरूरत है। कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत को सभी के लिए एक न्यायपूर्ण स्थान बनाने के लिए कड़ी मेहनत की, खासकर उन लोगों के लिए जिनके साथ उनकी जाति के कारण गलत व्यवहार किया जाता था। भारत के संविधान को लिखने में मदद करने जैसे डॉ. अम्बेडकर के विचारों और कार्यों ने दुनिया भर में कई लोगों को प्रेरित किया है। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव, डपोक पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन दास, महिला नेत्री कांति देवी, बैजनाथ यादव, सुरेश यादव, कार्तिक पासवान, विद्या सागर पासवान, रामकिशन ठाकुर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर ब्रतियों ने की सुख-समृद्धि की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजन के तीसरे दिन रविवार को प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर छठ व्रती व श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। अर्घ्य देने के साथ ही छठ मईया से देश कल्याण व परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए काफी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालू बांस की टोकरी में रखे छठ पूजन की सामग्री को सर पर रखकर गाजे बाजे व परिजनों के साथ छठ गीत गाते हुए सूर्य अस्त के पूर्व ही घाट पर पहुचने लगी थी। सूर्य की लालिमा कम होते ही महिलाओं ने पानी में उतरकर विाि-विाान से सूर्यदेव का पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने बांस के सुप व टोकरी में फलों एवं पूजन सामग्री को ऱखकर डूबते हुए सूर्य भगवान को प्रसादी लगाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं छठ व्रती महिलाओं ने सुहागिनों की मांग भरकर अखंड सौभाग्य वती होने का आशीर्वाद दिया तथा परिवार व अन्य सदस्यों ने छठ व्रतियों को चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। वहीं सुरक्षा को लेकर घाटों पर स्थानीय पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी।



**छठपूजा के आखिरी दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होगा पर्व का समापन :** सोमवार की सुबह छठ व्रती महिलाएं उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगे तथा छठी मईया को विदा करेंगी। इस तरह छठ व्रती महिलाएं 36 घण्टे निरजला उपवास के बाद अन्न और जल ग्रहण करेंगी।

## स्पीड न्यूज

### पुल के नीचे जा गिरा हाइवा, बाल-बाल बचा चालक व उपचालक

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बांय मोड़ समीप खोटाही पुल के पास एक कोयला लदा हाईवा अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा, जिससे चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हाईवा केरेडाडी आम्रपाली से कोयला लादकर कटकमसांडी डंप करने जा रहा था।

### श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

**गिद्धौर।** प्रखंड में आस्था का महापर्व चैती छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में देखा गया उत्साह एवं जबरदस्त भीड़। चैती छठ का डूबते हुए सूर्य को आज रविवार संध्या अर्घ्य दिया गया। चैती छठ को लेकर गिद्धौर के जाने-माने प्रसिद्ध रामसागर में लोगों की सैकड़ों में भीड़ देखी गई। चैती छठ पर्व में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ दंडवत देते राम सागर छठ घाट पहुंचे। जहाँ छठ घाट समिति सदस्यों ने छठ व्रतियों को नारियल व माला पहनाकर स्वागत किया। छठ घाट पर पंडित द्वारा विधिवत स्वस्तिवाचन के साथ पूजा-अर्चना की गई और सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया।

### बाबा साहब की जयंती पर हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है: मंत्री सत्यानंद

**चतरा।** रविवार को, झारखंड के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता हंटरगंज पहुँचे और डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंत्री भोगता ने अपने संबोधन में बाबा साहब के जीवन और उनके असाधारण योगदान पर प्रकाश डाला, और उपस्थित लोगों से उनके समानता और सामाजिक न्याय के संघर्ष को पूरा करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना था।

### खपरैल घर में शार्ट सर्किट से लगी आग

**इटखोरी।** जयप्रकाश नगर मोहल्ले में शनिवार की रात शार्ट सर्किट से सच्चिदानंद प्रसाद के खपरैल घर में आग लग गई, जिससे घर को भारी नुकसान पहुँचा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास-पड़ोस के लोग भी सहम गए।गृहस्वामी और आस-पास के लोगों ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड का वाहन मौके पर पहुँचा और आग पर काबू पाया। आग लगने से गृहस्वामी के परिजनों के कपड़े और कुछ महत्वपूर्ण कागजात भी जलकर नष्ट हो गए। अंचल की एक टीम ने अगले दिन घटनास्थल का दौरा किया और नुकसान का आकलन किया।

### अपराध समीक्षा गोष्ठी का अयोजन

**कोडरमा।** पुलिस अीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मासिक आपराा समीक्षा गोष्ठी का अयोजन किया गया। जिसमें पूर्व माह में प्रतिवेदित एवं लंबित काण्डों की समीक्षा की गई व विशेष सतर्कता बरतने, सभी इलाकों में सघन गश्ती करने, फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी, हाल ही में रिहा हुए एवं आपराािक प्रवृति के लोगों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये गए। साथ ही पुलिस सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें समस्याओं को सुना गया एवं उनके समााान हेतु आदेश दिया गया।

### बाबा भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मना

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। इस मौके पर बाबा साहब के विचारों को याद किया गया एवं फूल अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर देवी, राजकुमार यादव, खगेंद्र राम, इस्लाम अंसारी, राजकुमार पासवान, सुरेंद्र मोदी, डॉ. कैलाश प्रसाद, महेंद्र राम, दशरथ राम, जनकदेव राम, चंद्रिका राम, दिलीप पासवान, भातु प्रसाद रजक, रंजीत रजक, राजेंद्र राम, आदि मौजूद थे।

## नेता नहीं बेटा, भाई बनकर करेंगे सेवा और विकास का कार्य : कालीचरण सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शनिवार को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी प्रखंड के लगभग तीन दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उनके जनसंपर्क से क्षेत्र के हर वर्ग और समुदाय के लोग जुड़ रहे हैं और उनका अपने-अपने क्षेत्र में अभूतपूर्व स्वागत कर रहे हैं। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के प्रत्याशी बनाए जाने से चतरा विधानसभा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता में एक गजब का उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें अपार जनसर्थन और जन आशीष मिल रहा है, मतदाता खुद से कह रहे हैं कि 2024 में देश के लिए मोदी और चतरा के लिए कालीचरण जरूरी है। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने क्षेत्र के लोगों से कहा कि नेता नहीं बेटा और भाई बनकर सेवा और विकास के कार्य में तत्पर रहेंगे। भाजपा ने चतरा लोकसभा से मुझ पर विश्वास जताया है।

इस विश्वास को कायम रखने के लिए हमें अपने बहुमूल्य मतों से आशीर्वाद दें तो निश्चित रूप से चतरा लोकसभा क्षेत्र के बड़े मुद्दे को लेकर देश की सर्वोच्च पंचायत लोकसभा में आपकी आवाज बनकर गूंजूंगा।

मौके पर विशेष रूप से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह, विनय सिंह, गोविन्द दांगी, शालिग्राम सिंह, रत्न शर्मा, ओबीसी जिला अध्यक्ष राजेंद्र राम, मृत्युंजय सिंह, भोला सिंह, सतीश सिंह, निरंजन सिंह, गोपाल सिंह, दिलीप सिंह, नगिन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, बिरेंद्र सिंह, जितन राम सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## बाबा साहब की जयंती पर इंडिया गठबंधन ने लिया संविधान-लोकतंत्र बचाने का संकल्प

### जय भीम-जय संविधान से गूंजा कोडरमा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस निमित झुमरीतिलैया में सुभाष चौक के समीप अंबेडकर पार्क और तिलैया बस्ती स्थित अंबेडकर चौक पर इंडिया गठबनन ने बाबा साहब की जयंती मनाई। गठबनन के नेताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और जय भीम-जय संविधान का नारा बुलंद किया। वहीं इंडिया गठबनन के नेताओं ने जयंती पर संविाान-लोकतंत्र बचाने का संकल्प लिया। वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा केंद्र की सत्ता में है। भाजपा के अनगिनत नेताओं ने संबिधान बदलने हटाने की बात खुलेआम कह रहे हैं। सोशल मीडिया में कई भाजपा नेताओं का बयान वायरल है, जो 400 पार का नारा का मतलब सीधे सीधे संबिधान बदलने के लिए कह रहे हैं। दिल-दिमाग में जिनके मनुस्मृति है, वो लोग आज संविाान बदलने की बात कह रहे है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के अहंकार में डूब गई है, भाजपा के लिए संबिधान से ज्यादा मनुस्मृति ज्यादा जरूरी है। देश की जनता संबिधान और लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से इसबार बेदखल जरूर करेगी। वहीं जेएमएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, जिला सचिव श्यामदेव यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, आप जिलाध्यक्ष दामोदर यादव, भाकपा-माले नेता संदीप कुमार, राजद युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक रास्ता दिखाया, देश के वंचित, गरीबो, शोषितों और गरीबों को अिकार दिया। धर्म-लिंग, जातिवादी रूढ़िवाद के नाम पर शोषण को समाप्त कराने के लिए कानून बनाया। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार आरएसएस की मनुस्मृति विचाराारा को संबिधान को हटाकर लागू करने के लिए साजिशें रच रही है। उन्होंने कहा कि संबिधान देश की आत्मा और सम्मान है। इसके साथ भाजपा या आरएसएस खिलवाड़ करेगी तो जनता न्याय करना जानती है। वहीं उन्होंने कहा चुनाव में मतदान करने का अधिकार बाबा साहब ने दिया है। वहीं उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि देश में संबिधान-लोकतंत्र बचाने के लिए इस बार बढ़चढ़ कर मतदान करें। मौके पर मनोज सहाय पिंकू, जेएमएम नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा, भीम आर्मी के राजेश रजक, कृष्णा चौधरी, चांद आलम, राजेश तुरी, मनोज दास, रवि पासवान, सन्नी कुमार डोम, हिमांशु कुमार, दीपक यादव, बाबूलाल यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## रामनवमी महोत्सव को लेकर महासमिति ने की अखाड़ों प्रमुख संग बैठक

### झांकी एवं शस्त्र प्रदर्शन के सफल अभ्यर्थी को किया जाएगा पुरस्कृत, हनुमान पताकों से सजेगा शहर, शोभा यात्रा पर होगी पुष्पवर्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** रामनवमी का आगाज होते ही रामनवमी महासमिति कोडरमा रामनवमी महोत्सव को लेकर तैयारियों में जुट गई है। इस निमित रविवार को ध्वजाारी आश्रम में रामनवमी महासमिति एवं विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार झुन्नू, विषय प्रवेश अजय पांडेय, जबकि संचालन प्रवीण चंद्रा ने किया। बैठक में रामनवमी के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। रामनवमी के मौके पर कोडरमा के विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा निकाली गई झांकियां इस वर्ष आकर्षण की मुख्य केंद्र होंगी।

प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी विभिन्न अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस तथा सुंदर झांकियां निकाली जाएगी, जहां महावीरी झंडा मिलान को लेकर विभिन्न अखाड़ों से हजारों की संख्या में लोग विशाल जुलूस एवं भव्य झांकियों के साथ गाांी चौक स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचेगे, जहां पुष्पवर्षा करते हुए उनका अभिनंदन किया जाएगा। वहीं संया 6 बजे आयोजित शौर्य प्रतियोगिता के आयोजन की रंगारंग शुरुआत होगी। कार्यक्रम समापन के पूर्व निर्णायक मंडली के द्वारा शौर्य प्रदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभिन्न प्रतिभागियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित जनों ने एक स्वर में कहा कि हम प्रभु श्री राम के आदर्शो पर चलने वाले लोग हैं जो आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करते हुए इसकी आन बान और शान को अक्षुण्ण रखेंगे। मौके पर सुखदेव यादव, राजेश सिंह, राजू अजीत बर्णवाल, प्रवीण पांडेय, महेश भारती, चंद्रवंशी दीपक नवीन, राजा सिंह, जयप्रकाश राम, आदित्य पांडेय, अक्षय बर्णवाल, गोपाल यादव, अरुण सिन्हा, मुनेश्वर राम, सत्येंद्र सिंह, विनोद यादव, दिनकर कृष्णा, बादल सिंह, अजय यादव, महावीर यादव, ईश्वर साही, महेंद्र साव, विक्की सिन्हा, राजेश कुमार रजक, विजय ससहनी, बसलदेव साव, अमरदीप गिरी, संजय पासवान, महेश सिंह, राजू यादव, अर्जुन रजक, नंदलाल दास, जवाहर भुइयां, रामलखन यादव समेत विभिन्न अखाड़ों के लाइसेंसाारी एवं सदस्य शामिल हुए।

## सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददात



**चतरा।** जिला मुख्यालय के गंदौरी मंदिर स्थित जलछाजन परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला ताइक्वांडो संघ, टेबल टेनिस, खेल संघ, टेबल सोकर संघ, पतंजलि योगपीठ, क्रीड़ा भारती चतरा इकाई और तलवारबाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एजाज अहमद व संचालन ताइक्वांडो संघ के विकास केसरी ने की। चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को संघ की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डीएवी स्कूल के प्राचार्य एजाज अहमद, ताईक्वाडो संघ के विकास केसरी, खेल संघ के अध्यक्ष व समाजसेवी पूर्व मुखिया विवेक सिंह, समाजसेवी मो जसीम, फजलू रहमान, टेबल सॉकर संघ के सूरज कुमार, पतंजलि योगपीठ के शिक्षिका रीना दुबे, मदन साहू, क्रीड़ा भारती की संगीता मिश्रा, सुनीता कुमारी, तलवारबाजी संघ के युगल कुमार और देवानंद सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथा स्तंभ होते हैं। विपरीत परिस्थिति में भी ये समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं। सशक्त लोकतंत्र पत्रकारों के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित कमेटी चतरा को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी। तायक्वाडों संघ के सचिव विकास केसरी ने कहा कि चतरा का गौरवमयी इतिहास रहा है। पत्रकारों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील कश्यप, उपाध्यक्ष अजीत सिंहा, सचिव जितेंद्र तिवारी, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष घनश्याम बंटी समेत कार्यकारिणी सदस्य नवीन पांडे, संतोष केसरी, अजय चौरसिया, रणधीर सिंह, अजीत पांडे, शैलेश कुमार, कुलदीप दास, श्रीकांत राणा, अमित सिंह समेत अन्य को बुके देकर व माला पहनकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि चतरा के 156 पत्रकारों ने जो दायित्व सौंपा है। उसपर वे शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ताइक्वांडो संघ के अली रजा, बिट्ठू केसरी, सचिंद्र पासवान, प्रदीप कुमार, श्रीराम शास्त्री, प्रिंसी कुमारी, कृतिका कुमारी, प्रगति कुमारी, वर्षा रानी व अन्य का विशेष योगदान रहा।

## कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा के संकल्प पत्र को सराहा

**कोडरमा।** सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री एवं कोडरमा भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024 केवल संकल्प पत्र नहीं, बल्कि यह मोदी पर भरोसा और नये संकल्पों की सिद्धि का प्रण है। भाजपा ने आज संकल्प पत्र राष्ट्र के समक्ष रखा है और पिछले 10 वर्षों का ट्रैक रिकर्ड देखते हुए बिना किसी संदेह के यह कहा जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी, किसान, युवा एवं अन्य सभी वर्गों के सशक्तिकरण के संकल्प पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास देश के विकास का एक विजन है, उस विजन को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक इच्छाशक्ति, संगठन और नेतृत्व है। वहीं उन्होंने कहा इंडी गठबांन के पास इन सभी चीजों का सर्वथा अभाव है।

## एक नजर में

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अम्बेडकर की 133वीं जयंती

**सिमरिया।** प्रखण्ड के पुंडरा गांव में अंबेडकर युवा समिति द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में मंच संचालन शिवनाथ राम ने किया। उन्होंने ने अम्बेडकर की जीवनी का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही। समारोह में प्रेमलता चंद्रा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हमें बाबा साहब अम्बेडकर की तीन बातों ₹ शिक्षित बनो, संघर्ष करो संगठित होऱ को याद कर अपनाने की बात कही। समारोह के अंत में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों में मुख्य रूप से मनोज चंद्रा,अम्बेडकर युवा समिति के अध्यक्ष पवन कुमार, सचिव अंकित कुमार, कोषाध्यक्ष अभिजीत कुमार,अजीत कुमार , पंकज कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### डीजे संचालक और अखाड़ा समिति के साथ बैठक

**गिद्धौर।** रविवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने डीजे साउंड ऑपरेटर और रामनवमी जुलूस अखाड़ा के अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में अंचल अधिकारी राकेश सहाय भी मौजूद थे। बैठक में रामनवमी के जुलूस और झांकियों को लेकर चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने झांकी प्रस्तुत करने वाले अखाड़ों से रूट चार्ट और झांकियों की जानकारी जुटाई। उन्होंने साउंड संचालकों को बैठक में निर्धारित साउंड बॉक्स लगाने का निर्देश दिया और निर्देश का पालन न करने पर साउंड संचालकों और अखाड़ा समितियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। थाना प्रभारी ने जुलूस में किसी भी तरह के भड़काऊ या अश्लील गाने न बजाने के लिए भी कहा। बैठक में रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। बैठक में महासमिति अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि संतोष कुमार, यशवंत दांगी, मुकेश कुमार, सत्यदेव उपाध्याय, यदुनंदन पांडेय सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

### प्रतिमाओं का कराया गया नगर भ्रमण

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के सबानों गांव में आयोजित रुद्र महायज्ञ में रविवार को प्रतिमाओं का ढोल बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। उक्त प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत नव निर्मित मंदिर में स्थापित किया जाएगा। नगर भ्रमण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु में कई लोग देवी देवताओं का रूप धारण किए हुए थे। श्रद्धालुओं ने संपूर्ण गांव का भ्रमण किया फिर वे सिमरिया चौक पहुंचे और संकट मोचन हनुमान मंदिर में मत्था टेक कर वापस यज्ञ मंडप पहुंचे। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित रुद्र महायज्ञ में लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। सांध्य कालीन भजन संकीर्तन और प्रवचन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। यज्ञ मंडप का परिक्रमा लगाने के लिए सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है। यज्ञ को लेकर संपूर्ण गांव का माहौल भक्ति में बना हुआ है। वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष से संपूर्ण गांव गूंज रहा है। भंडारे में भी अच्छी खासी भीड़ जुट रही है। यज्ञ का संचालन आचार्य विनोद मिश्रा और समिति अध्यक्ष प्रेम राणा के साथ मिलकर संपूर्ण गांव के ग्रामीण कर रहे हैं। यज्ञ 16 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण पथ में शनिवार की देर शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में ग्राम बलिया के लक्ष्मण सिंह नामक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक धमक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों मोटरसाइकिल सवार युवकों की मोटरसाइकिल आमने-सामने से टकरा गई थी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए डा अजीत के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सक ने घायल धमक सिंह को तत्काल बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। लेकिन गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण सिंह का इलाज चिकित्सक अपने निजी क्लीनिक में करने लगे। इलाज के क्रम में घायल लक्ष्मण की स्थिति जब गंभीर होने लगी तो उसके परिजनों ने चिकित्सक के निजी क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। इसके बाद घायल युवक को निजी क्लीनिक उसके परिजन हजारीबाग ले जाने लगे। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। दूसरी और निजी क्लीनिक में हंगामा होने के बाद चिकित्सा के द्वारा कुछ लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिक की दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है।

### डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मना

**कोडरमा।** रजक कल्याण समिति लोचनपुर के तत्वावधान में संबिधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। वहीं अध्यक्ष अर्जुन रजक ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं समिति के सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि बाबा साहब अपने पूरे जीवन समाज में जातिवाद एवं उसे उत्पन्न भेद्भाव के खिलाफ संघर्ष किये। उन्हें भारत के संविधान के जनक के रूप में माना जाता है, क्योंकि उन्होंने भारत के स्वतंत्रता के बाद एक लिखित संबिधान का निर्माण किए। बाबा साहब के अनुसार जो व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित है वह समाज से भी वंचित है। वहीं रूपेश कुमार रजक, विकास कुमार, मोतीलाल, पंकज कुमार, चुरामन रजक, सुनील कुमार, कालीचरण रजक, अशोक धोबी, नारायण धोबी, सूर्यकांत रजक, अंकित कुमार, मंजू कुमारी समेत अन्य लोगों ने बाबा साहब की विचारों का विस्तार पूर्वक चर्चा किया।

### मुखिया संघ अध्यक्ष ने कराया विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई

**सतगावां (कोडरमा)।** लोक आस्था व सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष उत्तम कुमार के नेतृत्व में रविवार को सकरी नदी, मरचोई, कटहवा, थनाही, घाघरा नदी, नरायडीह आदि घाटों का युद्ध स्तर पर साफ-सफाई किया गया। उल्लेखनीय रहे कि प्रखंड में गर्मी के कारण विभिन्न छठ घाटों व जलाशय सुख जाने से छठ व्रतियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता, इसी को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थलों पर संघ अध्यक्ष ने जेसीबी मशीन से खुदाई कर विभिन्न घाटों में जल कुंड का निर्माण कराया गया। ताकि छठ व्रतियों को स्नान व अर्घ्य देने में सहूलियत हो। वहीं संघ अध्यक्ष ने छठ के पावन मौके पर प्रखंड के सभी छठ महापर्व श्रद्धालुओं से पर्व को हर्षोल्लास व शांति पूर्वक मनाने की अपील की। सफाई अभियान में गणेश कुमार, प्रिंस कुमार, मुरारी कुमार, नीतीश कुमार, रामनिकेतन कुमार, रोहित कुमार, ऋषभ कुमार, रौशन सिंह समेत कई ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभायी।

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**सतगावां। (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत माधोपुर में रविवार को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती के मौके पर उनके योगदान को याद करते हुए बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया, साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने उनके जीवनी पर विस्तृत रूप प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में उन्होंने छुआ-छूत व भेदभाव का हमेशा कड़ा विरोध किया। वहीं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा बाबा साहेब के व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए, उनके विचारों पर चलने से ही देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले। इस दौरान कई लोगों ने भी बाबा साहेब की जयंती पर अपने-अपने विचार रखा। मौके पर अशोक राम, राजीव रंजन आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## चुनाव प्रचार करने पहुंची गीता कोड़ा का मोहनपुर गांव में हुआ विरोध



गम्हरिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गम्हरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा करने पहुंची सिंहभूम की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को मोहनपुर गांव में ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उक्त गांव में भाजपा और झामुमो कार्यकर्ताओ में हाथापाई तक की नौबत आ गई। सूचना मिलते ही गम्हरिया बीडीओ, एसडीपीओ, आरआईटी, कांड्रा और गम्हरिया थाना प्रभारी दलबल के साथ वहां पहुंचे और मामले को शांत कराते हुए सांसद और भाजपा कार्यकर्ताओं को वापस उंक्तगांव से निकाला। गौरतलब है कि रविवार को गम्हरिया मंडल के मोहनपुर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा का दौरा प्रस्तावित था। निर्धारित समय के अनुसार गीता कोड़ा भाजपाइयों के साथ मोहनपुर पहुंची। हालांकि इससे पूर्व उन्होंने मंडल के अन्य गांव का दौरा किया और अपने लिए मतदान करने की अपील भी की। जैसे ही भाजपाइयों का काफिला मोहनपुर पहुंचा कि ग्रामीण उग्र हो उठे और गीता कोड़ा का रास्ता रोक दिया। इस दौरान ग्रामीण पारंपरिक हथियारों से लैस थे और लगातार गीता कोड़ा के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान उंक्तगांव के युवा, महिला व पुरुष सभी ग्रामीण भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। ग्रामीणों का कहना था कि बगैर ग्राम सभा से अनुमति लिए चुनाव प्रचार में भाजपाई कैसे पहुंच गए। यह उनकी परंपरा के खिलाफ है। हालांकि, समय रहते प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराते हुए उनके चंगुल से गीता कोड़ा और भाजपाइयों को छुड़ाया। इसके बाद गीता कोड़ा के गम्हरिया प्रखंड में प्रस्तावित सभी दौरे को रद्द कर दिया गया। इस दौरान भाजपा के कद्दावर नेता गणेश महाली, प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, महिला जिलाध्यक्ष रश्मि साहू, राकेश सिंह, मनोज तिवारी, स्वप्निल सिंह, निरंजन मिश्रा, सुनीता मिश्रा सहित गम्हरिया एवं आरआईटी मंडल के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसएसपी और एसडीओ ने मानगो और जुगसलाई के इलाकों में किया गश्त



रामनवमी पर्व में जुलूस के दौरान विधि– व्यवस्था बनाए रखने हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा डीडीसी, पुलिस अधीक्षक नगर तथा अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम के साथ शहर के साकची, मानगो, डिमना रोड, मुंशी मोहल्ला, टेल्को, परसूडीह, जुगसलाई एवं अन्य थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श करते हुए प्रशासन द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया

## गीता कोड़ा ने गम्हरिया थाने में ग्रामीणों पर दर्ज करायी प्राथमिकी

**गम्हरिया।** प्रखंड के मोहनपुर गांव में भाजपा प्रत्याशी समेत उनके कार्यकर्ताओं पर हमला करने व बंधक बनाने के मामले में गीता कोड़ा द्वारा गम्हरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने आधा दर्जन नामजद समेत 50 अन्य ग्रामीणों पर हथियारों से लैश होकर अचानक हमला करने व करीब दो घन्टे तक बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर, इस घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विधानसभा चुनाव प्रभारी विनोद श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, पूर्व उप मेयर अमित उर्फ बबी सिंह आदि भी गम्हरिया पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने इस घटना के पीछे झारखंड मुक्ति मोर्चा का साजिश होने की बात बताते हुए कहा कि बीजेपी की निश्चित जीत देख झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता घबड़ा गए हैं।

## गम्हरिया में उगते सूर्य को दिया गया अर्घ्य



गम्हरिया। चार दिवसीय चौती छठ महापर्व के तीसरे दिन रविवार को छठव्रतियों ने निर्जला व्रत रखकर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न नदी व तालाबों पर छठव्रतियों के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। कई जगहों पर छठव्रतियों द्वारा अपने घर के समीप ही त्रिम घाट का निर्माण कर छठ मईया की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सोमवार को छठव्रती प्रात:काल में उर्ध्यगामी सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात प्रसाद ग्रहण कर विगत चार दिनों से चल रहे व्रत का पारण करेंगी।

# 19 जिलों के 18 भाषाओं के साहित्य साधकों को मिला साहित्य भूषण सम्मान

## तुलसी भवन : सर्वभाषा साहित्यकार सम्मान समारोह संपन्न



सम्मानित किए गए साहित्यकार ग्रुप फोटो खिंचवाते हुए।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। रविवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद, झारखंड इकाई एवं सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी भवन के मानस सभागार में एक दिवसीय 'सर्वभाषा साहित्यकार सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। अध्यक्षता तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका एवं संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ विजय प्रकाश ने की, जबकि स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने दी। इस अवसर पर प्रसेनजित तिवारी ने भारतरत्न ड भीमराव आंबेडकर के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला, उन्हें भारत माता का सच्चा सपूत और हिन्दू समाज का पथ प्रदर्शक बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यअतिथि के रुप में उपस्थित 'भारत सेवाश्रम संघ', झारखंड के प्रमुख परम पूज्य स्वामी मुक्तात्मानन्द जी महाराज द्वारा दीप प्रज्जवलन के बाद दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, संघ गीत, परिषद गीत तथा स्वागत गीत के साथ की गई। मौके पर परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह ने परिषद परिचय, कार्य एवं व्यवहार पर बोलते हुए कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद संस्ति के पुनर्जागरण और साहित्य की नवीन रचनाशीलता पथ का पथिक है, जो श्रेष्ठ जीवन जीवन्त बनाने का कार्य करता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी मुक्तात्मानन्द महाराज जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद भारतीय भाषाओं का एक देशव्यापी संगठन है, जिसकी स्थापना 1966 में दिल्ली में हुई थी। प्रसिद्ध साहित्यकार जैनेन्द्र कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष काल में अनेक महानुभावों का सहयोग प्राप्त हुआ एवं सरदार जीत सिंह जीत के कुशल संगठनात्मक क्षमता के कारण इसकी व्यापकता प्राप्त हुई। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा झारखंड के 19 जिलों से कुल 18 विभिन्न भाषाओं के साहित्य साधकों को साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ प्रशांत करण, विजय कुमार भारती, डोबरो बुड़ीउली, डॉ पम्पा सेन विश्वास, महेन्द्र मोदी, डॉ अशोक कुमार 'अविचल', दिन्श्वर प्रसाद सिंह 'दिनेश', कुमार मनोज अरविन्द, डॉ अजय कुमार ओझा, डॉ प्रदीप प्रभात, मंगल सिंह मुण्डा, अमन कुमार होली, हरदेव नारायण सिंह,आदित्य कुमार मार्डी, डॉ मनोज कुमार राही, कमल लोचन कोड़ा, डॉ शकुन्तला मिश्र, डॉ चन्द्र किशोर केरकेट्टा, डॉ मित्रेश्वर अग्निमित्र, अंजनी शरण, डॉ कुमारी किरण वर्ण वाल, डॉ राम रंजन सेन, उमा शंकर 'उरेन्दु', शैलेन्द्र पाण्डेय शैल, सुरेश कुमार विश्वकर्मा प्रमुख रहे। जबकि सांगठनिक सम्मान पाने वालों में सर्वश्री डॉ प्रसेनजित तिवारी, डॉ विजय प्रकाश, डॉ राजीव मिश्र 'राजन', रेणु वाला कुमारी, गुड़िया कुजुर, ललित शर्मा, मनीषा सहाय सुमन, विनीत कुमार, लव कुमार, सुशांत कुमार पाठक, अमन कुमार दास, इन्द्रजीत यादव, चन्दन प्रजापति, दुर्गेश चौधरी, निर्मला पुतुल, सपना चन्द्रा प्रमुख रहे। सम्मान समारोह के उपरान्त महानगर संगठन सचिव राजेन्द्र सिंह के संचालन में देर शाम तक शहर और बाहर से आए बाहर कवियों द्वारा बहुभाषी कवि सम्मेलन चलता रहा। इसके पूर्व सुबह 10 बजे प्रदेश कार्यकारिणी के बैठक में राज्य भर से पधारे प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में 15 अप्रैल से सदस्यता अभियान का आरम्भ, साहित्यिक यात्रा तथा 'साहित्य प्रभा' पत्रिका के प्रकाशन पर सर्व सम्मति से सहमति बनी। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश महासचिव डॉ विजय प्रकाश ने अपने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के दौरान कार्यक्रम में प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से जुड़े सभी जनो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी 25 मई को होने वाले आम चुनाव में स्वच्छ मतदान, शत प्रतिशत मतदान एवं पहले मतदान फिर जलपान की बात कही।

# मानगो में दिन दहाड़े ड्राइवर की गोली मार कर हत्या

## घटना के वक्त ट्रेलर बनवा रहा था बारीडीह निवासी सन्नी





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनएच-33 मानगो के बसुंधरा स्टेट चौक पर ट्रेलर बनवा रहे ड्राइवर सन्नी यादव को अपराधियों ने गोलियों से भून दिया। अपराधियों ने सन्नी के सिर में पिस्टल से छह गोलिया उतार दीं जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। सन्नी यादव बारीडीह का रहने वाला था और कुछ वर्ष पूर्व वह आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। वह पी. बाजपेयी का ट्रेलर चलाता था। वाजपेयी ने कुछ दिन पूर्व ही पूराने ड्राइवर के छुट्टी पर जाने के चलते सन्नी को काम पर रखा था। ट्रेलर में कुछ खराबी होने पर वह बसुंधरा स्टेट के पास उसे बनवा रहा था। इसी दौरान बाइक से आये दो अपराधियों ने छह गोलियां उसके सर पर उतार दिया और भाग गए। गोली चलने की सूचना मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह भी पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पहुंच कर शव कब्जे में ले लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बताया जाता है कि सन्नी यादव छत्तीसगढ़ में चालक का काम करता था और कुछ दिन पहले ही जमशेदपुर आया था। एसएसपी किशोर कौशल के मुताबिक सन्नी 4-5 साल पूर्व आर्म्स एक्ट में जेल गया था। उसकी हत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

## अस्ताचलगामी सूर्य को ब्रतियों ने दिया पहला अर्घ्य, आज उगते सूर्य को अर्घ्य



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** चैती छठ के पहले दिन ब्रतियों ने अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। इसके पूर्व ब्रती महिलाएं परिवार के साथ दोमुहानी घाट, सूर्य मंदिर घाट-सिदगोड़ा एवं अन्य घाटों पर पूरी श्रद्धा के साथ पहुंची। नवंबर माह में मनाए जाने वाले छठ को कार्तिक छठ कहा जाता है जबकि रामनवमी के नवरात्रि में मनाए जाने वाले छठ को चैती छठ कहा जाता है। व्रत धारियो के अनुसार चैती छठ कार्तिक छठ से ज्यादा कठिन होता है कारण यह है कि कार्तिक छठ के समय मौसम ठंडा रहता है जबकि चौती छठ में गर्मी ज्यादा रहती है। ऐसे में तीन दिनों तक निर्जला व्रत रखने वालों के लिए यह तपस्या से कम नहीं होती है। बावजूद छठी मईया की इतनी कृपा रहती है कि तीन दिन व्रत धारी को किसी प्रकार का परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। सांध्य अर्घ्य को लेकर शहर के विभिन्न नदी घाटों सहीत स्वर्णरेखा नदी के मानगों में भी व्रत धारियों के साथ श्रद्धालुओं की काफी भी देखने को मिली। दोपहर बाद से ही व्रत धारियों का रुख नदी घाटों की ओर होने लगी।

## एक नजर में

### पोटका सीओ ने बालू लदे दो हाइवा को किया जब्त



पोटका। पोटका के महिला अंचल पदाधिकारी निकिता बाला ने बीते रात्रि लगभग साढ़े 11 बजे हाता टाटा मुख्य पथ पर गितिलता के पास तिरिंग से टाटा की ओर जाते हुए अवैध रूप से बालू लदे दो हाइवा को जप्त की। मौके पर पोटका के थाना प्रभारी समीर तिर्की भी मौजूद थे। दोनो हाइवा के चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पोटका थाना में गाड़ी मालिक तथा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार अंचल अधिकारी निकिता बाला को गुप्त सूचना मिली की ओरिसा के तीरिंग से बालू तथा गिट्टी का अवैध परिवहन हो रहा है। जिसके आधार पर सीओ निकिता बाला तथा थाना प्रभारी समीर तिर्की द्वारा संयुक्त रूप से हाता टाटा मुख्य मार्ग गिटीलता के पास दो हाइवा बालू लदा हुआ पकड़ा गया। चालक ने बालू का कोई भी वैध कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। हाइवा जे एच 05सी एच 7705 तथा जे एच 05सी एक 6148 है। दोनो गाड़ी सुंदरनगर के कुशल शर्मा का बताया जा रहा है॥ जिला प्रशासन के द्वारा अवैध बालू गिट्टी को लेकर शक्ति बरतने के बावजूद भी बालू माफिया मानने को तैयार नहीं है। ओडिशा के तीरिंग से बालू का उठाव किया जाता है। तथा टाटा में इसकी आपूर्ति की जाती है। प्रतिदिन दर्जनों हाइवा बालू का उठाव कर बालू माफिया अवैध रूप से बालू बिक्री कर रहे है।यहां तक कि पोटका अंचल के द्वारा भी समय समय पर छापामारी कर कार्रवाई की जाती रही है। सीओ के द्वारा पोटका थाना में दोनो गाड़ी पर मामला दर्ज किया गया है।

### श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में याद किये गये बाबा भीमराव



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय एवं श्रीनाथ कलेज आफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में ड बी आर अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे राजेश एवं सहायक प्राध्यापकों ने ड भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। इसके उपरांत श्रीनाथ कौलेज अफ एजुकेशन की प्रिन्सिपल इनचार्ज श्रीमती रचना रश्मि ने छात्रो को बताया कि बाबा अंबेडकर एक राष्ट्र प्रेमी तथा कुशल राजनीतिज्ञ थे जिनका योगदान आज हम भारतीय संविधान के रूप में पाते हैं जो बाबा साहब की हमारे लिए अमूल्य भेंट है। डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे राजेश ने डॉ अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से कहा कि भीमराव अंबेडकर विद्यार्थी के रूप में एक आदर्श थे और प्रत्येक विद्यार्थी को अपने विद्यार्थी जीवन मे अंबेडकर की तरह छात्र होना चाहिए साथ ही उन्हे बाबा साहब के आदर्शों को जरूर अपनाना चाहिए।

### आनंद मार्ग में गीतिलता में बांटे 100 औसधीय पौधे



आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं प्रीवेंशन आफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स जमशेदपुर की ओर से पोटका ब्लक के गीतीलता पंचायत के खापुड़साईं के ग्रामीणों के बीच पृथ्वी बचाओ अभियान के तहत 100 से भी ज्यादा औषधीय पौधा त्रिफला, फलदार पौधों अमरूद, नींबू, कटहल एवं अनार का वितरण किया गया। साथ ही साथ ग्रामीणों को पर्यावरण बचाने का शपथ भी कराया गया। ग्रामीणों के बीच 25 साड़ी का वितरण भी किया गया। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं प्रीवेंशन आफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स जमशेदपुर की ओर से पिछले 15 सालों से आज तक लगभग 1 लाख 50 हजार से भी ज्यादा पौधा का निशुल्क वितरण किया जा चुका है। आनंद मार्ग के सुनील आंनद का कहना है कि फलदार पेड़ों का रोपण करने से पर्यावरण को तो लाभ पहुंचता ही है साथ ही साथ समाज से गरीबी भी कम होती है, इससे धन का उपार्जन किया जा सकता है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा फलदार पौधे का रोपण करना जरूरी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेश देव, जय नारायण देव, अमित देव, बलराम सरदार एवं सुनील आनंद का सहयोग रहा है।

### एमजीएम : भाजपा ने धूमधाम से मनाया डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी उलीडीह मंडल के द्वारा एमजीएम कलेज गोल चक्कर में स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप धूमधाम से बाबा साहेब की 134 वीं जयंती मनाई गई। मौके में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विकास सिंह उपस्थित हुए। मौके में मौजूद सैकड़ो की संख्या में भाजपाइयों ने प्रतिमा स्थल की साफ सफाई कर स्थल की मिट्टी का तिलक अपने मस्तक में लगाकर उनकी प्रतिमा में पुष्प हार चढ़ाकर कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बाबा भीमराव अंबेडकर अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाते हुए मौके में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित भारत के संविधान की रक्षा करने और उसपर अमल करने की बातें कही। आम लोगों को भी संविधान के अनुरूप चलने की अपील किया गया। मौके में मुख्य उपस्थिति भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि ड भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखित संविधान के कारण ही भारत आज विश्व गुरु बनने के कगार पर है।

### भाजमो एसटी मोर्चा ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यापर्ण



जमशेदपुर। भाजमो एसटी मोर्चा के तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबा साहेब ड भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पुराना कोर्ट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मोर्चा के अध्यक्ष राजेश प्रसाद के नेतृत्व में बाबा साहेब अम्बेडकर के 133 वे जन्म दिवस पर उन्हें स्मरण कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों के लिए और देश के दबे कुचले के हित के लिए पूरे राष्ट्र में आवाज उठाया। आज भी बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलते हुए सोषितों और वंचितों को उनका हक दिलाना है।

### पिंकी व ओपी लायेक ने डॉ अंबेडकर को किया याद



चांडिल। रविवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के भुईयाडीह में बाबा साहेब ड भीमराव अम्बेडकर की 133 वां जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर चांडिल जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश लायेक ने ड भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान पिंकी लायेक ने कहा बाबा साहेब एक अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने कहा बाबा साहेब ने दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया था। पूर्व जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश लायेक ने कहा भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। हर साल इस मौके पर अंबेडकर दिवस मनाया जाता है जिसे अंबेडकर जयंती या भीम जयंती के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय संविधान के जनक ही नहीं बल्कि वे देश के पहले कानून मंत्री भी थे। इस मौके पर सैकड़ों महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## आजसू की लोस स्तरीय सम्मेलन 21 को, तैयारी बैठक संपन्न



जमशेदपुर। रविवार को आजसू जुगसलाई नगर परिषद की बैठक आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बतौर अतिथि पूर्व मंत्री ने सांगठनिक विस्तार और एनडीए प्रत्यासी की सुनिश्चित हो इसके लिए सभी कार्यकर्ता तैयार हो जाए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और उनके नीति निर्धारण के साथ साथ राज्य के वर्तमान हालात और आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के दूर दर्शिता को देखते हुए मिशन 400 पार का संकल्प पूरा करने हेतु 21 अप्रैल रविवार को डिमना लेक पहुंचे और एनडीए प्रत्यासी की जीत सुनिश्चित करे। जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा की आजसू पार्टी हर बार गठबंधन धर्म को पूरी पारदर्शिता के साथ निभाती है और इस बार भी इस लोकसभा से एनडीए के प्रत्यासी को भारी मतों से जिताने का संकल्प लेकर भावी कार्यक्रम लोकसभा सम्मेलन को सफल बनाने हेतु जुगसलाई नगर परिषद से हजारों की संख्या में पार्टी सुप्रीमो के विचार से अवगत होने और सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जाएंगे।

## हार के डर से इंडी को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे : अमर बाउरी

चंपाई सोरेन को बताया केयर टेकर सीएम, कल्पना सोरेन पर भी साधा निशाना



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अमर बाउरी। साथ में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व जिला चुनाव प्रभारी नंदजी प्रसाद।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री सह चंदनकियारी के विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद भाजपा नीत एनडीए गठबंधन ने झारखंड की सभी 14 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। लेकिन इंडी गठबंधन के पास प्रत्याशियों का टोटा पड़ गया है। झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन अपनी सुनिश्चित हार को देखते हुए जमशेदपुर सहित कई सीटों पर प्रत्याशी उतारने का साहस अब तक नही कर पाई है। प्रदेश की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा एनडीए गठबंधन की जीत होगी। अमर बाउरी रविवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में प्रेस-वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रेस वार्ता में भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। अमर बाउरी ने कहा कि सीएम चंपाई सोरेन का 14 सीटों पर जीत का बयान मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने जैसा है। आज पूरा झारखंड प्रश्न कर रहा है कि सीएम चंपाई सोरेन के साथ इतनी बेचारगी क्यों है? आज झामुमो की चुनावी रणनीति और सभाओं से सीएम चंपाई सोरेन को दरकिनार कर दिया गया है और मैडम कल्पना सोरेन वंशवादी और परिवारवाद की राजनीति का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने कहा कि आज झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष गुरूजी हैं, कार्यकारी अध्यक्ष जेल में हैं। ऐसे में परिवारवाद और वंशवादी राजनीति का सबसे सटीक और अनुपम उदाहरण बन चुकी कल्पना सोरेन ना तो पार्टी के किसी पद पर हैं और ना ही उनके पास कोई राजनीतिक अनुभव है। फिर वे किस हैसियत से निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं और राजनीति के केंद्र में काबिज हैं। अमर बाउरी ने सुदीव्य सोनू के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका बयान 'आप विधायक नही मुख्यमंत्री चुन रहे हैं। इसका आशय क्या है?।

## साकची में खुला एसकेएस किंडर गार्डेन स्कूल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एसकेएस किंडर गार्डेन स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) का उद्घाटन बंगाली नववर्ष यानी पोईला वैशाख के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि एस के नरेडी प्रख्यात चार्टर अकाउंटेंट और चर्चित उद्योगपति तथा समाजसेवी विकाश मुखर्जी (साकची हाई स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष), सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रजीत घोष तथा साकची हाई स्कूल के प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुजीत रय, सचिव देवदास विश्वास, उपाध्यक्ष प्रबीर चक्रवर्ती, सह सचिव राहुल दे संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर किया। साकची हाई स्कूल के प्रांगण में। एस के नरेडी ने संबोधित करते हुए कहा की इस स्कूल इस क्षेत्र में एकमात्र स्कूल होगा जो कि अपनी गुणवत्ता के कारण स्थानीय निवासियों के बच्चे को काफी हद तक जरूरत को पूरा करने में सक्षम होगा। उन्होंने ये भी कहा स्कूल के विकाश के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सुजीत राय ने बच्चों को कॉपी किताब का बोझ को हल्का कर खेल-खेल के माध्यम से पढ़ाई कराने का सुझाव दिए।

## भाजपा ने मनायी डॉ अंबेडकर जयंती



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। रविवार को भाजपा जमशेदपुर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कार्यकर्ताओं ने साकची पुराना कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकची जिला कार्यालय से पुराना कोर्ट मोड़ तक पैदल मार्च करते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के बताये सामाजिक समानता के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने देश से भेदभाव असमानता को दूर किया और सभी जाति-वर्गों के लोगों को एक साथ जीने की प्रेरणा दी।

## अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद द्वारा मनाया गया मिथिला दिवस एवं लोक पर्व जुड़ शीतल

### 10 महिलाओं को मिला मिथिला सेवी सम्मान



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद द्वारा बिष्टुपुर स्थित बाबा कुटी में मिथिला दिवस एवं लोक पर्व जुड़ शीतल समारोह पूर्वक मनाया गया।

इस मौके पर 10 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिथिला सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। इनमें ड रंजू झा, डॉ त्रिपुरा झा, अरुणा झा, रुनु मिश्रा, कंचन, डॉ पूजा कश्यप, डॉ रीना झा, वंदना कुमार एवं रिमझिम कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रूपम झा की मैथिली गीत संग्रह पुस्तक मोहनी मिथिला एवं नूतन झा की पुस्तक मैथिली गीत संग्रह हमर मीठ बयना का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर इन दोनों लेखिकाओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद साहित्य प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अविचल मिथिला में नारी सशक्तिकरण तथा परिषद के केंद्रीय महासचिव डॉ रवीन्द्र कुमार चौधरी ने मिथिला के लोक पर जुड़ शीतल के विषय में विस्तार से बताया। वहीं मुख्य वन संरक्षक कुमार मनीष अरविंद, साहित्यकार मित्रेश्वर, डॉक्टर ए एन झा, श्रम आयुक्त अविनाश ठाकुर ने मिथिला दिवस पर अपना विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ में जय जय भैरवि भगवती वंदना पंकज झा कलाकार ने किया गया। स्वागत वक्तव्य प्रो नंद झा ने दिया। परिषद का प्रतिवेदन महासचिव विपिन झा ने प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय संबोधन परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार दास तथा धन्यवाद ज्ञापन परिषद के प्रदेश सचिव पंकज कुमार झा ने किया। सांस्तिक कार्यक्रम में पंकज झा, डेजी ठाकुर, शंकर नाथ झा, स्निग्धा, अनुराग, अनामिका ने लोगों को खूब झुमाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विनायक शंकर, मनोज कुमार झा, ष्णा कामत, तरुण झा आदि का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में मिथिला के इस लोक पर्व के पारंपरिक व्यंजनों में दाल पुरी, करही बड़ी, आम की चटनी, भात, दही का लोगों ने खूब रसास्वादन किया। इस अवसर पर काफी संख्या में मैथिली भाषी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### हिंदूवादी संगठनों ने मनाया डॉ भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती



**विश्रामपुर (पलामू)।** हिंदूवादी संगठनों ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 133 वी जयंती मनाया। विश्रामपुर नप मुख्यालय के बाजार परिसर में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता विहिप के खंड अध्यक्ष विक्रम आदित्य और संचालन पंकज कुमार लाल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गुप्ता ने बाबा साहेब के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर राज कुमार मेहता, सिंकु चंद्रवंशी, शशि कुमार, विकास गुप्ता, अमन कुमार, दयाल कुमार, रामचंद्र राम, रौशन कुमार सहित विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कई सदस्य मौजूद थे।

### कई कमिटियों ने बारा के फुलवारी प्रांगण में मनाई अंबेडकर की जयंती



छतरपुर पलामू। छतरपुर नगर पंचायत स्थित बारा के फुलवारी प्रांगण में प्रखंड के विभिन्न कमेटियों द्वारा संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। लोग विभिन्न सुदूर गांव से माथे पर नीले रंग की पगड़ी बांध हाथ में जय भीम के झंडा लिए जोश खरोश से जय भीम का नारा लगाते कार्यक्रम में शामिल हुए। जयंती पर विभिन्न कमेटियों द्वारा जुलूस का भी आयोजन किया गया। जयंती समारोह कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता करमा चराई मुखिया व मुखिया संघ के उपाध्यक्ष एवं झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार थे। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के न सिर्फ शिल्पकार थे बल्कि एक महान विचारक, विद्वान, लेखक, प्रखर पत्रकार, भारत रत्न एवं कानून मंत्री के साथ–साथ वे एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें पूरे विश्व में ज्ञान का प्रतीक का उपाधि मिला। वहीं डॉक्टर बीके ज्योति ने कहा आज के दिन हम संपूर्ण भारतीयों को गर्व करने का दिन है कि डॉ अंबेडकर हमारे देश भारत में पैदा हुए। मौके पर बीएसपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि डॉ आंबेडकर किसी वर्ग विशेष या धर्म विशेष के नहीं बल्कि समस्त भारतवासियों सहित पूरे विश्व के मार्गदर्शक थे। वहीं पूर्व डीएसपी रामलाल राम ने कहा कि बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन समानता और समता मूलक समाज की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया। वहीं छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि बाबा साहब ने हमें मताधिकार के रूप में बहुत ही कीमती चीज दिया है। इस मौके पर लवलेश यादव, धर्मेंद्र रजक, राजकुमार प्रजापति, उपेंद्र रोशन, श्रवण कुमार, रामजन्म राम, राजेश्वर राम सहित लोग उपस्थित थे।

### पाटन प्रखंड के विभिन्न जगहों पर डॉ अंबेडकर की मनाई गयी जयंती



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के विभिन्न जगहों पर भारत रत्न सह संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। साथ ही झारखंड प्रांतीय रविदास महासभा प्रखंड इकाई पाटन के द्वारा प्रखंड के सभी जगहों पर लगे डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचकर पुष्प अर्पित और माल्यापण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान ग्राम बसाबार चुरादोहर में अंबेडकर के जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि नंद यादव भी शामिल थे। मौके पर मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने लोगों को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी। मौके पर कृष्णकांत, ईश्वरी राम, मधुकांत लाल रवि, रामकिशुन राम, रविंद्र कुमार, जय मंगल राम, देवनाथ राम, सुरेंद्र राम, उमाशंकर मोची, निरंजन कुमार रवि, संजय राम, नरेश भारती, सकेद्र राम, प्रमोद कुमार समेत लोग शामिल थे।

### लेस्लीगंज में धूमधाम से मना डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती



नीलांबर पितांबरपुर। प्रखंड में बड़े ही हर्ष एवं धूमधाम से संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को मध्य विद्यालय लेस्लीगंज में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन सरजू राम ने किया। अंबेडकर जयंती पर कई पंचायत से झांकी व शोभा यात्रा निकाली गई। इस जयंती कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखी गई। समारोह में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि बाबा साहब व्यक्ति नहीं विचार का नाम है। उन्होंने ऐसा शिक्षा ग्रहण किया कि देश नहीं बल्कि विश्व में नाम रौशन हुआ और संविधान में सभी वर्गों को बराबर मान सम्मान दिया। साथ ही कहा कि बाबा साहेब के पद चिन्हो पर चलकर आगे बढ़ने कि जरूरत है। शिक्षित बनों संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा बाबा साहब ने दिया था। बाबा साहब के बताये आदर्श पर चलकर ही देश का सर्वांगीण विकास होगा।

### महावीरी झंडा से पटा जपला बाजार



**हुसैनाबाद पलामू।** राम नवमी के मौके पर पूरा शहर राम मय हो गया है। एक तरफ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह पूजा अनुष्ठान व चैत्र नवरात्र को लेकर लोग बढ़ती गर्मी में नौ दिन उपवास कर व्रत रख रहे हैं। वंही शहर में रामचरितमानस व कई पूजा पाठ से क्षेत्र भक्तिमय हो गयी हैं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा पूरा सड़क में महावीरी झंडा से पाट दिया गया है। शहर के हृदयस्थली कहे जाने वाले जय प्रकाश चौक पर युवाओं ने बड़ा महावीरी झंडा गाड़ा जो विधिवत पूजा अर्चना और ढोलनगाड़े, तासा के धुन पर युवाओं ने जय बजरंगी जय हनुमान, जय श्री आदि का नारा लगाया एवं लड्डू व खीर महाप्रसाद के रूप में वितरण किया गया। मौके पर रंजन कुमार, मीकू ठाकुर, डिंपल सिंह, प्रवीण सिंह, जलेबी चौरसिया, छोटू मेहता, बजरंगी कुमार, पप्पू गुप्ता, रामू गुप्ता, अरविंद कुमार, संतोष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, यशवंत सिंह, सत्येंद्र गुप्ता, मिकी कुमार, शंकर प्रजापति, मनोज शर्मा, मोनू सिंह, आनंद सिंह, धनंजय कुमार, मोहन कुमार आदि मौजूद थे।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन



हुसैनाबाद पलामू। अनुमंडल कार्यालय के समीप अग्नि शमन कार्यालय परिसर में अग्नि शमन सेवा सप्ताह का आयोजन रविवार को किया गया। इस मौके पर उपस्थित फायरब्रिगेड आफिसर रामयश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पुरे झारखंड प्रदेश में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में दो बड़े फायरब्रिगेड वह एक छोटा फायरब्रिगेड वाहन उपलब्ध है। कार्यक्रम में चालक मोहन चौधरी, रामप्रवेश ओझा, चुरामन महतो, विकास गुप्ता, संजय कुमार, सोहराई उरांव, प्रेम ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# संविधान निर्माता अंबेडकर ने भेदभाव मिटाकर समतामूलक समाज स्थापित किया : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**नीलाम्बर पीताम्बरपुर पलामू।** प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में भारत रत्न व संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का उदघाटन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के ग्राम चौखड़ा में बाबा भीमराव अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा लगा कर अनावरण किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज में फैले छूआछूत व कुरीतियों को मिटाकर समतामूलक समाज का स्थापना किया था। इनके सिद्धांत पर चलकर ही देश के हर वर्गों का विकास होगा। तरहसी प्रखंड के ग्राम धूमा में जयंती के अवसर पर अम्बेडकर जी और गौतम बुद्ध जी के प्रतिमा का अनावरण किया गया। ग्राम सुगी में अम्बेडकर जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बेदानी चौक, ग्राम जुरू में डॉ अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नीलाम्बर पीताम्बरपुर मिडिल स्कूल में अम्बेडकर जयंती का आयोजन किया गया। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रमुख सुनील कुमार पासवान, पुर्व मुखिया अजय पासवान, समाजसेवी कमेश यादव, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, गोपाल साव, निर्मल मेहता, सुरेश चंद्रवंशी, अनिल सिंह, विनोद गुप्ता, सुरज मेहता, बजरंगी सोनी, प्रेम कुमार, विनोद जी, जिला परिषद विजय राम, वीरेंद्र राम चंद्रवंशी, जितेंद्र पासवान, अरविंद राम, अध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव कृष्ण कुमार, उपेंद्र, अखिलेश कुमार, सुरेंद्र, राजेश कुमार, रमेश राम आदि लोग उपस्थित थे।

### पांकी के डाक बंगला पहाड़ अब सरना पहाड़ के नाम से जाना जायेगा : डॉ मेहता



पांकी प्रखंड अंतर्गत सिचाई विभाग के मैदान में सरहुल पूजा आयोजित की गई। जिसमें विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्यासी कालीचरण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो शामिल थे। मौके पर पाहन द्वारा विधि विधान पूर्वक आदिदेव धर्मेश एवं सरना की पूजा अनुष्ठान किया गया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि डाक बंगला पहाड़ अब सरना पहाड़ के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने सरहुल पूजा कमिटी के लोगो को कार्यक्रम कराने के लिए सराहना की। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शत्रुघन सिंह, विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मंजुलता दुबे, कमेश यादव, सुधीर तिवारी, कार्तिक सिंह, मंटू शर्मा, रीमा शर्मा, साधु मांझी, योगेंद्र उरांव, सुन्दर उरांव, रामावतार उरांव, जमुना उरांव सहित आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# अंबेडकर ने दिया था बराबरी का अधिकार : सांसद बीडी राम

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई भीमराव अंबेडकर की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने समरसता दिवस के रूप मे मनाया। इस अवसर पर पार्टी ने विभिन्न बूथ स्तर पर कार्यक्रम किए। मेदिनीनगर के वार्ड 24 स्थित अम्बेडकर पार्क में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब न केवल हमारे देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। उनके किए गए कार्यों की पूरे विश्व में प्रशंसा होती है। केंद्र सरकार ने अंत्योदय के माध्यम से उस वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया है, जिसकी लड़ाई बाबा साहब लड़ते थे। हमें बाबा साहब का सदैव स्मरण करना चाहिए। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्ग को शिक्षित व सशक्त करने का काम किया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा, विभाकार नारायण पांडे, उदय शुक्ला, प्रफुल्ल सिंह, दुर्गा जौहरी, ज्योति पांडे, जितेंद्र तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सोमेश सिंह, रीना किशोर, छोटू सिन्हा, अनिल सोनी, कुमार गौरव, प्रदीप पासवान, अनिमेष सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में जयंती पर याद किये गये भीमराव अंबेडकर

# संविधान निर्माता व समाज सुधारक थे बाबा साहब : प्राचार्य डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाबा साहेब अम्बेडकर के 134 वां जन्म दिवस मनाया गया। इसके उपलक्ष्य में उनके छायाचित्र पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह के द्वारा माल्यार्पण एवं विद्यालय के अध्यापकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि भीमराव अंबेडकर समाज-सुधारक होने के साथ लेखक भी थे। छुआछूत की पीड़ा को जन्म से ही झेलने वाले बाबा साहेब ने समाज-उद्धार के रुप में मसीहा की तरह काम किया। भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक अंबेडकर जी का जीवन प्रेरणा से परिपूर्ण है। अपनी विलक्षण क्षमताओं के आधार पर उन्होंने सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने समानता वाले भारत की स्थापना की। एक ऐसा देश जो ऐतिहासिक रूप से वंचित लोगों के लिए अधिकार प्रदान करता था। अंबेडकर जी को 1990 में मरणोपरांत सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न से विभूषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# बिश्रामपुर नप के वार्ड 16 में धूम-धाम ने मनाया गया डॉ अंबेडकर की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर पलामू।** नप के वार्ड 16 में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। उक्त अवसर पर केक काट कर खुशियां मनाई गई और बाबा साहब के जन्म दिवस के अवसर उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, इदरीश हवारी, वार्ड पार्षद पूनम देवी, समाज सेवी विजय कुमार रवि मुख्य रूप मौजूद थे। मौके पर चंद्रवंशी ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए। सभी को बराबर का अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। मौके पर हरिशंकर राम, अशर्फी राम, कृष्णा राम, रामचंद्र राम, दीपक, मनोज, मोहित, संजय, निरंजन, राहुल, अनिल, बादल, मनीष, अकाश, प्रकाश, छोटू, जन्मजय, सुदामा, राजनाथ, सतेंद्र, शशिकांत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वृक्षों से सांसों का व बाबा साहब से संविधान का रिश्ता : कौशल व अमित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण व वितरण कर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई। पर्यावरणविद और पार्षद ने छतरपुर अनुमंडल के माडवा पंचायत के ग्राम नासो से डॉ भीमराव के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा में शामिल हुए। वहीं बगैया पंचायत के तेलियाडीह में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए पौधा समर्पित किया। उन्होंने खरवारडीह में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करने के पश्चात संत रविदास जी के प्रांगण में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ गंगा वर्धन नारियल लगाकर उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और लीची समर्पित किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के पहला मूल मंत्र में जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध पर पौधा लगा कर उसे बचाने का विधान है। वृक्ष और बाबा साहेब की जीवनी और कार्यशैली में काफी समानता है। पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब का संविधान को सदैव अनुपालन करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने कहा है कि भाग्य पर कम और कर्म पर ज्यादा विश्वास करना चाहिए। ग्रामीणों ने उनकी कार्यों की सराहना की। शोभायात्रा में पूर्व डीआईजी राकेश रंजन, मड़वा के पूर्व मुखिया कमलेश राम, पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र रजक, बृजेश राम अशोक राम संजय राम, रामस्वरूप राम, रवि विश्वकर्मा, नागेंद्र राम, पंकज राम, कपिल राम, जितेंद्र, रमेश, अजय, सुशील, दिनेश, देवव्रत, अजीत, विनोद राम, उषा देवी, राम जन्म राम, उपेंद्र कुमार, अरुण राम, रविंद्र यादव, बिरजा राम, लालू यादव व गणमान्य लोग शामिल थे।

### पोखराहा खुर्द में मनाई गयी बाबा साहब की जयंती



मेदिनीनगर। पोखराहा खुर्द में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। मौके पर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर एवं कैंडल जलाकर और माला पहनाकर अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी पलामू के युवा नेता एवं संभावित लोकसभा प्रत्याशी राकेश पासवान ने कहा कि बाबा साहब संविधान निर्माता थे। जिसमें सिर्फ दलीत ही नहीं महिलाएं ही नहीं सभी जाति धर्म को एक हिस्सेदारी आरक्षण के तहत दी गई है। इनके बताये गये आदर्श आज भी प्रासंगिक है। मौके पर वीरेंद्र मांझी, अरविंद कुमार, बीना देवी, जय श्री मांझी, ललन कुमार वर्मा, विकास कुमार, निशु कुमार, योगेश्वर मांझी, राम गती मांझी, महेंद्र मांझी, रत्नेश कुमार, संतोष कुमार, जयप्रकाश मांझी, चैतन्य कुमार एवं मांझी परिवार उपस्थित थे।

### बिजली चोरी के आरोप में 8 लोगों पर मामला दर्ज



मोहम्मदगंज पलामू। विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को विद्युत अवर प्रमंडल जपला के द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कादलकुर्मी गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कादलकुर्मी गांव के 8 लोगो को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही कुल 80 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। कनीय अभियंता सिंह ने बताया कि छापेमारी दल ने कादलकुर्मी गांव के बलराम साव, राजदेव साव, मनोज साव, शशांक कुमार, प्रवेश उरांव, रामप्रवेश मेहता, सतेंद्र मेहता व मनोज राम को अवैध तरीके से बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कारवाई की जा रही है। इस छापेमारी दल में मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता, रंजय कुमार, रविशंकर सिंह शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ गये मजदूर की सड़क हादसे में हुई मौत

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के रजवार गांव निवासी बलराम भुईयां का छत्तीसगढ़ के चंद्रपुर में सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। वह चंद्रपुर मजदूरी करने गया था। जहां चार पहिया वाहन से धक्का लगने पर मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना घर वालों को मिलने पर रजवार गांव में मातम पसर गया। मृतक के भाई सीताराम भुईयां कुछ परिजनों के साथ छत्तीसगढ़ जाकर पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम करा कर तीन दिन बाद शव के साथ अपने गांव पहुंचे। सूचना पाकर समाजसेवी राजीव रंजन ने मौके पर पहुंचकर परिवार को इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने की संतावना दी। भरोसा दिलाया की सरकार द्वारा एक्सीडेंटल लाभ मुहैया कराने का पूरा प्रयास करूंगा। मृतक बलराम भुईयां अपने पीछे पांच नाबालिग बच्चों को छोड़ गए। मौके पर राम जी विश्वकर्मा, जितेंद्र पासवान, मुखिया सुदेश भुईयां, रामजी भुइया कमलेश भुईयां सहित कई लोग उपस्थित थे।

### छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्ध्य



मेदिनीनगर। लोकआस्था का महापर्व चैती छठ पर कोयल नदी के तटपर छठव्रतियों की भीड़ उमड़ पड़ी। चैती छठ को लेकर भी लोगों में काफी उत्साह देखी गई। शहर के विभिन्न मुहल्लों व घरों में भगवान भुवन भाष्कर छठी मईया की उपासना लोगों ने श्रद्धापूर्वक किया। रविवार को पहला अर्ध्य अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को छठव्रतियों ने अर्पित किया। यह पर्व काफी ही महत्वपूर्ण व पवित्र माना जाता है। छठव्रती उपवास रखकर शाम को कोयल नदी, अमानत नदी समेत विभिन्न जलश्रोतों में जाकर स्नान कर भगवान सूर्य को अर्यदान दिया। इसके पूर्व छठ पर्व को लेकर बाजार में पूजन सामग्री खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखी। विभिन्न संगठनों ने छठ घाट को सजाने समेत लाईट का भी व्यवस्था किया है।

# किताबों में भी ढूंढे बाबा साहेब को : विजय रविदास

बाबा साहेब की मनाई गई जयंती, कई कार्यक्रम आयोजित, प्रभात फेरी और शोभा यात्रा भी निकाला गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में डॉ भीमराव अम्वेदकर की 135 वीं जयंती धूमधाम के साथ से मनाई गई। इसके अलावा प्रभात फेरी और शोभा यात्रा भी निकाला गया। शोभा यात्रा मुरमा कला, तोलरा, लालगढ़, पंजरी, सेमरी, ब्रहमोरिया मोड़, भंडार, गुरी, पिपरा सहित कई गांवों के भ्रमण करते हुए बीमोड़ पहुंचा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा समाजसेवी सह वरीय बसपा नेता गोपाल राम व संचालन वार्ड पार्षद नरेंद्र राम गुड्डू ने किया। मौके पर जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर को सिर्फ चित्रों और प्रतिमाओं में नहीं ढूंढे बल्कि उन्हें किताबों में ढूंढें। सिर्फ झंडा और जुलूस में शामिल होने से बाबा साहेब का सपना पूरा नहीं होगा बल्कि पढ लिखकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं। आपकी उच्च शिक्षा ग्रहण करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गोपाल राम ने कहा कि बाबा साहेब के संकल्प को पूरा करने की जिम्मेवारी युवाओं के कंधे पर है। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने लोगों को बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने को कहा। मौके पर सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे, संदेश कुमार, रोहित तिवारी, मणी भूषण पांडेय आदि मौजूद थे।

# टाइगर 8वीं बार बनें रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### रामनवमी पूजा समितियों ने किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम सुआ कौड़िया में उनके आवास पर श्रीरामनवमी पूजा समितियों ने जेनरल अध्यक्ष टाईगर कुमार को माला पहनाकर, बुके प्रदान कर स्वागत किया। मौके पर पूजा समितियों ने टाइगर कुमार को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावे उनके पिता कृपा राम का भी स्वागत किया। मौके पर कौड़िया पूजा समिति अध्यक्ष नंदू सिंह, कौड़िया मंत्री उदेश्वर बैठा, उप सचिव दिनेश गुप्ता , कौड़िया कोषाध्यक्ष अक्षय सिंह व सुआ पूजा समिति के मुख्य संरक्षक उपाध्याय सिंह, महासचिव सुदर्शन ठाकुर, पूजा समिति अध्यक्ष , पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह, सुआ कोषाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा , समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद साव , विजय यादव उपस्थित थे। पूर्व में रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। जिसमें सर्वसम्मति से टाइगर कुमार को जेनरल अध्यक्ष चुना गया। मालूम हो कि टाईगर कुमार को आठवीं बार जेनरल अध्यक्ष बनाया गया है। टाईगर इसके पूर्व मुहर्रम कमिटी के भी जेनरल अध्यक्ष रह चुके हैं। पूजा समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस बार रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। क्षेत्र के हर चौक चौराहे पर रामनवमी का झंडा लगाया गया है। सप्तमी, अष्टमी व नवमी को रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला जायेगा। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालू भाग लेंगे। मौके पर टाइगर कुमार ने कहा कि पूजा समिति द्वारा दिये गये जिम्मेवारी का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे। पूजा आयोजन में किसी तरह की समस्या न हो इसका ख्याल रखा जायेगा।

### सुआ कौड़िया में रामनवमी को चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम सुआ कौड़िया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी की रात भोजपुरी चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मालूम हो कि इस कार्यक्रम में पलामू जिला समेत दूसरे जिले के काफी संख्या में लोग शिरकत करते हैं। बिहार के छपरा जिला के व्यास रौशन राज व प्रद्दूमन परदेसी के बीच गीत संगीत का मुकाबला होगा। पूजा समिति कार्यक्रम की तैयारी में जुट गयी है। जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सीसीटीवी से निगरानी की जायेगी। कार्यक्रम को देखने व सुनने के लिए काफी भीड़ होती है।

# कुंदरी में मनायी गयी भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड के कुंदरी में डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब के 133 वीं जयंती समारोह आयोजित कर मनाई गई। इस जयंती के अवसर पर दलित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, कांग्रेस पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, संतोष कुमार रवि, राहुल कुमार, संजय पासवान, चंदन कुमार, रामशीष कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के बताये गये मार्गों पर चलने का शपथ लिया। मौके पर अशोक पासवान ने कहा कि शोषितों वंचितों के उत्थान एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए बाबा साहेब का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने वंचितों के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया था। हम सभी को उनके बताये गये मार्गों पर चलने की जरूरत है। वहीं मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने गरीबों के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किया है। आज उन्हीं का देन है कि गरीब वंचित लोगों को न्याय मिला है। हमे उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है।

स्पीड न्यूज

## रक्सौल में नेपाली शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरैया ओपी पुलिस ने नेपाली शराब के साथ एक कारोबारी युवक को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकरी हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली कि नेपाल से भारी मात्रा में शराब की खेप ग्रामीण रास्ते से आ रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती दल ने चिन्हित क्षेत्र में जांच अभियान शुरू किया। इस दौरान नयका टोला निवासी शरीफ खान के 19 वर्षीय पुत्र परवेज खान को 150 पीस एंबीशन, 6 पीस हाइलैंडर, 14 बोतल गोल्डन ओके तथा 22 बोतल ब्लैक ओके के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस उक्त धंधेबाज से पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में भेज रही है।

## बाबा साहब की मनायी गई 133वीं जयंती

**रमना।** युवा अम्बेडकर क्लब सिलिदाग-गड़ई के तत्वावाान में भारत रत्न भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 133वां जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मिशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूसरे प्रखंड से आये कलाकारों नें मिशन गीत से समा बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत बौद्धिक मन्त्रोंचार और सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ताहिर अंसारी व मानवाधिकार गढ़वा जिलाध्यक्ष अजय यादव ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर सहायक अयापक दिलीप कुमार, अजय चंद्रवंशी, बुल्का मुखिया अनीता देवी, वर्तमान विधायक प्रतिनिधि रुपनारायण यादव, शिवकुमार सिंह कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे।

## अंबेडकर जयंती पर डीसी ने बाबासाहेब को किया नमन

**गढ़वा।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने समाहरणालय के सभागार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने एवं संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया।

## झारखंड कुर्मी महासभा की बैठक संपन्न

**गढ़वा।** शहर के दीपुवा मुहल्ला पटेल नगर स्थित जेपीएस सेंट्रल पब्लिक स्कूल में रविवार को झारखंड कुर्मी महासभा के गढ़वा जिलाध्यक्ष डॉ. ज्वाला प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात जिले में कुर्मी समाज को एकजुट कर जोड़ने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने को लेकर चर्चा किया। साथ ही सभी को अध्यक्ष ने समाज को जोड़ने और आगे बढ़ने को लेकर शपथ दिलाया। जिला महासचिव गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि आज हमारा समाज आर्थिक तथा राजनितिक रूप से काफी कमजोर है। हम सब को आज के राजनीतिक हालत पर भी ध्यान देना जरूरी है।

## भवनाथपुर में मनायी गई डॉ अंबेडकर की जयंती

**भवनाथपुर।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर अंबेडकर युवा परिषद मकरी के तत्वावधान में प्रखंड में भव्य रैली निकाली गई। यह रैली मकरी पंचायत से रवाना हुई, जो खरौधी मोड़, बाजार, कर्पूरी चौक, रेलवे साइडिंग, टाउनशिप अंबेडकर पार्क होते प्रखंड कार्यालय होते मकरी पंचायत भवन में समाप्त हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। वहीं युवा हाथों में नीले झंडे लेकर बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान टाउनशिप अंबेडकर पार्क में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

# जो लोग खुद ही बेल पर हों, वह क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे : राजनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बिहार के जमुई और बांका में जनसभा को संबोधित किया। इन दोनों लोकसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग खुद ही बेल पर हों, वह क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे? उन्होंने कहा कि राजद का अहंकार इस हद तक बढ़ गया है कि कहते हैं हमारी सरकार बनेगी तो पीएम मोदी को जेल में डाल देंगे। किसने मां का दूध पिया है जो मोदी जी को जेल में डालेगा। जमुई लोकसभा क्षेत्र के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में आयोजित जनसभा में राजग से चिराग रामविलास की पार्टी के उम्मीदवार अरुण भारती के पक्ष में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि चिराग पासवान एनडीए की पिच के रन हिटर हैं। जितने रन बनाने की जरूरत होगी, उतनी रन बनाने की क्षमता चिराग पासवान रखते हैं। आज मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि रामविलास पासवान जी का जो सपना था, उसे वे निश्चित रूप से साकार करेंगे। जमुई में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजनाथ सिंह बांका के लिए रवाना हो गये। बांका के शंभुगंज स्थित हाई स्कूल मैदान में दोपहर 2.30 बजे उन्होंने दूसरी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। दूसरे चरण में निर्धारित बांका लोकसभा सीट से एनडीए ने जदयू के गिरधारी यादव को उम्मीदवार बनाया है। तेजस्वी यादव के हेलीकॉप्टर में मछली खाने पर कहा कि आपको कुछ भी खाना हो, खाओ लेकिन दिखाने की क्या जरूरत है ? मैं लालू यादव से कहूंगा कि ऐसे लोगों को संभालिए। रक्षा मंत्री बांका में जनसभा को संबोधित करने के बाद देवघर होते हुए वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## बंजरिया प्रखंड के 11 मतदान केन्द्र अति संवेदनशील

**पूर्वी चंपारण।** जिले पश्चिम चंपार लोकसभा में पड़ने वाले नरकटिया विधानसभा के बंजरिया प्रखंड में आगामी 25 मई को 1 लाख 23 हजार मतदाता मतदान करेंगे। इसको लेकर जिला व प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर पर सभी तैयारी पूरी की जा रही है। सको लेकर लगातार अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का सत्यापन व निरीक्षण किया जा रहा है। विशेषकर त्रिवाह क्षेत्र के सिकरहना सहित नेपाली नदियों के किनारे बसे उन गांवों का निरीक्षण कर मतदान केंद्र तक पहुंचने में आने वाली दिक्कतों की जानकारी जुटायी जा रही है। साथ ही मार्गों में आनेवाली बाधाओं को दूर करने को लेकर पथ निर्माण विभाग को भी निर्देश जारी किया गया है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्ध सैनिक बल के ठहराव की व्यवस्था की जा रही है।

## मोदी के मिशन 400 पार को सफल बनायें, एनडीए प्रत्याशियों को जितायें: दूबे

**एजेंसी**

**पश्चिम चंपारण(बगहा)।** बगहा एक प्रखंड क्षेत्र के कोट माई स्थान में रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में एनडीए कार्यकर्ताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर एनडीए की जीत दर्ज करने को लेकर एक साथ हामी भरी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दूबे ने वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के प्रत्याशी सांसद सुनील कुमार को पुनः भारी मतों से विजयी बनाने की अपील कार्यकर्ताओं से की।



उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन 2024 लक्ष्य 400 पार को सफल बनाने के लिए सांसद सुनील कुमार को पुनः भारी मतों से विजयी बनाने की अपील उपस्थित कार्यकर्ताओं से की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने की और संचालन जदयू के जिलाध्यक्ष भीष्म साहनी ने किया। कार्यक्रम मे वाल्मीकिनगर लोकसभा सांसद प्रत्याशी सुनील कुमार, बगहा विधायक राम सिंह, एमएलसी भीष्म सहनी, जदयू नेता राकेश सिंह समेत दर्जनों की संख्या में लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।सभी ने बाल्मीकि नगर लोकसभा सीट से सांसद सुनील कुमार को जिताने की बात कार्यक्रम में कहीं।

## भाजपा के संकल्प पत्र में सिर्फ इधर-उधर की बातें: तेजस्वी

**पटना।** रविवार को जारी भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि घोषणा पत्र में किसी के लिए कुछ नहीं है। मेनिफेस्टों में सिर्फ इधर-उधर की बातें कही गयी गयी हैं। **बिहार के लिए कुछ नहीं :** श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें बिहार के लिए कुछ भी नहीं है। न स्पेशल पैकेज का जिक्र है और ना ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात कही गयी है। बिहार और उसकी तरह जो गरीब प्रदेश हैं भाजपा उन्हें कैसे आगे बढ़ाएगी, इसके बारे में भी कोई जिक्र उनके घोषणा पत्र में नहीं है। केवल हवा-हवाई बातें कही गयी हैं। बिहार के लिए कुछ नहीं है। **युवाओं और किसानों का जिक्र नहीं :** तेजस्वी ने कहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में किसान और युवाओं के लिए क्या करेंगे, इसका तो कई जिक्र ही नहीं किया गया है। बताइये युवाओं का कोई जिक्र नहीं किया गया है। देश में 60 फीसदी युवा हैं, लेकिन उनके लिए भाजपा के घोषणा पत्र में कुछ नहीं है। कितने लोगों को नौकरी देंगी, इसकी चर्चा नहीं की गयी है। उसी तरह से देश में 80 फीसदी किसान हैं और किसानों के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है। महंगाई और गरीबी को कैसे खत्म करेंगे, इसकी कहीं चर्चा नहीं है। **गरीबों को मुफ्त राशन कांग्रेस की योजना :** तेजस्वी ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 सालों में क्या-क्या किया यह सबको पता है। केवल स्कीम का नाम बदल देना है और बिहार जैसे राज्यों पर भार डाल देना है।

खबर एक नजर में

## काराकाट में फंस गये उपेंद्र कुशवाहा भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने बढ़ा दी मुश्किलें

**पटना।** एनडीए की तरफ से उपेंद्र कुशवाहा को विहार की काराकाट लोकसभा सीट से टिकट दिया गया है। कोईरी और कुर्मी जाति बाहुल्य लोकसभा सीट से उपेंद्र कुशवाहा दूसरी बार भाग्य आजमा रहे हैं। उधर जब से भोजपुरी स्टार और सिंगर पवन सिंह ने काराकाट से चुनाव लड़ने का एलान किया है, तब से उपेंद्र कुशवाहा की चिन्ताएं और भी बढ़ गयी हैं। यदि पवन सिंह लड़ जाते हैं, तो उपेंद्र की मुसीबत काफी बढ़ जायेगी। महागठबंधन की तरफ से यह सीट सीपीआईएमएल के खाते में आयी है। सीपीआईएमएल ने राजा राम सिंह कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है। जिन जाति के वोटरों को लेकर उपेंद्र कुशवाहा अपनी जीत पक्की मान कर चल रहे थे, उसी जाति के एक अन्य प्रत्याशी के आ जाने से इनकी परेशानी बढ़ सकती है। काराकाट में चुनाव एक जून को होना है। अभी चुनाव में बहुत वक्त है, लेकिन पवन सिंह अगर चुनाव मैदान में आ जाते हैं तो क्या होगा वहां का समीकरण। उपेंद्र कुशवाहा के साथ कौन सा खेला होने वाला है ! आगे बढ़ने से पहले यहाँ बता दें कि काराकाट लोकसभा सीट पर अब तक सिर्फ कुशवाहा बिरादरी के उम्मीदवार ही जीतते रहे हैं। यहां पहला चुनाव 2009 में हुआ था,जिसमें जदयू प्रत्याशी महाबली कुशवाहा की जीत हुई थी। 2014 में एनडीए की तरफ से राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा चुनाव जीते थे। जबकि 2019 में एक बार फिर जदयू से महाबली कुशवाहा चुनाव जीते थे। इस बार एनडीए की तरफ से उपेंद्र कुशवाहा चुनाव मैदान में हैं। जबकि राजा राम सिंह कुशवाहा सीपीआईएमएल की तरफ से मजबूती से डटे हुए हैं। अब चर्चा है कि पवन सिंह ने चुनाव लड़ने का एलान क्यों किया है। पवन सिंह को भाजपाने वेस्ट बंगाल की आसनसोल सीट से टिकट दिया था, लेकिन पवन सिंह ने वहां से चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। उसी सीट से बिहारी बाबू यानी शत्रुध्न सिन्हा टीएमसी की तरफ से चुनाव मैदान में हैं। पवन सिंह ने बिहार की आरा लोकसभा सीट से टिकट माँगा था, लेकिन भाजपा ने उनको वहां से टिकट ना देकर आरा से केंद्रीय मंत्री आर के सिंह को टिकट दे दिया। पवन सिंह ने बहुत पहले एक्स पर एक पोस्ट डाल कर यह कह दिया था कि उन्होंने धरती माता से वादा किया है कि इस बार चुनाव जरूर लड़ेंगे। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि पवन सिंह शायद अब पीछे नहीं हटने वाले हैं। खैर अब सवाल यह है कि अगर पवन सिंह काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ जाते हैं तो क्या हो सकता है। अब सबसे अहम बात यह है कि क्या उपेंद्र कुशवाहा की राजनीति अब खतम होने जा रही है। क्या वो यहां इस बार फंस गए हैं। क्या इस चुनाव के बाद उपेंद्र कुशवाहा आने वाले समय में चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। भाजपा को अच्छी तरह से पता है कि अगर पवन सिंह चुनाव जीत जाते हैं तो वो निश्चित तौर पर भाजपा के समर्थन में आ जायेंगे। ऐसे में आशंका यही है कि अंदर खाने कहीं उपेंद्र कुशवाहा को ठिकाने लगाने की तयारी तो नहीं कर ली गई है। क्योंकि उपेंद्र कुशवाहा पहले कई बार बीजीपी और नीतीश कुमार का विरोध कर चुके हैं।

## बाबा साहेब की जयंती पर किया माल्यार्पन

**सहरसा।** संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 133वीं जयंती समारोह पर अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के तत्वावधान में अम्बेडकर चौक स्थित आयुक्त कार्यालय के सामने अवस्थित प्रतिमा पर डीएम ने माल्यार्पन किया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार झा एवं कार्यक्रम के आयोजक अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति कर्मचारी संघ जिला इकाई सहरसा द्वारा माल्यार्पन। वही कर्मचारी संघ, छात्रावास के विद्यार्थी एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने बाबा साहेब के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर संविधान की रक्षा एवं अक्षुण्ण रखने के लिए संकल्प जताया।

## मोतिहारी में हथियार सहित दो अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है।जिला पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कारवाई एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में हुई। पुलिस को सूचना मिली कि डुमरियाघाट के बनपरूआ से दो अपराधी मोटरसाईकिल पर केसरिया थाना क्षेत्र के सागरचुरामन गांव में किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में आ रहे है।

## डीआईजी विकास ने पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अररिया।** पूर्णिया रेंज के डीआईजी विकास कुमार ने फारबिसगंज में 16 अप्रैल को निकलने वाले रामनवमी रथयात्रा जुलूस में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मौके पर एसपी अमित रंजन और एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के साथ थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।डीआईजी विकास कुमार ने पुलिस अधिकारियों से रामनवमी रथयात्रा को लेकर की गई तैयारी का फीडबैक लेते हुए समीक्षा भी की और मौके पर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर जानकर देते हुए पूर्णिया रेंज के डीआईजी विकास कुमार ने बताया कि रामनवमी को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु बैठक कर समीक्षा की गई है। जिला प्रशासन और अनुमंडल प्रशासन की ओर से की गई तैयारी का जायजा लिया गया।जिला और अनुमंडल प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने लोगों से भी अपील की कि भाई-चारा और सद्भावना के साथ जुलूस निकाले।जुलूस के कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने रामनवमी रथयात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने का दावा किया।एक सवाल के जवाब में डीआईजी ने बताया कि चुनाव का समय है और वीआईपी का चुनावी दौरा हो सकता है।जिसकी संभावना को लेकर सभा स्थल का जिला प्रशासन के द्वारा जायजा लिया जा रहा है। सभा स्थल को लेकर विभिन्न मैदानों का अवलोकन किया जा रहा है।

## भाजपा का घोषणा पत्र विकसित भारत का संकल्प पत्रः गिरिराज सिंह

**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भाजपा के घोषणा पत्र सह संकल्प पत्र को विकसित भारत का संकल्प पत्र बताया है। गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों को ध्यान में रखकर यह संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा के इस संकल्प पत्र को युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान को ध्यान में रख कर बनाया गया है।

## सरिसवा नदी के प्रदूषण को लेकर लोगो ने जतायी नाराजगी



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले में नेपाल की सीमा से सटे रक्सौल शहर में बहने वाली नेपाली सरिसवा नदी के प्रदूषण को लेकर लोगों ने नाराजगी जतायी है। रविवार को शहर छठिया घाट मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की एक बैठक वार्ड पार्षद कुंदन सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरिसवा नदी के प्रदूषित जल को लेकर कई चर्चा कर नाराजगी जतायी गयी। वार्ड पार्षद कुंदन सिंह ने बताया कि बीते दस माह पहले सरिसवा नदी के प्रदूषण की समाप्ति को लेकर नेपाल के पर्यावरण संरक्षक सुनील यादव के द्वारा सरिसवा नदी का प्रदूषित जल लेकर रक्सौल से काठमांडू तक का पैदल यात्रा निकाली गयी थी। मंत्रियों के आश्वासन के बाद भी करीब दस माह बीत गए लेकिन सरिसवा नदी का प्रदूषण खत्म नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि छठिया घाट पर शहर के दर्जनों वार्डों से महिलाएं छठ करने आती है। लेकिन नदी का जल प्रदूषित होने के कारण लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जिसको देखते हुए आज छठ व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए अलग से एक गड्ढा बनाकर स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गयी है,जो दुखद है। यदि सरिसवा नदी का जल स्वच्छ रहता तो यहां आसानी से छठ पर्व होता। वही नेपाल के सुनील यादव ने कहा कि मेरे द्वारा सरिसवा नदी की प्रदूषित जल को लेकर काठमांडू तक 12 दिन का पैदल कांवर यात्रा किया गया था। मंत्री के आश्वासन के बाद भी अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि यदि सरिसवा नदी का जल प्रदूषण मुक्त नहीं होगा तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू राम, बृजकिशोर गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

**सरिसवा नदी की प्रदूषित जल को लेकर काठमांडू तक 12 दिन का पैदल कांवर यात्रा किया गया**

## पेज एक का शेष

### जिनको किसी ने ...

**विकसित भारत के चार स्तंभ :** पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया है। संकल्प पत्र जारी होने के बाद श्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। भाजपा ने एक बार फिर अपने घोषणापत्र की ईमानदारी का प्रदर्शन किया है। हमारा संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों - युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नये अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नयी भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ़्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जायें। वहीं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी। राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे इस बात का हर्ष और संतोष है कि मोदी जी के नेतृत्व में हमने देशवासियों से किया गया हर वादा पूरा किया है।

### झारखंड की चार ...

घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसंपर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। साथ ही नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रचार सोशल मीडिया पर हो रहा है। **न्याय उलगुलान महारैली :** इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान 21 अप्रैल से विधिवत शुरू हो जायेगा। इस दिन रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो ने न्याय उलगुलान रैली का आयोजन किया है। रैली में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे. दीपांकर भट्टाचार्य, पंजाब के सीएम भगवंत मान, बिहार से तेजस्वी यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा होगा। उसी दिन से इंडिया गठबंधन का प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। वह लगातार बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी ले रही हैं।

### झारखंड में बनेगा...

समिति में सदस्य सचिव के पद पर अतुल कुमार को शामिल किया गया है। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। राज्य सरकार किराया संबंधित विवादों के त्वरित निपटारे के लिए दूसरे राज्यों के प्रावधानों का भी अध्ययन कर रही है।

**डीसी से वापस लिये जायेंगे अधिकार :** किराये से संबंधित विवादों, शिकायतों एवं अपराधों के निपटारे और न्याय निर्णय की शक्ति जिलों के डीसी से वापस लेने का प्रस्ताव भी है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि झारखंड में पंजाब, हरियाणा और छत्तीसगढ़ के प्रावधानों की तरह अपीलीय प्राधिकार के रूप में झारखंड भवन पप्ता, किराया एवं निष्कासन, नियंत्रण अधिनियम 2011 या संशोधित को लागू किया जाएगा। राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने भी इस संबंध में सलाह दी है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद विधेयकके प्रारूप को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी स्वीकृति कैबिनेट से लेकर विधानसभा से भी ली जाएगी।

## डीसी ने की समीक्षा बैठक



बैठक करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गर्मी मौसम के मद्देनज़र संभावित पेयजल संकट से निपटने एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों पर एमएफ सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर रविवार को समाहरणालय गढ़वा के कन्फ्रेंस हल में डीसी शेखर जमुआर ने समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में सर्वप्रथम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, सोशल मोबलाइजर तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिले के सभी प्रखंडों में गर्मी के मौसम को देखते हुए चापाकलों, जलमीनारों एवं पेयजल के अन्य स्त्रोतों की समुचित व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निर्देशित किया गया।

साथ ही लोकसभा आम चुनाव के तहत जिले में बनाए गए मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की सुविधा को लेकर भी समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित सभी अभियंताओं ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर एएमएफ के तहत बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है। कुछ मतदान केंद्रों पर रनिंग वाटर में समस्याएं आ रही है, जिन्हें ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा।

## पुराने जाम भव का नवनिर्माण नहीं होने से किसानों में रोष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के गड़गड़वा बांध वर्षो से उपेक्षा का दंश झेल रहा। सिलीदाग-झुरहा मोड़-बुल्का मुख्य सड़क का लम्बे इंतजार के बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना के माध्यम से गत वर्ष से ही निर्माण कार्य कछुए की गति से चल रही है। लेकिन इस सड़क के पुल-पुलिया निर्माण में कछुए जैसे मजबूती नहीं दिख रही। गड़गड़वा बांध में बढ़का भव का मरम्मती कार्य सलोनी शशांक जेभि के द्वारा किया जा रहा है। गत वर्षो से ही यह भव जाम है जिससे पानी निकासी नहीं होता, इस भव के नव निर्माण नहीं होने से पानी निकासी नहीं होगा और इससे तीन पंचायत के किसानों की सिंचाई सिंचित प्रभावित होगा। गड़गडवा बांध में बना भव जाम हो गया है। भव का नव निर्माण नहीं होने से किसानों में असंतोष है। इस संबंध में किसान अशोक चंद्रवंशी ने कहा कि इस भव के जाम होने से धान फसल की पटवन और सिंचाई सही तरीके से नहीं हो पाता है। पैदावार प्रभावित होता है। यदि अभी ही इसका समाधान नहीं किया गया तो सड़क नव निर्माण हो जाने से अगले पांच वर्षो तक धान सिंचाई प्रभावित रहेगा, क्योंकि सिंचाई के लिए पानी ही प्राप्त नहीं हो पायेगा। किसान राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि ज़ब सड़क के जितने भी भव पहले से है उन सभी का नव निर्माण हुआ है तो इस भव का रंगरोगन कर संवेदक द्वारा सरकारी खजाना को लुटा जा रहा है। यदी इस जाम भव को अभी साफ नहीं किया गया तो धान फसल की सिंचाई करने में हमलोगों को बहुत कठिनाई होगी। प्रभात सिंह कुशवाहा, राजू कुमार ने कहा कि बढ़का भव गत वर्ष पहले ही अंदर से जाम हो गया। जिससे बरसात का पानी सिंचाई के लिए किसानों को नहीं मिल पाता है और किसान को खरीफ़ फसल की सिंचाई में बहुत दिक्क़त होती है। इस भव के पानी से सिलीदाग, बाबुडीह और भागोडीह पंचायत के किसानों की खेत की सिंचाई होती है। इस संबंध में संवेदक ने कहा कि इस पुल के लिए नवनिर्माण का योजना नहीं है। केवल टूट फुट को मरम्मती कर ठीक कर देना है, इसके लिए 12-14 हजार का ही एस्टीमिट बनता है।



राजेश गुप्ता

